

- अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह - 12




- एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां - 12



- भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर - 13



- भारतीय महिला टीम ने टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया- 14


आज का मौसम | 26.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.53 | सूर्यास्त 06.05

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 05:34 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

सोमवार, 16 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 320, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




पाकिस्तानी खिलाड़ी को आउट करने के बाद जश्न मनाते हार्दिक पंड्या और ईशान किशन। •एजेंसी

# कोलंबो में भारत का कमाल

## पाकिस्तान को टी-20 विश्वकप में 61 रनों से हराया, सुपर 8 में पहुंचा

- सूर्य की सेना ने कोलंबो में लगाई पाकिस्तान की 'लंका'
- विश्व कप में पड़ोसी देश पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की

कोलंबो, एजेंसी

| भारत | पाकिस्तान |
|---|---|
| 175/7 | 114/10 |

भारत ने टी-20 विश्वकप के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया। इशान किशन (77), सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप 27वें मुकाबले में 12 गेंदें शेष रहते पाकिस्तान 61 रनों से रौंद कर सुपर आठ में जगह बना ली।

भारत ने इस जीत के साथ विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को भारत की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह की पेस जोड़ी ने झकझोर दिया। हार्दिक ने पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान (शून्य) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सैम अयूब (छह) और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान आगा सलमान (चार) का शिकार कर लिया। पांचवें ओवर में अक्षर पटेल ने बाबर आजम (पांच) को चलता कर दिया। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पार हार्दिक पंड्या ने उस्मान (शून्य) को बोल्ड कर 114 के स्कोर पर पाकिस्तान को समेट दिया।




### पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार

कोलंबो : भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने यहां टी20 विश्व कप मैच के टॉस के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्ष सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया और और पिछले साल दुबई में एशिया कप के बाद से चली आ रही नीति पर कायम रहे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया हाथ नहीं मिलाने की नीति जारी रहेगी। मैच खत्म होने के बाद भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच भी हाथ नहीं मिलाया जाएगा।

(विस्तृत खेल पेज पर)

## ब्रीफ न्यूज

### डोडा में हिमस्खलन भद्रवाह-पठानकोट सड़क अवरुद्ध

भद्रवाह/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में रविवार को हिमस्खलन के कारण भद्रवाह-पठानकोट अंतरराज्यीय सड़क अवरुद्ध हो गई, जिसके कारण कई वाहन फंस गये। भद्रवाह के पुलिस अधीक्षक विनोद शर्मा ने बताया कि हिमस्खलन भद्रवाह कस्बे से लगभग 18 किलोमीटर दूर थंथेरा और गुलदांडा के बीच शाम लगभग पांच बजे हुआ। गुलदांडा जम्मू क्षेत्र का एक प्रसिद्ध शीतकालीन पर्यटन स्थल है और हिमस्खलन होने के समय पर्यटकों को ले जा रहे 250 से अधिक वाहन उस क्षेत्र से गुजर रहे थे।

### सरसंघचालक मोहन भागवत का लखनऊ दौरा 17-18 को

लखनऊ। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठन के विभिन्न निर्धारित कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे और कार्यकर्ताओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद करेंगे। प्रवास के दौरान डॉ. मोहन भागवत कुटुम्ब मिलन कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें संघ परिवार से जुड़े स्वयंसेवकों एवं उनके परिवारों के साथ संवाद करेंगे। इसके अतिरिक्त वे सामाजिक सद्भाव बैठक में भी शामिल होंगे, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ समरसता और सामाजिक एकता पर चर्चा होगी।

# रक्षा क्षेत्र में सुधारों का लाभ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखने को मिला : मोदी

## विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री बोले- मौजूदा हालात के हिसाब से रक्षा क्षेत्र को बनाएंगे आधुनिक

- रक्षा बलों को मजबूत करने के लिए सरकार को जो भी करना होगा, करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष साक्षात्कार में कही। साथ ही कहा कि विश्व में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे देश के रूप में, भारत का यह कर्तव्य है कि वह वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप अपने रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करे।

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित 7.85 लाख करोड़ रुपये का हवाला देते हुए कहा कि यह आवंटन पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही सरकार का रुख स्पष्ट रहा है कि वह देश के रक्षा बलों का समर्थन करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को भारतीय नवाचार और उद्योग के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों से लैस होना चाहिए, क्योंकि प्रौद्योगिकी दुनिया को नया आकार दे रही है और राजग सरकार पिछले 11 वर्षों से इस क्षेत्र में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर काम कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए साहस पर पूरा देश गर्व महसूस करता है। उन्होंने लिखित साक्षात्कार में कहा, ऑपरेशन के दौरान, पिछले दशक में हमने जो सुधार किए हैं, उनके लाभ स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। इसलिए, रक्षा बजट, आधुनिकीकरण आदि, ये सभी हमारे निरंतर प्रयासों के हिस्से हैं और इन्हें किसी विशेष मुद्दे से जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री से पूछा गया कि क्या रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक बजटीय आवंटन 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिली सीख का हिस्सा है, और क्या यह भारत के पड़ोसियों, जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है, पर निरंतर अविश्वास का संकेत भी देता है।



### मोदी बोले- बजट अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री कहा कि इस साल का बजट मजबूरी के कारण पैदा हुआ अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं था, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा हम तैयार हैं वाला क्षण था। यह बजट एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की प्रबल इच्छा को रेखांकित करता है। उनकी सरकार का कोई भी बजट सामान्य बही खाता दस्तावेज तैयार करने की मानसिकता से नहीं बनाया गया, क्योंकि यह हमारा दृष्टिकोण नहीं है। हमारे पास एक युवा और कुशल आबादी है, और हम कम मुद्रास्फीति और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ मजबूत विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे युवा अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। यह बजट 2014 से अब तक हासिल की गई उपलब्धियों को मजबूती प्रदान करता है और उनकी बुनियाद पर अगले 25 वर्षों के लिए गति मुहैया कराता है। जैसे ह 1920 के दशक में लिए गए फैसलों और पहलों ने 1947 में आजादी की नींव रखी, उसी प्रकार अब हम जो निर्णय ले रहे हैं, वे 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल हो।

### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी और सरकार द्वारा उठाए गए कदम उन्हें सशक्त बनाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में यह गर्व का विषय रहा है कि भारतीय महिलाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा, चाहे अंतरिक्ष हो या स्टार्टअप, वे बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का कल्याण उनकी सरकार के हर फैसले का मार्गदर्शन करता है और प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए 'स्टेम' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) छात्रावास स्थापित करने की नयी पहल से महिलाओं में शिक्षा और नवाचार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

# महाशिवरात्रि पर संगम स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु



गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में रुद्राभिषेक करते सीएम योगी।

- माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व पर 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी
- मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर और शासन ने लखनऊ कंट्रोल रूम से रखी पल-पल की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व के साथ ही प्रयागराज में आयोजित माघ मेला-2026 का भव्य समापन हो गया। रविवार को 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। हर-हर, बम-बम के साथ गंगा-यमुना-सरस्वती के जयकारे सुबह से शाम तक गूंजते रहे।

इस दौरान शासन-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित कंट्रोल रूम से पूरे आयोजन की निगरानी की, जबकि शासन स्तर पर लखनऊ कंट्रोल रूम से अधिकारियों द्वारा लगातार अपडेट लिया जाता रहा। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन में किसी भी स्तर पर चूक न हो। 44 दिनों तक चले माघ मेले में प्रशासन ने 'दिव्य, भव्य, सुगम और सुरक्षित' आयोजन का जो संकल्प लिया था, वह अंतिम स्नान पर्व तक सफलतापूर्वक पूरा होता दिखा।

### माघ मेले में बना कीर्तिमान

माघ मेला-2026 ने आस्था और सनातन परंपरा का नया कीर्तिमान स्थापित किया। 44 दिनों तक चले इस महाआयोजन में 22 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान कर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। कल्पवासियों, संत-महात्माओं, नागा साधुओं और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने मेले को वैश्विक पहचान दिलाई।

### धार्मिक स्थलों पर उमड़े भक्त

महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रयागराज के साथ-साथ वाराणसी, अयोध्या, मथुरा सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजते रहे।

# कल शपथ लेंगे तारिक रहमान, ओम बिरला करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के लिए तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पता चला है कि बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ढाका में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भारत सरकार की ओर से तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। रहमान की अगुवाई में बीएनपी को बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत मिली है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस महत्वपूर्ण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष का शामिल होना भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी मित्रता को दर्शाता।



- बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजा आमंत्रण

# सफेदपोश आतंकियों ने बनाया था 'अंसार इंटेरिम' संगठन

नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी

### दिल्ली विस्फोट

- गिरफ्तार किए गए चिकित्सक 2016 से ही कट्टरपंथी बन चुके थे

जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा हाल ही में सफेदपोश आतंकवादी गिरोह का पर्दाफाश किए जाने के बाद संकेत मिला है कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए चिकित्सक 2016 से ही कट्टरपंथी बन चुके थे और उन्होंने आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए 'अंसार इंटेरिम' नामक एक नया आतंकवादी संगठन बनाया था। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच अब एनआईए कर रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि 10 नवंबर को लाल किले के बाहर धमाके में इस्तेमाल की गई विस्फोटकों से लदी कार चलाने वाला डॉ. उमर-उन-नबी वर्ष 2016 और 2018 में आतंकी संगठनों में शामिल होने की कोशिश कर चुका था।


# भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के मामले में संभल की पूरी एसओजी टीम निलंबित

- एसपी ने एक दरोगा, दो हेड कांस्टेबल व पांच सिपाहियों पर की कार्रवाई

संभल। भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की गंभीर शिकायतें सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने संभल की पूरी एसओजी टीम को निलंबित कर दिया है। जिन पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है उनमें एक दरोगा, दो हेड कांस्टेबल व पांच सिपाही शामिल हैं।

एसपी को एसओजी टीम से जुड़ी दो गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। पहली शिकायत के अनुसार 2 फरवरी की रात एसओजी टीम ने ई-कचरा ले जा रहे मुरादाबाद के बिलारी कस्बा निवासी आस मोहम्मद को पकड़ा था। उसे चौधरी सराय पुलिस चौकी लाया गया, जहां कथित तौर पर उससे रुपये लेकर छोड़ दिया गया। उसके पास से बरामद ई-कचरा भी एसओजी टीम ने अपने पास रख लिया। दूसरी शिकायत में बताया गया कि एसओजी टीम को एक युवक और युवती का कथित अश्लील वीडियो किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया था। इसके आधार पर टीम ने दो युवकों को हिरासत में लिया। कोई कार्रवाई किए बिना रिश्वत लेकर छोड़ दिया गया। दोनों मामलों की जांच पुलिस अधीक्षक स्तर से कराई गई, जिसमें आरोपों में प्रथम दृष्टया सत्यता पाई गई। इसके बाद एसपी ने एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक मोहित कुमार, हेड कांस्टेबल अरशद और कुलवंत सिंह तथा सिपाही अजनबी, विवेक कुमार, बृजेश तोमर, आयुष और हीरेश ठेनुआ को निलंबित कर दिया। एसओजी की नई टीम के गठन की प्रक्रिया को शुरु कर दिया गया है।

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा




### 22 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदारनाथ धाम के कपाट

रुद्रप्रयाग। उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट इस चारधाम यात्रा वर्ष में 22 अप्रैल को वृष लग्न में प्रात: 8 बजे दर्शनार्थ खोले जाएंगे। बता दें कि इस यात्रा वर्ष 23 अप्रैल को भगवान बदरीनाथ धाम के कपाट ब्रह्ममुहूर्त में सुबह 6:15 बजे खोले जाएंगे। वहीं, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर खुलेंगे। रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर केदारनाथ रावल रावल भीमाशंकर लिंग, धर्माचार्यों, वेदपाठियों एवं पंचगाई हकहकूकधारियों की मौजूदगी में परंपरानुसार शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के पश्चात कपाटोद्घाटन की तिथि घोषित हुई।

## प्रौद्योगिकी

प्रधानमंत्री मोदी करेंगे एआई समिट का उद्घाटन, एक्सपो में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के होंगे मंडप

# इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो आज से, जुटेंगे दिग्गज देश

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। यह आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के साथ किया जाएगा। यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा, जहां नीति व्यवहार से मिलेगी, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आम नागरिक तक पहुंचेगी। समिट में दुनिया भर से दिग्गज जुटेंगे।




प्रधानमंत्री मोदी 16 फरवरी को शाम पांच बजे भारत मंडपम में एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सपो 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में आयोजित होगा, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा। इस एक्सपो में एआई तंत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के मंडप भी होंगे। इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं। इस एक्सपो में 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन होंगे जिन्हें तीन मुख्य विषयों - लोग, ग्रह और उन्नति - के आधार पर तैयार किया गया है। इसके अलावा एक्सपो में 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप शामिल होंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और जनसंख्या-स्तरीय समाधान कर रहे हैं।

ये स्टार्टअप ऐसे उपयुक्त समाधानों का प्रदर्शन करेंगे, जो पहले से ही वास्तविक दुनिया में उपयोग में हैं। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित 25 लाख से अधिक आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है।

### 500 से अधिक सत्रों में 3,250 से अधिक दूरदर्शी वक्ता होंगे शामिल

इसमें 500 से अधिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 3,250 से अधिक दूरदर्शी वक्ता और परिचर्चा सदस्य शामिल होंगे। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार करना और यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य की कार्रवाइयों पर विचार-विमर्श करना होगा कि एआई से प्रत्येक वैश्विक नागरिक को लाभ मिले।

अमृत विचार
मुरादाबाद, सोमवार, 16 फरवरी 2026
मुरादाबाद मंडल

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने दो लोगों को तमंचे के साथ पकड़ा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पुलिस ने दो लोगों को तमंचे व कारतूस के साथ पकड़ लिया। बागड़पुर अंडरपास के आगे लोधीपुर की ओर सर्विस रोड से निर्माणरत प्लाटिंग की साइट को जाने वाले कच्चे रास्ते पर दो लोग जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक के पास से एक तमंचा 315 बोर और दो कारतूस एवं दूसरे के पास से तीन जिंदा कारतूस मिले। उन्होंने अपना नाम देवांश चौधरी पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी गांव छेतरामपुर थाना कांठ, सौरव पुत्र उमराव सिंह निवासी ग्राम नजराना थाना छजलैट बताया। उन्हें जेल भेज दिया गया।

### बाइक की टक्कर से छात्र की मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** हाई स्कूल के छात्र को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। कुंदरकी के गांव इमरतपुर का निवासी हाईस्कूल का छात्र शिवा पुत्र तोताराम शनिवार को पाकबड़ा की ओर परीक्षा सेंटर देखने के लिए आ रहा था। उमरी गांव के सामने तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों एवं पुलिस ने टीएमयू में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान रविवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जमीन के विवाद में घर में घुसकर मारपीट

**सैदनगली, अमृत विचार :** मौहल्ला मनिहारान निवासी जमील अहमद ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे उनका भतीजा सरफराज घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी पड़ोस के ही कय्यूम, फहीम, आशकार और बिलाल पुत्रगण शफीक अहमद ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने सरफराज को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जान बचाने के लिए पीड़ित घर में घुसा तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की, जिससे सरफराज के कंधे और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। मारपीट की लाइव वीडियो पीड़ित की पुत्री ने मोबाइल में कैद कर ली।

# तीन दोस्तों पर डिलीवरी कंपनी कर्मचारी की हत्या का आरोप

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** चंदौसी क्षेत्र में ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी के टीम लीडर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में मृतक के परिजनों ने तीन दोस्तों के विरुद्ध तहरीर दी है।

चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मंडी चौक का है। मृतक की पहचान मोनू ठाकुर (30) पुत्र धीरज सिंह निवासी मोहल्ला गुलडेहरा रोड के रूप में हुई है। बड़े भाई सोनू सिंह ने रविवार शाम कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सत्येंद्र पुत्र राम सिंह निवासी गांव अमियापुर पचाक, देशराज पुत्र नेमचंद निवासी गांव गुमथल थाना बनियाठेर और कौशल निवासी कस्बा थाना बिलारी पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार 13 फरवरी की सुबह मोनू रोजाना की तरह ड्यूटी पर गए थे। दोपहर को उनकी पत्नी आरती से फोन पर बातचीत हुई थी। रात करीब नौ बजे कंपनी के एक युवक का फोन आया कि मोनू को दौरा पड़ा है और वह ऑफिस के बाहर अचेत पड़े हैं। निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सोनू सिंह का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई को जहर देकर अचेत अवस्था में ऑफिस के बाहर छोड़ दिया गया। तीनों आरोपियों ने षड्यंत्र के तहत हत्या की है। थाना प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पढ़ाई के बीच छोटा ब्रेक लेकर पूरा करें अपना शौक, बढ़ेगी एकाग्रता व आत्मविश्वास

# परीक्षा की तैयारी के बीच हॉबी से पाएं तनाव से राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा का समय विद्यार्थियों के लिए चुनौती और दबाव दोनों लेकर आता है। लंबी पढ़ाई, समय प्रबंधन और बेहतर प्रदर्शन की चिंता कई बार मानसिक तनाव का कारण बन जाती है।

ऐसे में विशेषज्ञ मानते हैं कि पढ़ाई के बीच अपने पसंदीदा शौक (हॉबी) के लिए थोड़ा समय निकालना तनाव कम करने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में बेहद सहायक हो सकता है।

मनोविज्ञान के विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार कई घंटों तक पढ़ाई करने से मस्तिष्क थक जाता है, जिससे एकाग्रता घटने लगती है। यदि छात्र-छात्राएं पढ़ाई के बीच 20 से 30 मिनट का छोटा ब्रेक लेकर संगीत सुनें, चित्रकारी करें, हल्का व्यायाम करें, बागवानी या कोई रचनात्मक कार्य करें तो मानसिक ताजगी बनी रहती है। इससे पढ़ाई में दोबारा बैठने पर ध्यान अधिक केंद्रित होता है और विषयों को समझने की क्षमता भी बढ़ती है।

उनका कहना है कि हॉबी पढ़ाई का विकल्प नहीं, बल्कि एक संतुलित ब्रेक होनी चाहिए। यदि विद्यार्थी समय का सही प्रबंधन करें और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के बाद ही शौक के लिए समय दें, तो यह उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होता है।

### रिलीफ वाल्व का काम करती है हॉबी



मनोविज्ञानी डॉ. कुमार मंगलम सारस्वत का कहना है, बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर अपेक्षाओं का दबाव स्वाभाविक है। ऐसे में हॉबी मानसिक 'रिलीफ वाल्व' का काम करती है। जब छात्र अपने मनपसंद कार्य में थोड़ी देर व्यस्त होते हैं तो मस्तिष्क में सकारात्मक हार्मोन सक्रिय होते हैं, जिससे चिंता और घबराहट कम होती है। यह जरूरी है कि शौक को सीमित समय तक ब्रेक की तरह अपनाया जाए, न कि पढ़ाई से बचने का बहाना बनाया जाए। संतुलित दिनचर्या ही सफलता की कुंजी है।

### खुश मन के साथ करें तैयारी



अंग्रेजी के शिक्षक गोपाल मेहरोत्रा बताते हैं विद्यार्थी पढ़ाई के बीच छोटे-छोटे अंतराल रखें। लगातार पढ़ाई से दिमाग बोझिल हो जाता है, जबकि हॉबी उसे तरोताजा करती है। कविता लिखना, किताब पढ़ना या हल्की वॉक करना मानसिक स्पष्टता बढ़ाता है। जब मन प्रसन्न रहता है तो याद किया हुआ विषय लंबे समय तक स्मरण रहता है। परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य का संतुलित रहना उतना ही आवश्यक है जितना नियमित अध्ययन।

# 12 घंटे तक 25 हजार उपभोक्ताओं के घरों की बिजली रही गुल

## 33 केवी भूमिगत लाइन में फाल्ट के चलते उठानी पड़ी मुसीबत, बिना फाल्ट लोकेटर मशीन के बिजली कर्मी घंटों करते रहे पेट्रोलिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शहर के विवेकानंद 132 केवी विद्युत केंद्र से आ रही 33 केवी भूमिगत लाइन में फाल्ट आने से करीब 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। दौलत बाग, पीली कोठी, और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र से जुड़े लगभग 25 हजार उपभोक्ताओं को बिजली कटौती के चलते पानी के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शनिवार की रात करीब 10 बजे सिविल लाइन के खरे अस्पताल चौराहे और महिला थाना के बीच 33 केवी की भूमिगत लाइन फॉल्ट हो गया। जिसके बाद लगातार एक घंटे बिजली आपूर्ति गुल होने के कारण उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को फोन मिलाना शुरू कर दिया। महाशिवरात्री होने के कारण अधिकांश मंदिरों पर कर गई बिजली के लाइटों के सजावट बंद होने लगी। लगातार बिजली कटौती को लेकर आने वाले फोन से बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। रात 12 बजे बिजली विभाग के अधिकारियों पर जिले प्रशासनिक अधिकारियों के फोन आने शुरू हुए तो बिजली विभाग के अधिकारियों के कान खड़े हो गए जिसके बाद बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की फौज सड़क पर उतरी और फाल्ट को तलाशने में लग गई।




दौलत बाग विद्युत केंद्र में फाल्ट को लेकर चर्चा करते अधीक्षण और अधिशासी अभियंता।



अस्पताल के निकट फाल्ट को सही करते बिजली कर्मचारी।

- प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद बिजली विभाग में मचा हड़कंप

लगातार चार घंटे की मशक्कत के बाद डॉ.खरे अस्पताल चौराहे और महिला थाने के बीच रात दो बजे फाल्ट का पता लग पाया। इस बीच फाल्ट वाले स्थान पर अधीक्षण अभियंता प्रशांत कुमार पहुंचे। जिसके बाद फाल्ट को सही कराने मे बिजली कर्मचारी जुटे। दो बजे फाल्ट सही करने में लगे बिजली विभाग के कर्मचारियों को रविवार के दोपहर 12 घंटे बाद 12 बजे सफलता मिली। जिसके बाद लाइन को चेक करा गया और एक बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। इस बीच नगर के 132 केवी विद्युत केंद्र से जुड़े दौलत बाग, जिगर कॉलोनी, बांग्ला गांव, दसवां घाट, नागफनी, घोसियों की पुलिया, लालबाग, दीवान बाजार, तहसील स्कूल और एस. कुमार चौराहा क्षेत्र के 16 हजार उपभोक्ता पूरी रात बिजली संकट से जूझते रहे। वहीं पीली कोठी और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र से जुड़े बुध बाजार, कोठीवाल नगर, कटरा मानपुर व गुवाहाटी क्षेत्र के करीब 10 हजार उपभोक्ताओं की आपूर्ति भी बाधित रही।

बिजली गुल रहने से सुबह पानी की किल्लत भी हो गई। महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं को जलाभिषेक से पहले स्नान तक करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बंगला गांव में सुबह चार बजे से सरकारी हैंडपंप पर महिलाओं और बच्चों को लाइन लगानी पड़ी। लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य की निगरानी करते रहे।

> रात दस बजे फाल्ट हुआ था। जिसके एक घंटे बाद लोगों के फोन आने शुरू होगए। वहीं लगभग 12 बजे जिले कुछ प्रशासनिक अधिकारियों ने बिजली कटौती के कारण संज्ञान लिया था। हालांकि बिजली विभाग की टीम 11 बजे सेफाल्ट को तलाशने में लग गई थी। जिले फाल्ट लोकेटर मशीन न होने के कारण कई 33 के वी लाइन पर चार घंटे की पेट्रोलिंग करने के बाद फाल्ट मिला। लाइन पर दो अलग अलग स्थान पर फाल्ट हुए थे। जिसे सही करने में काफी लंबा समय लगा।
> –**प्रशांत कुमार**, अधीक्षण अभियंता नगरीय।



बिजली कटौती को पिछले कई दिनो संकट बना हुआ है। रात 10 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जिसके बाद अगले दिन एक बजे आई। ऐसे में रमजान आने वाले हैं। बिजली आपूर्ति का यही हाल रहा तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।
–जमील अहमद, लालबाग निवासी।



त्यौहार वाले दिन सुबह घर बिजली न होने के कारण पानी नहीं मिल सका। सुबह उठकर बिजली कर्मचारियों को फोन मिलाया तो फोन बंद जा रहे थे। जिसके बाहर लगे हैंड पंप से परिवार वालों को पानी भर कर लाना पड़ा। बुहत परेशानी हुई।
–जसवंत सिंह, बंगला गांव निवासी।



शाम सात बजे बिजली बार बार आ जा रही थी, लेकिन रात 10 बजे के बाद आई। 12 बजे तक नहीं आई तो कॉलोनी के मंदिर में जल अभिषेक तैयारी में चल कार्य में इन्वर्टर की बैटरी खत्म हो गई। बिजली वालों के फोन नहीं उठे और विद्युत केंद्र पर भी कोई नहीं मिला।
–**नरोत्तम सिंह**, जिगर कॉलोनी।



बुध बाजार की रात 12 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई। पानी टैंक पूरा नहीं भरा होने के कारण परिवार के दो लोग ही नहा पाए। दोपहर मिली बिजली आपूर्ति के बाद नहाया गया जिसके बाद ही जल अभिषेक किया गया। व्यवस्था में सुधार जरूरी है।
–**अमित गुप्ता**, कोठीवाल नगर

# रामपुर के छात्र की रुद्रपुर में संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ज्वालानगर शिव विहार कॉलोनी निवासी छात्र गगन सागर (22) की रुद्रपुर में शनिवार शाम संदिग्ध हालत में मौत हो गई, छात्र का शव कमरे में लटका मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव को रामपुर ले आए और पुलिस को सूचना देते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने हत्या की तहरीर दी है।



छात्र गगन सागर।

शिव विहार कॉलोनी निवासी गगन सागर रुद्रपुर में किराए पर रहकर मैक स्टूडियो में वीडियो एडिटिंग कोर्स कर रहा था। शनिवार को उसे घर लौटना था और सुबह तक परिजनों से उसकी बातचीत भी हुई थी, लेकिन बाद में संपर्क टूट गया। जब उसके मामा विपिन कमरे पर पहुंचे तो उन्होंने खिड़की से गगन का शव पंखे से लटका देखा। हालांकि परिजन गगन के शव को रामपुर ले आए, लेकिन उन्हें हत्या का अंदेशा लगा तो उन्होंने रामपुर पुलिस से संपर्क किया। गगन के पिता ओमप्रकाश ने बेटे की हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस को मौके से मृतक का मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जबकि उसका लैपटॉप गायब बताया गया है। पुलिस मामले में जांच में जुट गई है। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि युवक की मौत के मामले में पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले अन्य साक्ष्यों के आधार पर बिलासपुर थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। फिलहाल फोरेंसिक समेत अन्य टीमें घटना की जांच में जुटी हैं। पुलिस घटना को वैलेंटाइन-डे से भी मामले को जोड़ते हुए पड़ताल कर रही है।



जिला अस्पताल में मोर्चरी पर बैठे परिजन। ● अमृत विचार

- कमरे में लटका मिला शव मोबाइल मिला, लैपटॉप गायब

# नशीला पदार्थ देकर बच्चे से कुकर्म व मारपीट, हुई मौत

संवाददाता, मिलक

- मिलक क्षेत्र के गांव उदयपुर जागीर गांव का मामला

**अमृत विचार :** मिलक क्षेत्र के एक गांव में मासूम के साथ नशीला पदार्थ देकर कुकर्म और मारपीट का मामला सामने आया है। इस कृत्य के बाद मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 7 वर्षीय बच्चा घर से दुकान पर सामान लेने के लिए निकला था। कुछ देर बाद बेहोशी की हालत में साथी बच्चे उसे लेकर घर पहुंचे तो परिजनों के होश उड़ गए। आनन फानन में परिजन बच्चे को लेकर शाहबाद स्थित सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे के साथ कुकर्म किया गया है और पुलिस केस बता कर उस समय दवाई दे दी। लेकिन इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता ने आरोप लगाया कि गांव निवासी युवक द्वारा उसे नशीला पदार्थ खिलाकर जंगल में ले जाकर उसके साथ मारपीट की और उसके साथ कुकर्म किया है। जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई। देर रात वह पुत्र को लेकर कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। बच्चे के साथ कुकर्म की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस परिजनों के साथ बच्चे को लेकर नगर के सरकारी अस्पताल पहुंची। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि 7 वर्षीय मासूम की मौत हो गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण की गोली मारकर हत्या परिजनों ने शव रख किया हंगामा

कार्यकाल संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गांव मूंढा मुकारी में गोली से लहूलुहान हालत में पड़े मिले ग्रामीण की मेरठ में मौत हो गई। रविवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने टिंकू और पिंकू दो सगे भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया। माहौल बिगड़ता देख दो थानों की पुलिस मौके पर बुला ली गई बमुश्किल परिजनों को शांत कराकर शव को अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव मूंढा मुकारी की है। दरअसल डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलामतपुर निवासी हरिओम की गांव मूंढा मुकारी में गोली मार दी गई। शनिवार सुबह वह लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने उसको मेरठ हायर सेंटर में भर्ती कराया जहां शनिवार की रात को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी शीश कौर के अलावा चार बेटियां हैं। परिजनों के मुताबिक शनिवार की सुबह हरिओम हरिद्वार से कावड़ जाने की बात कह कर घर से निकला था। रविवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों के साथ रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। हरिओम की बेटियों का कहना था कि उसके पिता की टिंकू व पिंकू ने हत्या की है। सीओ अभिषेक यादव व अवधामन भदोरिया पहुंचे और दो थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। परिजनों को समझा कर कार्रवाई का आश्वासन दिया और जाम खुलवाया। सीओ ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



रोते-बिलखते मृतक हरिओम के परिजन। ● अमृत विचार

- दो भाइयों पर लगाया हत्या का आरोप, कार्रवाई की मांग

# सास की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तमंचा बरामद, एक आरोपी को पुलिस पहले भेज चुकी जेल

**अमृत विचार :** सास को गोली मारकर हत्या करने के आरोपी दामाद गुलनवाज निवासी पंडित नगला थाना कटघर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

12 फरवरी की शाम मंसूरी कॉलोनी में 45 वर्षीय रुखसाना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतका की पुत्री साहेबा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी से हत्या में इस्तेमाल तमंचा और खोखा बरामद किया है। आरोपी ने बताया कि पत्नी से चल रहे विवाद के चलते वह अपने साथी मुस्तफा के साथ ससुराल गया था, जहां साले, साली और सास से कहासुनी और हाथापाई हुई। इसके बाद वह और उसका दोस्त चले गए और फिर मुस्तफा ने अपने घर से तमंचा और कारतूस लिए और फिर दोनों वापस ससुराल पहुंचे। उसे देखकर सास ने फिर अनाप शनाप बोलना शुरू कर दिया। गुस्से में आकर उसने सास को गोली मार दी। प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपी मुस्तफा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



हत्यारोपी गुलनवाज।

# तमन्ना ने नैमिषारण्य तीर्थ में किया जलाभिषेक



नैमिषारण्य तीर्थ पर भोलेनाथ की पूजा करती तमन्ना। ● अमृत विचार



नैमिषारण्य तीर्थ पर तमन्ना को देखने के लिए इकट्ठा लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- बोली, अगली साल फिर से लेकर आऊंगी कांवड़

**अमृत विचार:** अमन से विवाह की मन्नत पूरी होने पर 180 किलोमीटर पैदल चलकर हरिद्वार से कांवड़ लेकर आई तमन्ना में महाशिवरात्रि पर संभल के नैमिषारण्य तीर्थ में बाल योगी दीनानाथ के सानिध्य में जलाभिषेक किया। तमन्ना को देखने के लिए तीर्थ परिसर में जनसैलाब उमड़ा नजर आया। व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

संभल के असमोली थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव बदनपुर बसई निवासी तमन्ना का प्रेम प्रसंग गांव के ही हिंदू युवक अमन त्यागी के साथ हुआ था। दो धर्मों का मामला होने की वजह से बात जगजाहिर होते ही बवाल खड़ा हो गया था। तमन्ना का कहना है कि तनाव के उस दौर में उसने भगवान भोलेनाथ से मन्नत मांगी थी कि उसे उसका प्यार मिल जायेगा तो वह हरिद्वार से कांवड़ लेकर आयेगी। मन्नत पूरी करने के लिए तमन्ना अपने पति अमन के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर आई हैं। रविवार को पुलिस सुरक्षा के बीच नैमिषारण्य तीर्थ पर पहुंची और पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद बाबा क्षेमनाथ की समाधि के दर्शन कर पूजन किया। बताया कि रास्ते में दो स्थानों पर परेशान करने का प्रयास किया गया था। उसके बाद पुलिस मुस्तैद हुई तो दिक्कत नहीं आई। सनातन धर्म के लोगों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया।

# तमन्ना के बुर्का पहनकर कांवड़ लाने को तूल न दें: बर्क

कार्यालय संवाददाता, संभल

- सांसद जियाउर्रहमान बर्क बोले धार्मिक भावनाओं का करें सम्मान

**अमृत विचार :** बुर्का पहनकर कांवड़ लाने और जलाभिषेक करने को लेकर चर्चा में आई तमन्ना के मामले में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि इस विषय को अनावश्यक रूप से तूल नहीं दिया जाना चाहिए।



जियाउर्रहमान बर्क।

सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि तमन्ना दूसरे धर्म में शादी कर चुकी है, इसलिए इस मुद्दे को बेवजह उछालना उचित नहीं है। हर व्यक्ति को अपने समाज और परंपराओं के अनुसार त्योहार मनाने का अधिकार है, लेकिन ऐसा कोई कार्य नहीं होना चाहिए जिससे दूसरे समुदाय के अधिकारों या भावनाओं का उल्लंघन हो। तमन्ना मलिक कोई धर्मगुरु नहीं हैं, जिन्हें लोग अनुसरण करें। कम जानकारी के कारण पहले भी गलत कदम उठाए जा चुके हैं, जिससे लोगों का विश्वास प्रभावित हुआ है। सांसद बर्क ने मोहम्मद दीपक और तमन्ना की तुलना को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि मोहम्मद दीपक ने किसी मस्जिद में जाकर नमाज अदा नहीं की थी, बल्कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी, इसलिए दोनों मामलों को एक जैसा नहीं माना जा सकता। भारत-पाकिस्तान मैच पर भी सांसद ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मैच में भारत की जीत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान से किसी प्रकार का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन रिश्तों को लेकर संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

### शांति व्यवस्था भंग करने पर आठ लोग हिरासत में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थानों से पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि कार्रवाई में आठ आरोपियों को शांति भंग की धाराओं में जेल भेजा है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र से एक, थाना भगतपुर से पांच, थाना भोजपुर से एक तथा थाना मैनाठेर से एक व्यक्ति को शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी अभियान जारी।

### 882 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापाण्डेय थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात चेकिंग के दौरान दो युवकों को 882 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सारिक निवासी सरदार नगर अटरिया थाना भोजपुर तथा विश्वजीत पुत्र सुधीर निवासी समदा चतुर्भुज थाना भगतपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 882 ग्राम चरस बरामद की है। इस संबंध में थाना मूंढापांडे में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### बाइक से पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद, तीन लोग घायल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र गांव इमरतपुर उधो में रविवार देर शाम मोटरसाइकिल से पटाखे फोड़ने को लेकर हुआ विवाद में तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। गांव के युवक ने बताया घर के बाहर विशाल ने मोटरसाइकिल से पटाखे फोड़ रहा था। उसके घर शिकायत की तो उसके घर वालों ने घर में बंद कर लाठी डंडे लेकर मारपीट शुरू कर दी और पथराव किया जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। मैनाठेर पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

# भोर से शिवालयों में गूंजने लगा हर-हर महादेव

## महाशिवरात्रिः जलाभिषेक और कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल, देर शाम तक लगी रहीं श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भोर होते ही महानगर शिवमय हो उठा। सुबह चार बजे से ही मंदिरों की घंटियां और 'हर-हर महादेव' के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। श्रद्धालु स्नान कर पूजा की थाली सजाकर शिवालयों की ओर निकल पड़े। मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। पूरे दिन शिवनाम की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

84 घंटा मंदिर में फूल बंगला आकर्षण का केंद्र रहा। गंगा मंदिर, नटबाबा मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर और ढाप वाला मंदिर में सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार कर भगवान शंकर के दर्शन किए। भीड़ अधिक होने के कारण पुजारियों और व्यवस्थापकों ने व्यवस्था संभाली और कांवड़ियों से जलाभिषेक कराया। भक्तों की आस्था और उत्साह ने पर्व को और विशेष बना दिया। देर रात तक श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना-जाना रहा। गंगा मंदिर और नटबाबा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी रहीं।

शिव शक्ति मंदिर और दुर्गा मंदिर में भी भारी भीड़ देखी गई। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक लगातार सक्रिय रहे। हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने मंदिरों में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भीड़ को देखते हुए पुजारियों ने समूह में अभिषेक की व्यवस्था कराई, जिससे श्रद्धालुओं को अधिक देर प्रतीक्षा न करनी पड़े। कहीं भजन-कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजीं तो कहीं विधिवत रुद्राभिषेक और विशेष अनुष्ठान हुए। कई मंदिरों में देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। श्रद्धालु उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। मंदिरों के आसपास बेलपत्र, फूल, धतूरा, भांग और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल रही। श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। दुकानदारों के अनुसार महाशिवरात्रि पर बिक्री में बढ़ोतरी हुई।



दिव्य लोक स्थित शिव मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### सेल्फी प्वाइंट रहा आकर्षण का केंद्र

स्फटिकेश्वर महादेव मंदिर में इस बार विशेष रूप से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने परिवार और मित्रों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर इस पर्व को यादगार बनाया। युवाओं में इसका खासा उत्साह नजर आया।

### पुलिसकर्मी रहे मौजूद

मंदिरों में भीड़ ज्यादा होने के चलते श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए 84 घंटा, झाड़खंडी मंदिर, गंगा मंदिर समेत शहर के प्रमुख मंदिरों के बाद पुलिसकर्मी तैनात रहे।



गंगाजल लेकर आता शिव भक्त। ● अमृत विचार



पंचमुखी महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते शिव भक्त। ● अमृत विचार



झारखंडी मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शिव मंदिर में जलाभिषेक करती महिलाएं। ● अमृत विचार



84 घंटा मंदिर में जयघोष करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# एकजुट होकर राष्ट्र उन्नति में करें योगदान

कार्यालय,संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समग्र हिन्दू समाज समिति, कांशी राम नगर व सम्राट अशोक नगर की ओर से रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया।

स्वामी सोमानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि भारतीय वैदिक सनातन धर्म सिर्फ एक धर्म ही नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है जो ज्ञान, कर्म, योग और मोक्ष पर आधारित है। यह संस्कृति पाश्चात्य भोगवाद के बजाय त्याग और तपस्या का उपदेश देती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन हिंदू समाज के उत्थान, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रनिष्ठा को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करते हैं। हिंदुत्व परंपरा सामाजिक समरसता, छुआछूत मिटाने, और सेवा के माध्यम से हिंदू समाज को संगठित करने का प्रयास करते हैं। महामुनि दास ने हिन्दू समाज को श्रीमद् भागवत गीता में श्रीकृष्ण के वचनों के माध्यम जीवन जीने की जरूरत को उद्देश्य बनाने पर जोर दिया जिसमे जातियों का कोई उल्लेख ही नहीं है।



हिंदू सम्मेलन में मंच पर मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● साईं पुरम में हुए हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

सचिनंदन दास ने कहा कि भारतीय समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित था, जिसके परिणाम स्वरूप एक ही मां पिता के चार बच्चे कर्मानुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हो सकते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष पुनीत सहाय ने एकजुट होने और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने का आह्वान किया।सामाजिक समरसता और पंच परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, और नागरिक कर्तव्यों पर जोर दिया गया। संचालन विवेक त्यागी ने किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सुरेंद्र विभाग संचालक, योगेंद्र प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तर प्रदेश रहे। तनिष्का त्यागी ने नारी उत्थान पर कविता पाठ किया व बच्चियों ने दंड प्रहार पर कार्यक्रम शिव तांडव नृत्य व वैदिक मंत्रों की प्रस्तुति की। ओमपाल सिंह, आयुष, योगेश त्यागी, पुनीत त्यागी, राहुल मिश्रा, संजय शर्मा, पंकज गोस्वामी, श्वेता वशिष्ठ, चंद्रमुखी चित्रा देवी दासी, शालिनी श्रीवास्तव, मोनिका गोस्वामी, पुष्पेंद्र पाल, विकास वर्मा, राहुल श्रीवास्तव आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# 84 घंटा मंदिर में महाआरती का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 84 घंटा मंदिर में भगवान पशुपतिनाथ की मूर्ति के समक्ष महाआरती में नगर विधायक रितेश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह,नगर मजिस्ट्रेट विनय पांडे,अपर नगर आयुक्त आशुतोष राय,जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के सचिव एवं रजिस्ट्रार गिरीश द्विवेदी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया आरती में शामिल हुई।

इस महा-आरती में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ से शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। सभी महानगर वासियों एवं शिव-भक्तों ने उपस्थित होकर पुण्य-लाभ प्राप्त किया तथा भगवान पशुपतिनाथ की महाआरती का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अध्यक्ष हिंदू मंडल किसरौल अरविंद अग्रवाल जॉनी,महामंत्री राजेंद्र गुप्ता,कोषाध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, महामंत्री उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल विपिन गुप्ता,जिला अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा रजत शर्मा, अतुल सोती एडवोकेट, एवं समस्त पदाधिकारीगण, सदस्यगण उपस्थित रहे।



84 घंटा मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# स्वामी नारदानंद आश्रम में फलाहार भंडारा आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर स्वामी नारदानंद आश्रम में फलाहार भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम में कोटू के आटे की पकौड़ियां एवं मखाने की खीर बनाकर विधि-विधान से शिव परिवार को भोग लगाया गया और फिर श्रद्धालुओं और कांवड़ियों में प्रसाद का वितरण किया।

आश्रम संयोजक आरए शर्मा 'नारद' ने बताया कि 50 वर्षों से अधिक समय से कांवड़िए गंगाजल लाकर प्रतिष्ठित नीलकंठ महादेव का जलाभिषेक करते आ रहे हैं, जो आस्था और परंपरा का अद्भुत उदाहरण है। पर्व के उपलक्ष्य में आश्रम स्थित प्रतिष्ठित शिवालय को पुष्पों से भव्य रूप से सजाया। शाम को भव्य आरती हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से मनोकामना की पूर्ति की प्रार्थना की। इस मौके पर मूलचंद कश्यप, मुनीम रमेश गोस्वामी, डॉली शर्मा, राम शर्मा, पं. पुरुषोत्तम शर्मा आदि रहे।

# स्वयं सेविकाओं ने भीड़ नियंत्रण में किया सहयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन को सामुदायिक सेवा एवं श्रमदान दिवस के रूप में मनाया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं को योग के महत्व की जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया गया। द्वितीय सत्र में छात्राओं ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बस्ती स्थित मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया तथा भीड़ नियंत्रण में प्रशासन का सहयोग किया।

प्राचार्या प्रो. चारू मल्होत्रा नेबताया कि सामुदायिक सेवा से युवाओं में जागरूकता, जिम्मेदारी और सामाजिक समर्पण की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि एकता में शक्ति है तभी सार्थक होती है जब हम मिलकर समाजहित में कार्य करें। तृतीय सत्र में मद्यपान का परिवार एवं समाज पर प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। संचालन एवं संयोजन एनएसएस अधिकारी डॉ. सविता अग्रवाल एवं शिवानी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाएं निहा, कृष्णा, मोहिनी, गुनगुन, अरमिया, पलक, मुस्कान, खुशी, गुलरोज, फोजिया, सोनम सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं।



एनएसएस के शिविर में गोकुलदास डिग्री कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य चर्चा

जिला अस्पताल की ओपीडी में बढ़े टाइप- 4 डायबिटीज के मरीज

# शारीरिक गतिविधियों में कमी कर रही बीमार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में इन दिनों टाइप-4 डायबिटीज के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। प्रतिदिन 30 से अधिक मरीज इस समस्या के साथ उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी मुख्य रूप से बुजुर्गों में देखने को मिल रही है, जिसके पीछे असंतुलित जीवनशैली और बढ़ती उम्र प्रमुख कारण माने जा रहे हैं।

जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि टाइप-4 डायबिटीज को एज-रिलेटेड डायबिटीज भी कहा जाता है। यह ज्यादातर अधिक उम्र के लोगों में होती है, जिनका शारीरिक श्रम कम हो जाता है और शरीर की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों को लंबे समय तक पता ही नहीं चलता कि वे मधुमेह से ग्रसित हैं, क्योंकि इसके लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान न होने पर यह बीमारी हृदय, किडनी और आंखों पर भी असर डाल सकती है। ओपीडी में बढ़ती भीड़ को देखते हुए मरीजों को नियमित जांच और परामर्श की सुविधा दी जा रही है। चिकित्सक बुजुर्गों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर शुगर जांच की सलाह दे रहे हैं। इसके बाद ही इलाज शुरू किया जा रहा है।



● डॉक्टर बोले, समय पर जांच और खानपान में सुधार जरूरी

### क्या है टाइप-4 डायबिटीज ?

टाइप-4 डायबिटीज उम्र बढ़ने के साथ विकसित होने वाली मधुमेह की अवस्था है, जिसमें शरीर इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता। टाइप-4 डायबिटीज उन बुजुर्गों में अधिक पाई जाती है जिनकी शारीरिक गतिविधि कम हो गई हो, वजन अधिक हो या खानपान असंतुलित हो। कई बार यह बीमारी धीरे-धीरे विकसित होती है, इसलिए शुरुआती चरण में लक्षण स्पष्ट नहीं होते।

### कैसे होती है यह बीमारी ?

- बढ़ती उम्र के कारण अग्न्याशय (पैंक्रियाज) की इंसुलिन बनाने की क्षमता प्रभावित होती है।
- शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पातीं (इंसुलिन रेजिस्टेंस)।

### ये हैं लक्षण

- बार-बार पेशाब आना
- ज्यादा प्यास लगना
- थकान और कमजोरी
- धुंधला दिखाई देना
- घाव का देर से भरना

### कैसे करें बचाव?

- रोजाना हल्का व्यायाम या सैर
- संतुलित, कम मीठा आहार
- नियमित ब्लड शुगर जांच
- वजन नियंत्रित रखना

# कुमार कार्तिकेय जन्म सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीतलबस्ती के लक्ष्मी नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित शिवमहापुराण कथा में शनिवार को भक्तिरस की अविरल धारा बही। कथाव्यास महेंद्र शास्त्री ने भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कुमार कार्तिकेय के जन्म का प्रसंग सुनाया। बताया कि तारकासुर के अत्याचारों से त्रस्त देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव के तेज से कार्तिकेय का अवतार हुआ।

छह कृतिका माताओं के स्नेह से उनका लालन-पालन हुआ, इसलिए वे षडानन कहलाए। आगे चलकर उन्होंने तारकासुर का वध कर देवताओं को भयमुक्त किया। कथाव्यास ने पशुपतिनाथ स्वरूप के बारे में बताया कि भगवान शिव सभी जीव-जंतुओं के स्वामी हैं। 'पशु' अर्थात जीव और 'पति' अर्थात स्वामी जो सभी प्राणियों का पालन व संरक्षण करें, वही पशुपतिनाथ हैं।

# भारत-पाक मुकाबले का रोमांच चरम पर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** टी-20 वर्ल्ड कप के रोमांचक मुकाबले में रविवार को भारत और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। मैच को लेकर मुरादाबाद में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत से ही पाकिस्तान पर दबाव बनाने का प्रयास किया। ओपनिंग जोड़ी के रूप में अभिषेक शर्मा और ईशान किशन मैदान पर उतरे। हालांकि अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हो गए, लेकिन ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 77 रन की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

मैच में हर गेंद के साथ रोमांच बढ़ता जा रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में लोग टीवी और मोबाइल स्क्रीन से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। कई परिवार घरों में एकत्र होकर मुकाबला देख रहे हैं, तो युवाओं की टोलियां दोस्तों के साथ मैच का आनंद ले रही हैं। नगर निगम की ओर से पीलीकोठी, जीएमडी रोड, जैन मंदिर, इंपीरियल तिराहा और बुधबाजार में लगी एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी जुटे हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह खेलप्रेमियों ने मंदिरों में पहुंचकर भारत की जीत के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की।



टीवी पर भारत-पाकिस्तान का मैच देखते लोग। ● अमृत विचार



भारत-पाक मुकाबला हमेशा खास होता है। हम सबकी निगाहें स्क्रीन पर टिकी हैं और टीम इंडिया से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।
- प्रीति चौधरी, खेल प्रेमी



हर बॉल का रोमांच ऐसा है जैसे फाइनल हो। हर रन पर दिल की धड़कन तेज हो रही है। भारत की टीम मजबूत है।
- शिवम कुमार, क्रिकेट कोच

## नाले में गिरकर अधेड़ की मौत, रात भर पड़ा रहा शव

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा में शनिवार देर रात एक अधेड़ की नाले में गिरने से मौत हो गई। रविवार सुबह पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार डिलारी थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी बबलू (50) पुत्र रामचंद्र शनिवार रात रतुपुरा बाजार में घूम रहा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान वह नाले में गिर पड़ा। नाले के भीतर सिर धंस जाने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और न ही किसी को मदद के लिए आवाज दे पाया। पूरी रात उसका शव नाले में पड़ा रहा। रविवार सुबह स्थानीय लोगों की नजर नाले में पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला शराब के नशे में नाले में गिरने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। परिजनों की ओर से फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# घरों से शिवालयों तक हर ओर बम-बम भोले के घोष

## शिव तेरस मेलों में उमड़ी भारी भीड़, निकाली महाकाल की पालकी यात्रा, श्रद्धालुओं ने देर शाम तक किया जलाभिषेक

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** शिवरात्रि पर्व की नगर व देहात क्षेत्र में विशेष धूम रही। सुबह से ही घरों से लेकर शिवालयों तक हर-हर महादेव का जयकारा गूंजायमान रहा।

नगर के मंदिर पौड़ा खेड़ा, मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर, झंडा चौक शिव मंदिर,गमा देवत मंदिर, बच्चा बाग शिव मंदिर,रायसंतती मंदिर, श्री राम काली आश्रम मंदिर, स्योंडारा , अमरपुर काशी आदि में कावंड़ियों ने जल से अभिषेक किया। स्टेशन रोड स्थित श्री मोहनानंद सेवाश्रम के प्राचीन शिव मंदिर में तेरस का मेला लगा जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों नेजलाभिषेक किया। पुलिस सुरक्षा का समुचित प्रबंध रहा।शिव भक्तों द्वारा महाकाल की पालकी यात्रा निकाली गई जो गौरीशंकर मंदिर तक गई।

मेले की व्यवस्था में प्रबंधक ब्रजेश राघव, अभिषेक राठौर, राकेश कुमार शर्मा एवं उल्फत सिंह स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोंडेरा के विद्यार्थियों ने सहयोग किया। मेले में चौलाई के लड्डू, बेर फल, गंगाजल की शीशियों के अलावा सौंदर्य प्रसाधन, बर्तन, लकड़ी की वस्तुएं, जलेबी पकौड़ी की दुकानों पर जमकर खरीदारी की गई। कुआं खेड़ा हाल्ट स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भी तेरस का विशाल मेला लगा जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भागीदारी की, मंदिर में जलाभिषेक किया, कांवरियों ने जल समर्पित किया।



शिवतेरस पर लगे मेले में खरीदारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार



जल चढ़ाने के लिए लाइन में प्रतीक्षा करते शिवभक्त। ● अमृत विचार

### शिव मढ़ी में हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक



**ठाकुरद्वारा, अमृतवचाररा :** श्री शिव मढ़ी मंदिर में रविवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हरिद्वार से कांवड़ लाकर पहुंचे भोले बाबा के भक्तों ने प्रात: 4 बजे से ही मंदिर में जल चढ़ाना शुरू कर दिया। श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव कुमार, अनुराग सिंघल, माधव सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता विशुल अग्रवाल, पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने मेले की व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर लगभग 11 कुंतल पकौड़ियों के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशुल अग्रवाल और विपुल अग्रवाल द्वारा आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वरिष्ठ भाजपा नेता विशुल अग्रवाल पूरे समय कांवड़ियों की सेवा में जुटे रहे। नारायणी सेना कृष्ण एवं अपना हक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय यादव, संरक्षक पूर्व विधायक विजय कुमार यादव, आशा देवी व संजय यादव ने भी जलाभिषेक किया। बुलडोजर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई।



शिवलिंग की झांकी खींचते महंत व अन्य। ● अमृत विचार

## धूमधाम से निकाली कांवड़ शोभा यात्रा

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में महाशिवरात्रि परकांवड़ शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। देर रात तक कांवड़ियों ने मंदिरों पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। हरिद्वार से जल भरकर लाए सभी बेड़े नगर के श्री गुरु जंभेश्वर भूड़ टीवा मंदिर पर पहुंचे यहां आचार्य भावेश शर्मा ने विधि विधान से पूजन कराया। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजपाल सिंह प्रजापति, अजय कुमार शर्मा आदि विभिन्न वेडों के महंत मौजूद रहे। कांवड़ शोभायात्रा के दौरान रथ में विराजमान शिवलिंग आदि झाकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। भोले के भजनों पर कांवड़िये नाचते गाते हुए चल रहे थे। भाजपा सभासद एवं व्यापारी अभय कुमार बिश्नोई ने जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से उपजिलाधिकारी संत दास पवार, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उपनिरीक्षक कमलदीप सिंह आदि भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। व्यवस्था में वरिष्ठ भाजपा नेता, राजपाल सिंह प्रजापति, अभय विश्नोई, मा. बृजेन्द्र बिश्नोई, सुधीर बिश्नोई, विनोद भार्गव, चंदा विश्नोई, राजू बिश्नोई, आदि लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई शिव मंदिर की वर्षगांठ



गांव कुआं खेड़ा खालसा में हवन यज्ञ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम कुआ खेड़ा खालसा में शिव मंदिर की वर्षगांठ श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई। पंडित हरिओम शर्मा ने विधि-विधान के साथ हवन संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

एडवोकेट पीयूष चौहान, रुचिका देवी, गजेन्द्र सिंह, प्रियंका चौहान, चन्द्रमोहन सिंह, प्रेमवती देवी, मलखान सिंह, अशोक देवी, अभिनव चौहान, विकास चौहान, शुभम चौहान, रेखा देवी, मा. प्रमोद सिंह, भदेव सिंह, अचिन कुमार, सुनिता और कमलेश देवी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे और उन्होंने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## पिता एवं पुत्र को मारपीट कर किया गंभीर घायल

**कांठ अमृत विचार :** तंदूर की रोटी बेचने को लेकर पिता पुत्रों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

थाना कांठ के ग्राम गढ़ी निवासी मोहम्मद शादाब तथा दूसरे पक्ष के युसूफ ने अपने-अपने होटल खोल रखे हैं और तंदूर पर रोटियां बनाकर बेचते हैं। शनिवार की शाम किसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी हो गई। इसके बाद यूसुफ ने मौहम्मद शादाब के साथ गाली गलौंज शुरू कर दी। जब गाली देने को मना किया तो युसुफ इमरान आदिल उज्जैन ने मौहम्मद शादाब और उसके पिता यूनुस पर लकड़ी की फंटी से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे यूनुस बेहोश हो गए इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह एवं हल्का प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## टीटी एकल में कांस्य, युगल में रंजन ने जीता स्वर्ण पदक



स्वर्ण पदक प्राप्त करते रंजन बिश्नोई। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर निवासी रंजन बिश्नोई ने टेबल टेनिस में एकल में कांस्य व युगल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया1 पंजाब नेशनल बैंक के इंटर जोनल प्रतियोगिता का आयोजन इकाना स्टेडियम लखनऊ में 14 व 15 फरवरी को हुआ जिसमें देहरादून जोन की ओर से टेबल टेनिस एकल व युगल कांठ निवासी रंजन बिश्नोई ने एकल में कांस्य तथा युगल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया । रंजन विश्नोई ने युगल में मुख्य प्रबंधक जसविंदर सिंह के पार्टनर के रूप में भाग लिया ।

देहरादून जोन ने टेबल टेनिस मुकाबलों में क्लीन स्वीप करते हुए मिक्स युगल में जसविंदर सिंह व आरती पोखरियाल ने स्वर्ण,,महिला एकल में आरती पोखरियाल ने स्वर्ण व महिला युगल में आरती पोखरियाल व सृष्टि खड़का ने स्वर्ण पदक जीता ।

## वैश्विक खरीदारों को निर्यातकों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी से जोड़ रहा इंडिया एक्सपो सेंटर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ग्रेटर नोएडा में चल रहा 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्प्रिंग 2026

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से 14 से 18 फरवरी तक ग्रेटर नोएडा के अत्याधुनिक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे 61वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला ने पुराने ग्राहकों के साथ ही पहली बार आए व्यापारियों को भी आकर्षित किया है। भारत की विविध भौगोलिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करने वाला, यह मेला समृद्ध शिल्पकला परंपरा और विभिन्न आकार के उत्पादों के लिए बड़ी संख्या और विविधता में उपलब्ध कच्चे माल का प्रदर्शन करता है । 900 स्थायी शोरूमों, हॉल्स में 3000 से अधिक प्रदर्शकों के साथ ही थीम प्रस्तुतियों और अनेक महत्वपूर्ण आयोजन इस मेले को विराट और व्यापक प्रदर्शनी का रूप दे रहे हैं ।ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट पर 17 बड़े हॉलों में 16 विविध उत्पाद श्रेणियों को प्रदर्शित करते हुए, यह मेला सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्रोत बना हुआ है। इसमें प्रतिभागी शिल्पकारों से जुड़कर प्रेरित हो रहे हैं और भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले व्यापक स्पेक्ट्रम के निर्माताओं से उत्पादों की खरीद कर रहे हैं।

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट एक बार फिर सार्थक व्यापारिक जुड़ाव के लिए गतिशील मंच के रूप में उभरा है, जो अनुभवी वैश्विक खरीदारों को भारत के अनुभवी निर्यातकों तथा उद्यमी नेतृत्व की उभरती दूसरी और तीसरी पीढ़ी से जोड़ रहा है।

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने बताया कि मेला प्रदर्शकों के साथ ही अपने दूसरे आकर्षणों की वजह से अच्छी प्रगति कर रहा है। स्वागत समिति के उपाध्यक्ष गौतम नथानी ने कहा कि सस्टेनेबिलिट – मोर देन अ ट्रेंड!' विषयक सेमिनार जर्मनी के एक अंतरराष्ट्रीय कंसल्टेंट द्वारा वास्तिक उत्पाद उदाहरणों के साथ आकर्षक रूप से संचालित किया गया, जिसने प्रदर्शित किया कि सस्टेनेबिलिटी हस्तशिल्प निर्यात में कैसे प्रतिस्पर्धी लाभ दिलाती है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने बताया कि कई खरीदारों के लिए यह मेला नवाचार और कलात्मक फ्यूजन का जीवंत केंद्र बन रहा है।

## सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

**मूंढापाण्डे, अमृत विचार :** तेजपाल (45) पुत्र गंगा सरन समान लेने के लिए गया था। इस दौरान सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने तेजपाल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तेजपाल बुरी तरह से घायल हो गया। सीएचसी मूंढापांडे में भर्ती करा दिया गया जहां तेजपाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। मूंढापांडे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक तेजपाल।

## महाशिवरात्रि पर निकाली शिव बरात

संवाददाता, बिलारी

- बरात में शामिल झांकियों ने किया लोगों को मंत्रमुग्ध

**अमृत विचार :** रुस्तम नगर सहसपुर शिव मंदिर की शिव परिवार सेवा कमेटी द्वारा श्री महाशिवरात्रि पर शिव बरात निकाली गई। शुभारंभ उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह और पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने किया।

झांकियों से सुसज्जित शिव बरात राजमहल के बुर्ज चौक, प्राचीन मंदिर चामुंडा देवत, से नीम के नीचे होती हुई, ब्लाक कार्यालय पहुंची, वहां से बराती श्री राम आश्रम काली मंदिर सहसपुर में पहुंचे ,वहां पुजारी पंडित मोहित कुमार शर्मा ने पूजन किया और स्वामी शिवानंद श्री राम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव गुप्ता आदि सभी ट्रस्टियों ने बारात की अगवानी की। यहां शिव विवाह के उपरांत शिव बरात वापस हुई ।

बरात में त्रिशूल लिए शंकर जी, ब्रह्मा ब्राह्मणी, कृष्ण जी, विष्णु लक्ष्मी, दुर्गा माता के अलावा मां चामुंडा महाकाली अखाड़ा महाजनाल बिलारी समेत दो अखाड़े भव्य प्रदर्शन करते चल रहे थे। कमेटी अध्यक्ष सिद्धार्थ शेखर, संजू गुप्ता ,संदीप गुप्ता, अंकित शर्मा, मनीष गुप्ता, दीपक शर्मा, सौरभ सक्सेना, रिंकल कुमार, गौरव पाल, ओमेंद्र सिंह, जसवंत पासी, रवि कश्यप शेखर वाल्मीकि ,भूप सिंह प्रजापति ,मुकेश भटनागर, सोमपाल दिवाकर ,पूर्व प्रधान कल्याण सिंह, डॉ. बीरबल गुड्डू ,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, शरद गुप्ता, मनोज ठाकुर, जगत नारायण शर्मा, डॉक्टर भूपेंद्र कुमार श्रोत्रिय , रामनिवास शर्मा आदि रहे।



शिव बरात में शामिल झांकी।

## ऑटो की टक्कर से किशोरी सहित दो घायल

**कांठ अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ऑटो की टक्कर से स्कूटी पर सवार जल भरकर ला रहे एक किशोरी सहित दो व्यक्ति घायल हो गए। थाना सिविल लाइन के मौहल्ला चक्कर की मिलक निवासी विनीत कुमार अपेक्षा पुत्री विनीत कुमार , भास्कर पुत्र प्रमोद कुमार,आरती तोमर निवासी सूर्य नगर मंझोला हरिद्वार की तरफ से जल भरकर ला रहे थे। कांठ में मिश्रीपुर तिराहे से पहले ऑटो की टक्कर उनके वाहन में लग गई। जिससे अपेक्षा और भास्कर घायल हो गए। कस्बा इंचार्ज राहुल राघव ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया।

## न्यूज डायरी

### फाइनल में चमरोआ की टीम ने हासिल की जीत



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुंदरकी विधानसभा के ग्राम छपर्रा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट एमपीएल सीजन 2 के फाइनल मैच में रविवार को चमरौआ ने वीरपुर थान की टीम को हराया। कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं, क्योंकि युवाओं का उत्साह ही राष्ट्र की शक्ति है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सभी सदस्य दूल्हा नंबरदार, फुरकान चौधरी, नवी, जय सिंह, यासीन फारूक, मंगल सेन, मोहम्मद अकबर, सोनू रस्तोगी, मनोज तोमर, सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### लाडला बाद में शिव भक्तों का उमड़ा सैलाब



**कांठ, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के गांव लाडलाबाद प्रकटेश्वर शिव मंदिर और छजलैट के ढांकी स्थित प्राचीन महादेव मंदिर परिसरों में मेलों का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर मेलों में खेल, खिलौने, चांट, पकौड़ी, फल, सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े, जूते, आदि की दुकानों के साथ ही बड़े-बड़े झूले और बच्चों के मनोरंजन के लिए अन्य खेलों की दुकान लगाई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने ग्राम लाडला बाद मंदिर पहुंचकर सुरक्षा है व्यवस्था का जायजा लिया। जहां सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**बिलारी, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ का बिलारी पहुंचने पर नगर अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह यादव के कार्यालय पर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाला समय आजाद समाज पार्टी का है। सांसद चंद्रशेखर आजाद हमेशा गरीबों वंचितों शोषितों की आवाज उठाते हैं। पुष्पेंद्र राना मुख्य मंडल प्रभारी, वीरेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष, रमेश गंधर्व, विजय कुमार पुष्कर, विनीत कुमार, प्रभांक सिंघम, जंग सिंह आजाद, हाजी चंद बाबू, कुलदीप, रामकिशोर, राजीव आदि मौजूद रहे।

## कभी भी ढह सकती है मंडी समिति की इमारत



जर्जर स्थिति में मंडी समिति बिल्डिंग। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर में मंडी समिति में प्रतिदिन लाखों का सब्जी का व्यापार होता है और सीजन में गेहूं व धान की खरीद की जाती है लेकिन वर्तमान में यह शराबियों का अड्डा बन चुका है और बिल्डिंग जर्जर हो गई है।

तहसील के सामने मंडी समिति कई वर्षों से संचालित है । मंडी समिति इंचार्ज आकर भी नहीं देखते। कई दलाल मनमर्जी से बाजार लगाकर सब्जी का व्यापार करते हैं। यहां पर होमगार्ड की ड्यूटी रहती है लेकिन कोई दिखाई नहीं देता। लोग अक्सर यहां शराब पीते नजर आते हैं। बिल्डिंग की हालत जर्जर है। मंडी समिति के पूर्व इंचार्ज सुशील कुमार त्यागी ने बताया था कि बिल्डिंग के संदर्भ में कई बार विभाग व शासन को पत्र लिखा गया है लेकिन बजट न आने के कारण मरम्मत नहीं हो सकी। कई जगह लेंटर रोकने के लिए लकड़ी की टेक लगाई हुई है। यदि शीघ्र ही इस बिल्डिंग की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन धराशायी हो सकती है।


## लाखों खर्च फिर भी घरों तक नहीं पहुंचा पानी

संवाददाता चौधरपुर

- साफ-शुद्ध पेयजल के लिए परेशान होते हैं ग्रामीण

**अमृत विचार :** जोया ब्लाक के गांव चौधरपुर में पेयजल की सप्लाई के लिए 20 लाख रुपये से भी अधिक खर्च कर दिए लेकिन 8 साल बाद भी घरों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। 2017-18 में गांव में घर-घर जल योजना के तहत टंकी का निर्माण और सड़कें खोद कर पाइपलाइन भी बिछा दी गई। लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा।

इस कार्य को लगभग 8 साल हो गए लेकिन अभी तक घरों में लगी टोटियों तक पानी नहीं पहुंचा। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही जलापूर्ति शुरू की जाएगी लेकिन अभी तक कोई ठोस तैयारी नहीं दिखाई दे रही है। वहीं गांव के लोगों का कहना है कि अधिकारियों की ढिलाई ने योजना का पलीता लगा दिया वरना अब तक घरों तक पानी की सप्लाई हो जाती।



गांव में बना ओवरहेड टैंक।



गांव में टंकी और पाइपलाइन बिछाने में 20 लाख से अधिक रुपए खर्च तो कर दिए लेकिन 8 साल बाद भी अभी तक घरों में पानी नहीं पहुंचा है। कहने को तो गांव स्मार्ट विलेज है लेकिन सुविधाएं बदतर हैं।

**– मोहम्मद जावेद अख्तर** एडवोकेट



गांव में पेयजल की सुविधा के लिए ओवर हैड टैंक तो बनाया गया लेकिन इससे अब तक एक भी दिन किसी भी घर में पानी नहीं पहुंचा है। टंकी परिसर में गंदगी के अंबार लगा हुआ है ।

**– रिजवान चौधरी**



पाइपलाइन बिछाने के लिए पूरे गांव के रास्ते खोदे गए। कई साल लोगों को जर्जर रास्तों से गुजरना पड़ा। अभी तक घरों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हुई है पानी के लिए बिछाई गई पाइपलाइन जंग से अट गई होगी।

**–मोहम्मद अली**

## न्यूज ब्रीफ

### सैफनी के शिवालयों में गूंजा ओम नमः शिवाय

**सैफनी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर नगर व क्षेत्र में भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। नगर के प्राचीन माता बेला भवानी मंदिर, शिवालय मंदिर के समेत क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में सुबह तड़के से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। श्रद्धालुओं ने तड़के 4 बजे से ही कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों को फूलों और बिजली की झालरों से भव्य रूप से सजाया गया है, सारा दिन माहौल भक्तिमय बना रहा।

### मसवासी में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**मसवासी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की शनिवार को ही कांवड़िये मंदिरों एवं धर्मशालाओं पर आकर रुक गए थे। कांवड़ियों के आवागमन से नगर का वातावरण भी शिवमय हो गया। जगह-जगह ढोल नगाड़ा से जुलूस के साथ कांवरिया अपने-अपने शिव मंदिरों पर गंतव्य स्थान पर आकर रुके। जगह-जगह लगे सेवा शिविरों पर कांवड़ियों का सेवा सत्कार किया गया। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी चौबंद रही । क्षेत्र के तमाम कांवड़ियों ने काशीपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर भी जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और तरक्की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी।

### अधिवक्ता के परिजनों से मिले शहर विधायक

**रामपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता फारूख अहमद खान की हत्या के बाद परिवार बेहद गमजदा है। शनिवार रात शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भाजपा नेता फसाहत खां शानू के साथ परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों का ढांढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक ने मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव रवाना लाला उर्फ विशनपुरी निवासी बलजीत सिंह के अनुसार वह रविवार की काम वाली को बुलाने जा रहा था। आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति अपने पुत्र व अन्य साथियों के साथ उसे रास्ते में रोक लिया। बाद में उक्त व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौज करने लगे। विरोध किए जाने पर उसे लाठी-डंडों से प्रहार कर घायल कर फरार हो गए। साथ ही मारपीट की सूचना घायल के परिजन मौके पर गए और घायल बलजीत को इलाज के लिए सीएचसी पर कराया गया।

### आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा बजट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर क्षेत्र के चकफेरी गांव में रविवार को बजट चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौपाल में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि यह बजट देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। जिसका हर जरूरतमंद को लाभ मिलेगा। कहा कि बजट के माध्यम से किसान, महिलाएं, युवा और गरीब वर्गों के जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, गुरकीरत सिंह औलख, योगेश, जगवीर सिंह, हरमन पन्नू, दिलीप सिंह, हरजिंदर सिंह, शम्भू रावत आदि लोग रहे।



हाईवे पर कांवड़ लेकर गुजरते कांवड़िये। • अमृत विचार



रठौंडा शिव मंदिर में परिवार संग जलाभिषेक करते शहर विधायक आकाश सक्सेना।



भोलेनाथ की झांकी का मनमोहक दृश्य।



रठौंडा शिव मंदिर में जलाभिषेक करते शिवभक्त। • अमृत विचार

# शिवालयों में उमड़ पड़ी आस्था, गूंजते रहे जयकारे

## भमरौआ, रठौंडा, पंजाब नगर सहित जिले के शिव मंदिरों में लगीं शिवभक्तों की कतारें, जगह-जगह मुस्तैद रही पुलिस, रात में हुए कीर्तन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रविवार को महाशिवरात्रि पर शिवालयों में हर-हर महादेव और बम-बम भोलों के उद्घोष से माहौल शिवमय हो गया। शिवभक्तों आस्था के साथ पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक किया। जिले के ऐतिहासिक रठौंडा शिव मंदिर, भमरौआ मंदिर, पंजाब नगर मंदिर समेत जिले भर के शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से भक्तों की कतारें लग गईं।

राठौंडा स्थित श्री बामेश्वर महादेव शिव मंदिर पर हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर बाबा का आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव-पार्वती की मूर्तियों के विशेष श्रृंगार के बाद कपाट खोले गए। हजारों की संख्या में हरिद्वार और बृजघाट से कावड़ लेकर आए कांवड़ियों ने शिवलिंग का जलाभिषेक किया। आस्था और भक्ति के रंग में डूबे शिवभक्त और कांवड़ियों की भीड़ का सैलाब देखने को मिला। नाचते- गाते, झूमते शिवभक्त कांवड़िये मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन मंदिर के बाहर लग गई। वहीं ग्राम धनेली उत्तरी स्थित श्री नर्मदेश्वर मंदिर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। हाईवे स्थित भैरव बाबा मंदिर, नवदिया स्थित शिव मंदिर, मुहल्ला अस्दुल्लापुर के प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर, राधे-कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, श्री मनोकामना दुर्गा मंदिर, तिराह गांव स्थित श्री बागेश्वर महादेव मंदिर, खमरिया गांव के प्राचीन श्री भोलेनाथ महादेव शिव मंदिर, भैंसोड़ी शरीफ गांव के शिव मंदिर, धर्मपुरा गांव स्थित महादेव शिव मंदिर, धनेली पूर्वी के कदम महादेव शिव मंदिर, सिहारी गांव के प्राचीन शिव मंदिर समेत क्षेत्र के आदि शिवायलों में श्रद्धालुओं ने शिवलिग का अभिषेक किया।इस दौरान मेले में आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एसडीएम अनुराग सिंह,कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह, प्रभारी तहसीलदार सीमा गंगवार, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, सीओ राजबीर सिंह परिहार, इंस्पेक्टर रघुवेंद्र प्राप्त सिंह आदि पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। वहीं पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि भक्तों ने दूध, दही, भस्म, गंगा जल से अभिषेक किया। इसके साथ धतूरा और बेलपत्र चढ़ाकर भोले के जयकारे लगाए। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह करीब चार बजे से मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। व्रती महिलाओं ने पूरे दिन व्रत रखकर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन भोलेनाथ का विवाह भी हुआ था। महाशिवरात्रि पर पातालेश्वर शिव मंदिर भमरौआ, बामेश्वर महादेव मंदिर पंजाबनगर और रठौंडा मंदिर पर भक्तों की काफी भीड़ रही।

**शहर में निकली शिव बारात, शिवभक्ति में डूबे श्रद्धालु :** फाल्गुन की पावन बेला में मिस्टन गंज के मोहल्ला कूचा देवी दास स्थित प्राचीन शिव मंदिर श्री बालाजी दरबार परिसर से भगवान भोलेनाथ की दिव्य शिव बारात बड़े ही धूमधाम, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। वातावरण "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से गूंज उठा। शिव बारात का शुभारंभ क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनुपम शर्मा ने फीता काटकर किया।


इसके साथ ही शंखनाद, घंटानाद और मंत्रोच्चार के बीच शिव बारात ने मंदिर प्रांगण से प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का तिलक कर आरती उतारी और मंगलकामनाएं कीं। शिव बारात सब्जी मंडी, ठाकुरद्वारा मंदिर, सनातन धर्म धर्मशाला और मुकुट लाल के मंदिर मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। मार्ग के हर पड़ाव पर श्रद्धालुओं ने बारात का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह फूलों की वर्षा, प्रसाद वितरण और जलपान की व्यवस्था की गई। महिलाओं ने मंगलगीत गाए तो युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। भगवान शिव के स्वरूप में गौरव जैन अत्यंत दिव्य रूप में नजर आए। जटाधारी रूप, भस्म-विभूति, रुद्राक्ष की मालाएं और त्रिशूल धारण किए उनका स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। अंत में मंदिर परिसर में महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जहां सैकड़ों भक्तों ने एक साथ दीप प्रज्वलित कर भगवान भोलेनाथ से नगर की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस मौके पर वीरेंद्र गर्ग, अशोक कुमार अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अंकित गर्ग, नितिन अग्रवाल, दिव्यांशु गुप्ता, श्याम गुप्ता, राजीव सरन गर्ग, संजय गर्ग, पंकज गर्ग, नितिन गुप्ता, सीए सागर अग्रवाल सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



भमरौआ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

### आत्मचिंतन, संयम, भक्ति का महापर्व है महाशिवरात्रि: आकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पत्नी गुंजन सक्सेना, पुत्री रिषिता सक्सेना, भाई विकास सक्सेना और परिवार सहित रठौंडा में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर विधायक ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन, संयम, भक्ति और आध्यात्मिक जागरण का महापर्व है। यह वह रात्रि है जब समस्त ब्रह्मांड शिवमय हो उठता है और हर भक्त का हृदय हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठता है। कहा कि धार्मिक स्थलों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जनप्रतिनिधि होने के नाते वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में, जब मानव जीवन तनाव, प्रतिस्पर्धा और अस्थिरता से घिरा है, शिव की साधना हमें शांति, संतुलन और आंतरिक शक्ति प्रदान करती है। विधायक ने भगवान शिव से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, टेकचंद्र गंगवार, अनुज भारद्वाज, प्रमोद लोधी आदि उपस्थित रहे।



पंजाबनगर शिव मंदिर में लगी लाइन।

### स्वार में शिव बरात निकाली, अखाड़े रहे आकर्षण का केंद्र

**स्वार, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को शिव शोभायात्रा नगर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में अखाड़े आर्कषण का केंद्र बिंदु बने रहें। नगर वासियों ने पुष्प वर्षा के साथ पूजा अर्चना कर शिव शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया। नगर के मोहल्ला खास स्वार स्थित प्राचीन बड़ा मंदिर से आदर्श कला निकेतन के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर रविवार को शोभायात्रा निकाली। जिसका का शुभारंभ स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। शिव शोभायात्रा में शंकर जी, राम, लक्ष्मण, लव कुश, राधा कृष्ण, संतोषी मां, काली मां, दुर्गा मां, काली मां, रावण, ऋषि मुनि आदि की झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा में अघोरी, राधा कृष्ण एवं काली का आखाडा मुख्य रूप से आर्कषण का केंद्र बिंदु बने रहें। शिव शोभायात्रा बड़ा प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर सब्जी मंडी, घास मंडी, मुख्य बाजार, कोतवाली मार्ग, स्वार बाजपुर मार्ग, पंजाबी कालोनी, वाल्मीकि बस्ती होते हुए बड़ा शिव मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शिव शोभायात्रा जिधर से भी गुजरी नगर वासियों ने पुष्प वर्षा करने के साथ पूजा अर्चना कर जगह जगह जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा का संचालन टांडा बार के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर शोभायात्रा के संयोजक एवं संचालक धर्मेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष देवेश शर्मा शानू, अर्जुन शर्मा, परमेन्द्र कुमार कालिया, गजेन्द्र भारद्वाज, शिवओम शर्मा, महेन्द्र सैनी, दीपक कुमार नागर, विजय शर्मा, नौबतराम सैनी, शिवओतार सक्सेना मन्नू, ठाकुर सुभाष मौर्य, सर्वेश वाल्मीकि, नाहिद खां, महेन्द्र सैनी, सुशील गुप्ता, मुनेश गुप्ता, गगन सचदेवा, अजेन्द्र राठौर आदि मौजूद रहे। वहीं स्वार में हिंदू मुस्लिम गंगा जमनी तहजीब का भी साफ नजारा देखने को मिला। मुस्लिम समाज के रफीक अहमद अंसारी ने अपनी टीम जमील अहमद अंसारी, आबिद अल्वी, मकसूद अंसारी, हफीजा अंसारी ने शिव बारात पर पुष्प वर्षा कर कलाकारों सहित श्रद्धालुओं को जलपान कराया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे, कोतवाल प्रदीप मलिक, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह,अभिसूचना इकाई प्रभारी सुमित राजपूत समेत भारी पुलिस बल आदि मौजूद रहा।

### कोसी मंदिर बाबा के दरबार में लगी भक्तों की भीड़

**रामपुर,अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर प्राचीन कोसी मंदिर में प्रसाद वितरण, रात्रि में भव्य श्रृंगार एवं दिव्य नाम संकीर्तन का संगम रहा। दिन भर श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भगवान शिव को जल अर्पित किया। हर हर महादेव के जयकारों साथ कांवड़ियों ने भी जलाभिषेक किया। सुंदर पुष्प सज्जा एवं लाइटिंग भी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी सुशील गुप्ता, शिखा गुप्ता, पंडित मृदुल विष्णु, अमन गर्ग, कमल कुमार तुरैहा, धीरेंद्र सक्सेना, मोहित रस्तोगी, विपिन सक्सेना, अजय चौरसिया, निशव शर्मा, विजय सैनी सिद्धि आदि भक्त मौजूद रहे।



कोसी मंदिर स्थित बाबा के दरबार में लगी भक्तों की भीड। • अमृत विचार

### महाशिवरात्रि पर भजन कार्यक्रम व सम्मान समारोह आयोजित

**रामपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर श्री राम कथा प्रसार समिति एकता विहार द्वारा श्री लोकेश्वर नाथ शिव मंदिर, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में भव्य भजन कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। शिव स्तुति एवं राम भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गईं। बम बम भोले और शिव शंकर को जिसने पूजा जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। राज्य अध्यापक पुरस्कार 2025 के लिए चयनित डॉ. गौरव वार्ष्णेय वरिष्ठ प्रवक्ता, रसायन विज्ञान को सम्मानित किया गया। समिति के सदस्य सीताराम शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, गोविंद शर्मा, अशोक कुमार, राजीव कुमार शर्मा, सुनील वैश्य आदि ने उन्हें पगड़ी पहनाई। इस दौरान नीलम वैश्य, सलोनी राजपूत, प्रवीण भांडा, करुणा शर्मा, सोनू शर्मा, अशोक सक्सेना, अजय सक्सेना सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।



महाशिवरात्रि पर सम्मान समारोह में सम्मानित प्रवक्ता गौरव वार्ष्णेय।

### रामपुर में 128 जत्थों के साथ श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**रामपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर रामपुर जिले में कुल 128 जत्थों में 2896 श्रद्धालु पवित्र जल लेने के लिए विभिन्न तीर्थ स्थलों के लिए प्रस्थान किया। रामपुर पुलिस ने ये आंकड़े जारी किए हैं। रामपुर से गए समस्त 128 जत्थों में कुल 2896 श्रद्धालु थे जो पवित्र जल लेकर वापस जिले में आ गए हैं। सभी श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत जलाभिषेक किया और श्रद्धालु सकुशल घर गए हैं। वहीं जिलेभर में भक्तों ने जलाभिषेक किया। रामपुर पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी गई। विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई। वहीं यातायात पुलिस ने मुरादाबाद की ओर जाने वाले ट्रैफिक को शाहबाद, बिलारी होते हुए पास कराया। जबकि मुरादाबाद से रामपुर की ओर जाने वाला ट्रैफिक भी इसी मार्ग से होते हुए रामपुर तक पहुंचा। हाईवे पर जगह-जगह पुलिस के वाहन और पुलिस बल तैनात रहा। वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग भी लगाए गए थे।

### दढ़ियाल में शिवालयों पर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। नगर सहित आसपास के गांवों में सुबह लगभग चार बजे मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही और गंगाजल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कई भक्तों ने भगवान शिव की आराधना के लिए व्रत भी रखा। इस दौरान विभिन्न मंदिरों में कांवड़ियों के जत्थे भी पहुंचे और जलाभिषेक किया। नगर के भरतपुर में स्थित शिव मंदिर, फत्तावाला के शिव मंदिर, पीपल टोला शिव मंदिर रूपापुर सिरका गांव के ऐतिहासिक शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था के बीच महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। पूरे दिन शिवालयों में भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। इस अवसर पर मंदिर परिसरों में प्रसाद वितरण और अटूट भंडारे का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।



दढ़ियाल में शिवालय में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

# जलाभिषेक कर की शिव आराधना

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं द्वारा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने हर हर-बम बम, हर-हर महादेव आदि उद्घोषों के साथ विधि-विधान से जलाभिषेक किया।

श्रद्धालुओं द्वारा नगर के मोहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म मंदिर, माता महाकाली मंदिर, माता पीतांबरा देवी मंदिर, पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर, रामपुर रोड पर शिव मंदिर, लक्ष्मीनगर में लक्ष्मी नारायण मंदिर, मुहल्ला डाम कालोनी में पंचायती राज भवानी मंदिर, श्री शिव शीतला माता मंदिर, शिवबाग मंडी में शिव मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वहीं दूसरी ओर गांव चंदेन तथा बिढ़वा नगला में ऐतिहासिक शिव मंदिरों में कांवड़ियों द्वारा हरिद्वार तथा बृजघाट से पवित्र गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया। साथ ही यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। जबकि पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने रामपुर मार्ग स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इसके अलावा मंदिरों के आस-पास मेले का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं बच्चों ने जमकर खरीदारी कर मेले का लुफ्त उठाया। उधर, सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए उपजिलाधिकारी अरुण कुमार, सीओ हर्षिता सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, ईसानगर चौकी प्रभारी ललित कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



गांव चंदेन स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक करते कृषि राज्यमंत्री औलख।

### बाइकों की टक्कर में साले-बहनोई समेत तीन घायल

**बिलासपुर, अमृत विचारः** हाईवे पर दो बाइकों की टक्कर में साले-बहनोई समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तराखंड के काशीपुर थाना कुंडेश्वरी भट्टा कॉलोनी निवासी धर्मवीर अपने साले सागर के साथ गांव खूंटाखेड़ा में भांजी की शादी में शामिल होने आया था। रविवार को दोनों बाइक से किसी काम से अड्डे पर जा रहे थे। बताया कि हाईवे पर गांव पंजाबनगर के पास कट पर उनकी बाइक आगे जा रही दूसरी बाइक से टकरा गई। इस दौरान दोनों बाइकों पर सवार तीन व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। साले-बहनोई और दूसरी बाइक पर सवार गांव मिलक मुंडी गांव निवासी खलील अहमद को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि तीनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# धूमधाम से निकाली भगवान भोलेनाथ की बरात

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर नगर में श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम के भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई।जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। उधर, मुख्य चौराहे पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की जयमाला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर के मोहल्ला डाम कॉलोनी स्थित श्री शिव शीतला माता मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं द्वारा सुबह सबसे पहले जलाभिषेक किया गया। साथ ही हरिद्वार तथा बृजघाट से गंगाजल लेकर आए का कांवड़ियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात मंदिर के महंत महेंद्र सागर द्वारा भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विशेष पूजन-अर्चन किया गया। वहीं दूसरी ओर सायंकाल साढ़े छह बजे भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। जोकि मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नैनीताल रोड से होकर मुख्य चौराहे पर पहुंची। बारात का श्रद्धालुओं द्वारा जगह पुष्प वर्षा तथा मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया गया। वहीं मुख्य चौराहे पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की जयमाला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आतिशबाजी के बीच जयमाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**• शिव बरात का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

इससे पहले पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने फीता काटकर शिव बारात का शुभारंभ किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, महेंद्र राठौर, सुनील राठौर, अरविंद सैनी, आकाश सैनी, विक्की भारती, कुशल कुमार अग्रवाल, सौरभ सक्सेना, राजीव गुप्ता, सतीश बंसल, सपन अग्रवाल, हरि ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



बिलासपुर में निकली शिव बारात में शामिल झांकियां। • अमृत विचार



शिव बारात में शामिल झांकी ।

## न्यूज ब्रीफ

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा, दी तहरीर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव रवाना लाला उर्फ विशनपुरी निवासी बलजीत सिंह के अनुसार वह रविवार की काम वाली को बुलाने जा रहा था। आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति अपने पुत्र व अन्य साथियों के साथ उसे रास्ते में रोक लिया। बाद में उक्त व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौज करने लगे। विरोध किए जाने पर उसे लाठी-डंडों से प्रहार कर घायल कर फरार हो गए। साथ ही मारपीट की सूचना घायल के परिजन मौके पर गए और घायल बलजीत को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर दिया। इस पर थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। इसके पश्चात आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सिविल लाइंस इंस्पेक्टर का स्वार स्थानांतरण

**रामपुर,अमृत विचार :** अधिवक्ता हत्याकांड मामले में अधिवक्ताओं की लगातार प्रदर्शन के चलते सिविल लाइंस इंस्पेक्टर संजीव कुमार का रविवार को स्थानांतरण कर दिया गया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने तीन थानों के प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया है। सिविल लाइंस थाना का चार्ज कोतवाली थाना प्रभारी ओमकार सिंह को दिया गया है। संजीव कुमार को स्वार थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि स्वार थाना प्रभारी को ओमकार सिंह की जगह कोतवाली थाने का चार्ज दिया गया है। हालांकि अधिवक्ता उनके निलंबन की मांग पर अड़े थे, सोमवार को अधिवक्ताओं ने जीरो प्वाइंट पर प्रदर्शन करने की तैयारी है। ऐसे में पुलिस विभाग ने उच्च अधिकारियों से वार्ता के बाद यह निर्णय लिया है। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर को निलंबित ना करके उनका स्थानांतरण कर दिया गया है। ऐसे में सोमवार को मामले में अधिवक्ताओं का क्या रुख रहेगा, इसके लिए बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी कार्यकारिणी सदस्यों और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं से वार्ता करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस अपना कार्य कर रही है। अधिवक्ता भी शांति बनाए रखें।

# आग लगने से नकदी समेत लाखों का सामान जला

## नकदी समेत छह लाख से अधिक का सामान जलकर राख

संवाददाता, मिलक


आग के बाद कमरे की हालत और मकान मालिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला साहू निवासी रामकुंवर के घर के ऊपर हिस्से में बने कमरे में रविवार को अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कमरे से धुआं निकलता देख मोहल्ले में हड़कंप मच गया। आनन फानन में लोगों की मदद से उन्होंने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लाखों रुपये की कीमत का सामान जल कर राख हो चुका था।

राम कुंवर ने बताया कि घर में कुछ दिन बाद शादी थी तो कमरे में कीमती और जरूरत का सारा सामान रखा हुआ था। शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लगना बताया गय। बताया कि घटना के समय वह घर पर नहीं थे और उनके बच्चे दूध लेने गए हुए थे। आग लगने से करीब 6 लाख रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। अलमारी में

● **आग से सोने-चांदी के जेवर भी जलकर हुए राख**

रखे 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, एलईडी टीवी, फ्रिज, कूलर, दो मिक्सी, मोबाइल फोन, परिवार के सभी शैक्षिक प्रमाणपत्र और बीमा पॉलिसी के कागजात, दो बक्से, लिहाफ-गद्दे और पूरा राशन, उनका बेटा फोटोग्राफी का कार्य करता है। आग में उनके 2 वीडियो कैमरे, लैपटॉप, प्रिंटर और हार्डडिस्क पूरी तरह जल गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है।

## सेमीफाइनल में पहुंचे प्रकाश क्रिकेट क्लब और ज्वाला क्लब

**रामपुर, अमृत विचार:** ज्वाला नगर स्थित रजा टैक्सटाइल ज्वाला क्लब के मैदान पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। इनमें प्रकाश क्रिकेट क्लब व ज्वाला क्लब ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल प्रवेश किया। प्रतियोगिता का तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में प्रकाश क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 162 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए परवेज इलेवन की पूरी टीम 154 रनों पर सिमट गई। प्रकाश क्रिकेट क्लब ने 8 रनों से मैच जीता। चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में ज्वाला क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 186 रन बनाए। लक्ष्य का पीछे करते हुए पाशा क्लब की पूरी टीम 162 रन पर ऑलआउट हो गई। ज्वाला क्लब ने 24 रनों से जीता। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, त्रिभुवन पंडित, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गद्दा फैक्ट्री का दरवाजा काटकर लाखों की चोरी

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार:** स्वार रामपुर मार्ग स्थित एक गद्दा बनाने के कारखाने को चोरों ने निशाना बनाकर एक लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी हो गया। कारखाने में तोड़ फोड़ भी की है।

पीड़ित व्यापारी फईम अंसारी ने बताया कि रायल मेटरेसेस के नाम से गद्दे बनाने का कारखाना है। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने कारखाने का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और गद्दा बनाने की मशीन सहित अन्य सामान में तोड़फोड़ की। चोर कारखाने से लगभग 30 हजार रुपये की वायर, गोदाम में लगी 35 हजार रुपये की लाइटें, तथा 40 हजार रुपये का इन्वर्टर और बैटरा चोरी कर ले गए। सुबह जब मालिक कारखाने पर पहुंचा तो ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर है, जिसका फायदा उठाकर चोर बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन


चोरों द्वारा काटा गया दरवाजा।

● **तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शुरू की मामले की जांच**

से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में कितनी जल्द कार्रवाई कर चोरों को पकड़ पाती है और क्षेत्र में बढ़ते चोरी के आतंक पर लगाम लगा पाती है या नहीं।

## खनन रोकने को नायब तहसीलदार ने मारा छापा

**मसवासी, अमृत विचार:** दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के अकबराबाद कोसी नदी क्षेत्र में एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार ने कोसी नदी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। लेकिन सूचना की भनक मिलते ही अवैध खनन करने वाले वाहनों सहित मौके से फरार हो गए।

शुक्रवार की देर रात टांडा तहसील के नायब तहसीलदार विश्वास कुमार दीक्षित दल बल के साथ कोसी नदी के घाटों पर पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। मसवासी क्षेत्र के भूबरा मुश्तहकम के किसानों का आरोप है कि एक अधिकारी की सांठगांठ से अवैध खनन किया जा रहा है। उनके खेतों में खड़ी फसल को तहस-नहस किया जा रहा है। राजस्व अधिकारियों से शिकायत के बाद भी खनन धंधेबाज के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस मामले में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को ट्वीट कर शिकायत की है कि प्रतिबंध के बाद भी खेतों से अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है जिसमें राजस्व प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है।

# लीक होने पर यूपी बोर्ड का पेपर नहीं होगा निरस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

| | |
|---|---|
| 25,518 | हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की संख्या |
| 21,248 | इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों की संख्या |
| 46,766 | कुल परीक्षार्थियों की संख्या |

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान यदि कोई पेपर लीक हो जाता है तब परीक्षा कैंसिल नहीं होगी बल्कि रिजर्व में रखा गया दूसरा पेपर परीक्षार्थियों में बांटकर परीक्षा को सुचारु रखा जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर दो-दो पेपर सेट पहुंच चुके हैं, नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए बोर्ड ने यह कवायद की है।

जिले के 74 परीक्षा केंद्रों पर 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो जाएगी। रामपुर जिले में 10वीं और 12वीं के कुल 46,766 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में लापरवाही पाए जाने पर केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। नकल विहीन परी यूपी बोर्ड परीक्षा कराए जाने के लिए तमाम तैयारियां मुकम्मल कर

● **इस वर्ष परीक्षा केंद्रों पर भिजवाए गए हैं दो अलग-अलग पेपर सेट**

ली गई हैं। दो-दो सेट में प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों पर पहुंचा दिए गए हैं। यदि पेपर लीक होता है तब रिजर्व में रखे गए प्रश्न पत्रों को परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों को बांटकर परीक्षा पूर्ण करा ली जाएगी। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे और वाइस रिकार्डर भी लगे हुए हैं। परीक्षा केंद्र के 200 मीटर परिधि में कोई तेज आवाज नहीं होने दी जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर साफ पानी, बिजली, शौचालय, जेनरेटर की भी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है।

# सीबीएसई: पहला पेपर गणित का समय से पहुंचे परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **सुबह 9 बजे परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेंगे परीक्षार्थी**

● **सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक होगी परीक्षा**

**अमृत विचार:** सीबीएसई परीक्षा में 17 फरवरी को 10वीं कक्षा का पहला पेपर गणित का होगा। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं ले जा सकेंगे। उनके हाथ बंधी स्मार्ट वॉच भी परीक्षा कक्ष में नहीं ले जाई जा सकेगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9 बजे परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना होगा। इसके बाद वे 9:30 बजे उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश ले सकेंगे।

सीबीएसई परीक्षा में 10वीं के परीक्षार्थियों को सेक्शन वाइज लिखना होगा। सेक्शन में नहीं लिखने पर उनके प्रश्न का सही उत्तर होने के बावजूद अंक नहीं मिलेंगे। सीबीएसई ने इस वर्ष की परीक्षा से यह नियम लागू किया है। परीक्षार्थी की मामूली से चूक उसके लिए बड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। इसलिए



सीबीएसई परीक्षा के लिए तमाम तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। 16 फरवरी को सीटिंग प्लान तैयार कराया जाएगा। 17 फरवरी को 10वीं कक्षा के परीक्षार्थियों का मैथ का पेपर होगा। 18 फरवरी से 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों की भी परीक्षा शुरू हो जाएगा।

– **नीरज तिवारी**, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई परीक्षा

परीक्षार्थी फिजिक्स के सवालों का जवाब फिजिक्स सेक्शन में लिखें और केमिस्ट्री के सवालों का जवाब केमिस्ट्री सेक्शन में लिखें। इसी तरह प्रत्येक सब्जेक्ट के लिए सवालों के जवाब विषयवार सेक्शन में ही लिखना होगा। परीक्षार्थी सुबह 9 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचें इसके बाद वे 9:30 बजे परीक्षा केंद्र में जाएंगे। 10 बजे से पेपर बंटने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 10:15 बजे परीक्षार्थियों के हाथों में प्रश्न पत्र होगा, 15 मिनट तक परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र मिलने का मौका मिलेगा और 10:30 बजे से पेपर शुरू हो जाएगा और दोपहर 1:30 बजे तक पेपर होगा। शहर के सेंट मेरी स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट एंथनी स्कूल, सनवे स्कूल, सेंट पॉल्स स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, ब्रह्मदत्त सरस्वती स्कूल बिलासपुर, आरएएन बिलासपुर, न्यू एज बिलासपुर, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, लीड, इंडिया इंटरनेशनल, केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, किसी भी प्रकार का बटुआ, बैग या स्टडी मटेरियल।

### विशेषज्ञ की राय

## गणित में प्रत्येक सूत्र और सिद्धांत को समझकर करें अभ्यास

**रामपुर, अमृत विचार :** शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ अम्बर वशिष्ठ ने सीबीएसई के परीक्षार्थियों से कहा कि गणित और विज्ञान जैसे विषय केवल याद करने से नहीं, बल्कि समझने से सरल बनते हैं। गणित में प्रत्येक सूत्र और सिद्धांत को समझकर उसका नियमित अभ्यास करना आवश्यक है। विज्ञान विषय में भी तथ्यों को रटने के बजाय उनके पीछे छिपे सिद्धांतों को समझना आवश्यक है। भौतिकी के सूत्र, रसायन विज्ञान की अभिक्रियाएं और जीव विज्ञान के आरेख तभी स्पष्ट होते हैं जब विद्यार्थी उन्हें समझकर अभ्यास करते हैं। नियमित अध्ययन और अभ्यास ही सफलता का वास्तविक आधार है। प्रतिदिन निर्धारित समय पर पढ़ाई करना और प्रत्येक विषय को संतुलित समय देना अत्यंत आवश्यक है। पुराने प्रश्न पत्रों और मॉडल पेपर का अभ्यास करने से परीक्षा के स्वरूप को समझने में सहायता मिलती है तथा समय प्रबंधन की क्षमता विकसित होती है। विद्यार्थियों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि परीक्षा में पहले उन प्रश्नों को हल करें जिनमें उन्हें पूर्ण आत्मविश्वास हो।


अम्बर वशिष्ठ।

# जिले में 92 क्रय केंद्रों पर होगी गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में 92 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद होगी। गेहूं के दाम में वर्ष 2025 के सापेक्ष 160 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। सरकार ने इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है।

गेहूं खरीद 17 मार्च से 15 जून तक की जाएगी। वर्ष 2025 में गेहूं खरीद का लक्ष्य 78 हजार टन था, जिसके सापेक्ष 31007.22 टन खरीद हुई थी। जोकि लक्ष्य का 39.75 प्रतिशत था। वर्ष 2026 में गेहूं के मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा भी किया गया है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जबकि वर्ष 2025 में गेहूं का समर्थन मूल्य

● **2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया समर्थन मूल्य**

2425 रुपये प्रति क्विंटल था। इस वर्ष पिछले वर्ष के सापेक्ष गेहूं खरीद का आंकड़ा बढ़ने का अनुमान है हालांकि, अभी जिले को गेहूं खरीद का लक्ष्य नहीं मिला है। लेकिन गेहूं खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण शुरू करा दिया गया है। इनमें खाद्य विभाग- 12, यूपीएसएस- 12, पीसीएफ- 33, पीसीयू- 27, मंडी समिति- 03 व अन्यों 05 केंद्र मिले हैं। खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए तैयारी शुरू कर दी हैं। खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। गेहूं की दरों में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की गई है।

## पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**मसवासी, अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की 7वीं बरसी पर विकास भारती स्कूल में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा की गई। वर्ष 2019 में हुए इस भीषण हमले में 40 जवान शहीद हुए थे। चेयरमैन संसार सिंह ने कहा कि पुलवामा हमला देश के इतिहास की एक काली घटना है, जिसमें 40 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों से शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में विद्यालय परिवार ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# रमजान माह से पूर्व लाइट और सफाई व्यवस्था की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** वार्ड-36 के सभासद और आम आदमी पार्टी के शहराध्यक्ष मोहम्मद जफर ने कहा कि रमजान के मुबारक महीने से पहले शहर की स्ट्रीट लाइट ठीक कराने व साफ-सफाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पालिका अधिकारियों ने शहर की अंधेरी गलियों और वार्डों में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगवाई हैं। अंधेरी गलियों में लोगों को आवाजाही में परेशानी होगी। मांग है कि पालिका अधिकारी खंभों पर लाइट लगवाएं। नाले नालियों और कूड़े को अभियान चलाकर साफ कराएं। सभासद ने कहा कि पालिका अधिकारियों ने वादा किया था कि माहे रमजान से पहले लाइटें लगवा

● **आम आदमी के नगर अध्यक्ष ने त्योहार से पूर्व की मांग**


मोहम्मद जफर।

दी जाएंगी और कूड़ा नियमित रूप से उठवाया जाएगा। लेकिन मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। बरेली गेट, घंटाघर और अन्य अंधेरे इलाकों में लगे खंभों की लाइटें चालू कराई जाएं ताकि नमाजियों, राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी न हो। नगर पालिका की टीमें माहे रमजान शुरू होने से पहले मोहल्लों में नाले और नालियों की सफाई और कूड़ा उठवाए जाने के लिए अभियान चलाएं।

## न्यूज डायरी

### भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन



**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में ग्राम हरसुनगला में संपन्न हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि तहसील मिलक की पुलिस किसानों का उत्पीड़न कर रही है, जो की हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक हमारे संगठन के किसान को फर्जी केस में फंसाया जा रहा था। जब उसका कोई जुर्म साबित नहीं हुआ तो किसान से पैसों की मांग की गई। मिलक पुलिस का ऐसे रिश्वत खोरों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान अंतरिक्ष पटेल, रामपाल पटेल, फरीद खां, बाबर खा, मुशीब अली खा, अब्दुल रज्जाक खान, समर खा, समीर खा, सुनील मौर्य, फूल सिंह गंगवार, विजयपाल कैशप सहित अधिक संख्या किसान मौजूद रहे।




### स्वयं सेवकों ने रैली निकालकर किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के सात दिवसीय वार्षिक शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं ने ग्राम भुर्जी की मड़ैया में जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने किया। दोपहर गोष्ठी में डॉ. शकील अहमद, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. सोमेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीतों, शेरो शायरी, गजल व सांस्कृतिक कार्यक्रमो में प्रतिभाग किया। सिमरन प्रजापति, हर्षिता, अल्बाज रजा, फैजल, नेहा खान, जैनब, सूफिया, अनु, निदा आदि छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सात दिनों तक चलने वाले शिविर में छात्र छात्राएं ग्रामीण इलाकों में जाकर वहां की जिन्दगी व समस्याओं को जानने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेश कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, घनश्याम सरोज, डॉ. ईरम नईम आदि मौजूद रहे।



### काल रूपी सर्प से बचने के लिए श्रीमद्भागवत ही मुख्य आधार

**रामपुर, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर द्वारा आवास विकास कॉलोनी गंगा मंडप में आयोजित नवम कथा में शनिवार रात भक्तों ने धर्म लाभ लिया। भागवत भूषण पंडित देवव्रत शुक्ल ने बताया कि इस कलयुग में काल रूपी सर्प से बचने के लिए श्रीमद्भागवत ही मुख्य आधार है। मुख्य यजमान सूर्यनाथ यादव एवं पत्नी नीलम यादव और सह यजमान दीपक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, मनोज सक्सेना ने पत्नी सहित व्यास जी एवं व्यास पीठ का पूजन किया। कथा में विष्णु अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अजय अग्रवाल, अंकित कुमार, पीयूष कुमार, नरेश शर्मा, दिलीप गुप्ता, दिनेश कुमार, राधेश्याम यादव, ज्ञानेंद्र जैन, सुशील गुप्ता, धीरेंद्र अग्रवाल, मुक्ता गुप्ता, मंजू गुप्ता, सरिता पांडे, कविता भाटिया, कांति सुषमा, कृष्ण गोपाल शर्मा, राकेश सैनी सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

### गुनाहों से तौबा करने का महीना है मुकद्दस रमजान



**मसवासी, अमृत विचार।** बिजारखाता स्थित बिलाल मस्जिद मे एक जलसा हुआ। जलसे का आगाज मौलाना मोहम्मद अम्मार ने कुरान की तिलावत के साथ किया। उत्तराखंड के जसपुर से आए मौलाना मोहम्मद अखलाक कासमी ने कहा कि रमजान का महीना बडी बरकतों वाला महीना है। रमजान में पांचों वक्त की नमाज की याद आएगी और तरावीह नमाज़ को कान लगाकर ध्यान से सुनना चाहिए। मौलाना साबिर ने मुल्क व मिल्लत के दुआ कराई। इस दौरान मौलाना अली अहमद, मौलाना उबैद उर रहमान, मुफ्ती नजमुल हक, मौलाना हबीबुर्रहमान, कारी मोहम्मद फारूक आदि लोग मौजूद रहे। जलसे की सदारत मस्जिद के इमाम मौलाना इदरीश अहमद अंसारी ने की। और संचालन मौलाना अनीस अहमद ने किया।

**समस्या** मोर्चरी और क्षय रोग अस्पताल तक प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का होता है गुजरना

# जिला अस्पताल में मोर्चरी की जर्जर सड़क से परेशानी

● **सीएमएस ने भी डीएम से सम्बंधित विभाग से सड़क बनवाने को कहा**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में मोर्चरी और क्षय रोग अस्पताल तक सड़क बदहाल है जिसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। बारिश होने पर सड़क पर जलभराव हो जाता है। जिसके कारण स्थिति और भी ज्यादा खराब हो जाती है।

जिला अस्पताल के गेट से मोर्चरी और क्षय रोग अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क में गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण मरीजों और तीमारदारों को काफी परेशानी हो रही है। क्षय रोग अस्पताल में पहुंचने के लिए मरीज को ई रिक्शा चालक जिला अस्पताल के गेट पर उतार देते हैं और टीबी का मरीज जैसे-तैसे कराहता हुआ क्षय


जिला अस्पताल में मोर्चरी की ओर जाती बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल की इमरजेंसी और मोर्चरी की ओर जाने वाली टूटी सड़क बनवाने के लिए जिलाधिकारी से कहा है। जिला अस्पताल की टूटी हुई सड़कों का निर्माण सम्बंधित विभाग से कराया जाए। यह साफ नहीं है कि सड़क नगर पालिका की है या पीडब्ल्यूडी की है।

– **डॉ. बीसी सक्सेना**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल

रोग अस्पताल तक पहुंचता है। इसके अलावा मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए शव पहुंचते हैं। शव को मोर्चरी तक ले जाने और लाने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का इस सड़क से गुजर होता है। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को भी मोर्चरी तक पहुंचना पड़ता है। सड़क पर बजरी ऊपर आ गई है जोकि पैदल चलने वालों के पैरों में कील की तरह चुभती है। लेकिन मरीजों की परेशानी का अहसास किसी को नहीं है।



जिला अस्पताल में गेट से घुसते ही मोर्चरी की ओर मुड़ना पड़ता है लेकिन, यह सड़क इतनी बदहाल हो चुकी है इस पर चलना दुश्वार हो जाता है। जिला अस्पताल प्रशासन सड़क का निर्माण कराए।

– **राकिब खां**



जिला अस्पताल में इमरजेंसी और मोर्चरी की ओर जाने वाली सड़कों की हालत बारिश होने के बाद बहुत खराब हो जाती है। टूटी सड़कों के गड्ढों में बरसात का पानी भर जाता है। सड़कों का निर्माण कराया जाए।

– जुनैद खां



अधिकारी जिला अस्पताल में पहुंचकर वहां साफ-सफाई का निरीक्षण करते हैं। लेकिन, मरीज अस्पताल तक किस दुश्वारी से पहुंचते हैं यह भी देखा जाए। इमरजेंसी की ओर जाने वाली सड़क भी बदहाल है।

– **दिलशाद अहमद**



जिला अस्पताल की सड़कें तो शानदार बनी होना चाहिए। ताकि मरीजों को इमरजेंसी तक पहुंचने में झटका नहीं लगे। एंबुलेंस का पहिया गड्ढे में पड़ते ही मरीज की कराह निकल जाती है। सड़क बनवाई जाए।

– फाइज

अमृत विचार www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ अधिवक्ता मुजाहिद चौधरी सम्मानित

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता, कवि और कुशल मंच संचालक मुजाहिद चौधरी को उनकी उत्कृष्ट विधिक एवं साहित्यिक सेवाओं के लिए भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। एमजेपी इंटर कॉलेज मूंढापांडे के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री राजवीर सिंह, राज्य सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह और सीबीएसई बोर्ड के निदेशक जितेन्द्र कुमार यादव ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस गरिमामयी अवसर पर मुरादाबाद के अपर जिला जज शैलेन्द्र वर्मा, सीजेएम वैभव चन्द्रा, उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह सहित जिला पंचायत सदस्य मो. शमी और भारत सम्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष मौ. कय्यूम खां आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुजाहिद चौधरी को यह सम्मान प्रभावी मंच संचालन शैली और समर्पित सेवाओं के लिए दिया गया।

### शादी में गया था परिवार चोरों ने खंगाला घर

**बिजनौर, अमृत विचार :** चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव स्याऊ में शनिवार की रात परिवार रिश्तेदारी में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। चोरों ने बैठक का ताला तोड़ा और भीतर घुस गए। घर के तीन कमरों को खंगाला और अलमारी व बक्सों में रखे सोने-चांदी के आभूषण, शादी के लिए खरीदे गए कपड़े तथा अन्य कीमती सामान समेट लिया। गृहस्वामिनी नसीमा ने बताया कि ईद के बाद बच्चों की शादी प्रस्तावित थी, जिसके लिए जेवरात और लेन-देन का सामान पहले से जुटाकर रखा गया था। चोर 20 हजार रुपये की नकदी ले गए।

### धार्मिक स्थल में आग लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग

**बिजनौर, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद जिले में धार्मिक स्थल में हुई आगजनी तथा धार्मिक ग्रंथो के हुए अनादर को लेकर शिया समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है। गांव छजुपुरा सादात स्थित जामा मस्जिद आबुतालिब में ज़ोहर की नमाज़ के बाद बैठक में शरारती तत्वों के ख़िलाफ़ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। रविवार को इमामे जुमा मौलाना मेहदी अब्बास ज़ैदी ने कहा कि फर्रुखाबाद जिले में कर्बला नाम का एक पवित्र स्थान है। मुसलमानों के अलावा गैर-मुस्लिम भी इस पवित्र स्थान के प्रति आस्था व श्रद्धा रखते हैं। उसी आस्था के प्रतीक व पवित्र स्थल में कुछ शरारती तत्वों ने आग लगा दी थी।

# सुबह से लेकर शाम तक मंदिरों में होता रहा जलाभिषेक

## रात में हुए कीर्तन, हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ वातावरण, सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले भर में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि का व्रत रखा। सुबह सवेरे से ही श्रद्धालुओं ने शिवालय पर गंगा जल, दूध दही, बेलपत्र, फूल, भांग, धतूरा आदि से जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। परिवार की खुशहाली, सुख समृद्धि की कामना की। हरिद्वार से से कांवड़ लेकर लौटे कांवड़ियों के साथ उनके परिजनों ने भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। दिनभर शिवालयों पर श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही।

रविवार को महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। शहर के श्री वासूदेवतीर्थ मंदिर पर तड़के से भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त मंदिर पर पहुंच गए। लाइनों में लगकर शिवभक्त अपनी बारी का इंतजार करते रहे। लोगों ने परिवार के साथ भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। उधर हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए कांवड़िये डीजे की धुन पर नाचते गाते प्रसिद्ध मंदिरों तक पहुंचे। हर-हर महादेव के जयघोष सुनाई दिए। सुबह से बैठी कांवड़ और जलाभिषेक करने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद दोहपर शाम से खड़ी कांवड़ चढ़ाई गईं। कांवड़ चढ़ाने को लेकर लंबी लंबी कतारें लग गई। महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रीवासूदेवतीर्थ पर लगीं दुकानों से महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीददारी की। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

### ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

शहर के वासुदेव तीर्थ स्थल, नौगांवा सादात का गजस्थल शिवकालिका मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। हर जगह बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की नजर रही। श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर पर पुलिस ने ड्रोन कैमरे से निगरानी की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रही। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर पुलिस बल के साथ सुबह से अलर्ट दिखाई दिए। एसपी अमित आनंद ने शहर के वासुदेव तीर्थ मंदिर परिसर में पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था परखी। पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते मंदिरों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रही। महिला पुलिसकर्मी भी आवारा घूम रहे लड़कों से पूछताछ करतीं दिखाई दी।



श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर पर भगवान शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था परखते एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार



गांव में नाग बना श्रद्धा का प्रतीक।

### बिजनौरा के पौराणिक शिव मंदिरों में उमड़े भक्त

**सैदनगली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को नगर पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में भक्ति की बयार बही। हरिद्वार और बृजघाट से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों के जत्थों ने शहर-हर महादेव के जयघोष के साथ पौराणिक शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया। नगर के प्रसिद्ध बगीचे वाले पौराणिक शिव मंदिर और ग्राम बिजनौरा के शिव मंदिर पर तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने भी बिजनौर शिव मंदिर पर जल चढ़ाया शिव भक्तों ने कतारबद्ध होकर भोले बाबा पर जल चढ़ाया, बेलपत्र अर्पित किए और विशेष पूजा-अर्चना की। क्षेत्राधिकारी हसनपुर और थाना प्रभारी सैदनगली ने भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



### जंगल में नाग के दर्शन को जुटे लोग

**हसनपुर/आदपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आदमपुर क्षेत्र के गांव दरियापुर तुगन के जंगल में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। जिसे देख ग्रामीण भक्ति-विभोर हो गए। यहाँ एक पेड़ पर फन फैलाए बैठे विशालकाय नाग को देख श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नाग देवता के दर्शन को भगवान शिव का साक्षात चमत्कार और विशेष कृपा का संकेत माना है। श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा-अर्चना शुरू कर दी और दूध व फल अर्पित किए। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से इस पावन स्थल को धार्मिक स्थल घोषित करते हुए यहाँ भव्य मंदिर निर्माण का निर्णय लिया है।

### महाशिवरात्रि पर निकाली गई शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब





**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री शिव महादेव सेवा समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर्व पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा कर फीता काट के किया। शोभा यात्रा शिवाला मंदिर से प्रारंभ होगा नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई शिवाला मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में राम दरबार, भगवान शिव की अघोरी बारात एवं महाकाल की आरती आदि झांकियां नगर वासियों का मन हो रही थी। शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में मुकेश गुप्ता, संजय सहदेव, पंकज भटनागर, अर्पण गुप्ता, संजीव सैनी, अध्यक्ष सर्वेश ठाकुर, रवि शंकर सैनी, राजेंद्र यादव, मंकू सक्सेना, नरेश ठाकुर, मनोज यादव, महेश यादव, राकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश यादव, भूरे प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**रहरा, अमृत विचार :** रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर कांवडियों ने गंगेश्वरी के गांव फूलपुर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक किया। इसी के साथ हसनपुर के ग्राम चमर पतेई स्थित श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर पर दर्जनों शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस मौके पर हरभजन सिंह, सुरेश सिंह, सुखविंदर सिंह, अशोक सिंह, नवाब सिंह, विकास गुर्जर, गौरव सिंह, छोटू सिंह, शक्ति सिंह, दिनेश सिंह एवं सुरेंद्र नागर आदि लोग उपस्थित रहे।

### बम बम भोले से गूंजे शिवालय



**हसनपुर, अमृत विचार :** बम-बम भोले और ओम नमः शिवाय के जयकारों के बीच तड़के चार बजे से ही शिवालयों में जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। जो देर शाम तक जारी रहा। नगर के ऐतिहासिक श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में भारी भीड़ रही। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने भी अपनी बारी का इंतजार कर भगवान आशुतोष का अभिषेक किया। आस्था के इस संगम में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी और कोतवाल प्रेमपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मंदिरों का भ्रमण करते रहे।



महाशिवरात्रि पर मंदिर परिसर में भीड़। ● अमृत विचार

### पत्थरकुटी शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**धनौरा, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के गांव पत्थरकुटी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही शिवभक्तों का जनसैलाब मंदिर की ओर उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयघोषों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। सुबह होते-होते मंदिर परिसर ही नहीं, बल्कि आसपास की गलियां और मुख्य मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए। महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों सहित हर वर्ग के भक्त लंबी कतारों में खड़े होकर गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते नजर आए। कांवड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से अलग कतार की व्यवस्था की गई। महाशिवरात्रि मेले ने उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। इस अवसर पर अशोक सैनी, तेजराम सैनी, कमल कुमार अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सौरभ सैनी, जसविंदर सिंह आदि रहे।

### धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व

**गजरौला, अमृत विचार :** गजरौला के चाकेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई। मंदिर के ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भगवान् शिव के भजन गूंजते रहे। रविवार को महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह चार बजे से ही शिवभक्त लाइन में लग गए। चाकेश्वर महादेव मंदिर और प्राचीन शिव मंदिर चौबारा, भानपुर, शिव मंदिर नगला माफी, कुमराला शिव मंदिर, गंगा प्याऊ मंदिर, शिव मंदिर हसनपुर रोड, शिव मंदिर रेलवे स्टेशन, शिव मंदिर बस्ती, जलाभिषेक के दौरान शिव के भक्तों से गूंज उठे। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी तैनात रही, वहीं एसपी अमित कुमार आनन्द व सीओ अंजलि कटारिया और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# कांवड़ियों के जत्थे पर किया पथराव, पांच घायल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी शानू व अदनान।



पुलिस अभीरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती आरोपी इमरान।

- चार नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कांवड़ियों के जत्थे के साथ उपद्रवियों ने मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने पथराव किया, जिसमें पांच कांवड़िये घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी आरोपियों ने पथराव किया। कांवड़ियों का आरोप है कि उपद्रवियों ने कांवड़ खंडित कर दी। आक्रोशित कांवड़ियों ने हाईवे पर जाम लगाकर आक्रोश जताया। दूसरे समुदाय के आरोपियों द्वारा किए गए कृत्य से लोगों में रोष बरकरार है।

यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छेबड़ा की है। दरअसल यहां पर शनिवार की रात को शिव भक्त कावड़ लेकर शिव मंदिर के पास शिविर में रुके हुए थे। मंदिर के पास भंडारा चल रहा था। डीजे की धुन पर कांवड़िए नाच रहे थे। आरोप है कि मंदिर से कुछ दूरी पर दूसरे समुदाय के युवक जन्मदिन की पार्टी कर रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के युवकों ने कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की। जिस पर कांवड़ियों का गुस्सा बढ़ गया और युवकों को वहां से जाने के लिए कहा। इस दौरान वहां पहुंचा एक युवक वीडियो बनाने लगा। जिसका कांवड़ियों ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद दूसरे समुदाय के लोग एकत्रित हो गए और शिव भक्तों से मारपीट करने लगे। सभी ने मिलकर कांवड़ियों और शिव भक्तों पर पथराव करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करने की कोशिश की लेकिन पुलिस के सामने ही हंगामा करते रहे और जमकर कांवड़ियों के साथ मारपीट की। घटना में कांस्टेबल शोएब राजा घायल हो गए। जबकि शिवभक्त विद्या देवी, शिखर, चंद्रशेखर समेत पांच लोग घायल हो गए। कोतवाली पहुंचे शिव भक्तों ने जमकर हंगामा किया और कांवड़ियों पर पथराव कर कांवड़ खंडित करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के लोग भी कोतवाली पहुंचे और जमकर घेराव किया। घटना से शहर में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। दो थानों की फोर्स मौके पर बुलानी पड़ी। हालात को काबू करना पड़ा। पुलिस ने घायल शिव भक्तों को अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले में अभिषेक सैनी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि स्वयं को तथाकथित पत्रकार बताने वाला इमरान शिव भक्तों की वीडियो बना रहा था। जिसको लेकर विवाद बढ़ गया इस दौरान उसने अपने साथियों को मौके पर बुलाया और मारपीट की। घटना के संबंध में इमरान, मुकीम यूनुस अली, मोहम्मद जाहिद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीन आरोपी इमरान शानू और अदनान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इमरान भी घायल हुआ है।

### पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट

**सैदनगली, अमृत विचार :** उझारी के मोहल्ला वन वाली मस्जिद के पास दहेज लोभियों ने एक विवाहिता की बेरहमी से हत्या कर दी।

मृतका आमना के पिता नबाव की तहरीर पर पुलिस ने पति राशीद, जेठ साजिद, जेठानी जैनब, ननद सबीना और सास आयशा के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि करीब सवा साल पहले निकाह के बाद से ही ससुराल पक्ष बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये की अतिरिक्त मांग को लेकर आमना को प्रताड़ित कर रहा था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे आरोपियों ने लात-घूसों व लाठी-डंडों से पीटकर आमना की हत्या कर दी। थाना पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा कायम कर लिया है।

# फर्नीचर की सात दुकानों में लगी आग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



आग के बाद जला पड़ा लकड़ी का सामान। ● अमृत विचार

- लाखों का नुकसान, तीन घंटे में दमकल ने बुझाई आग

**अमृत विचार :** बिजनौर रोड पर स्थित लकड़ी की सात दुकानों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने आसमान छूना शुरू कर दिया। आग की उंची लपटे और आसमान में छाए धुंए के गुबार से इलाके में अफरातफरी मच गई। मौक पर भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से कई लाख रुपयों का नुकसान बताया जा रहा है। दुकानदारों ने अज्ञात पर दुकानो में आग लगाने का आरोप लगाया है।

यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में बिजनौर मार्ग पर रविवार की तड़के सुबह साढ़े तीन बजे हुई। यहां पर स्थित एकेके इंटर कॉलेज के पास एक ही लाइन में लकड़ी की सात दुकानें हैं। जहां फर्नीचर से जुड़ा अन्य सामान बनाकर बेचा जाता है। यह दुकानें स्थानीय शाहिद, आसिफ, शाहनावाज, नफीस व इरफान की है। बताया जा रहा है कि सभी दुकानदार शनिवार रात लगभग आठ बजे दुकानें बंद कर अपने-अपने घर चले गए थे। इन दुकानों में बिजली के कनेक्शन भी नहीं थे। रविवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे संदिग्ध हालत के बीच इन दुकानों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा इलाका धुएं के गुबार से भर गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थानीय पुलिस व लोगों के साथ मिलकर दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक दुकानों के भीतर रखा सामान जलकर राख हो चुका था। अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

### बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में 11 वर्षीय नाबालिग बच्चे के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी 21 वर्षीय दिपांशु को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। यह घटना थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के एक गांव की है। आरोप है कि युवक ने बच्चे को बहला-फुसलाकर जानवर बांधने के स्थान पर ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो चुका था। एसएसआई सतीश कुमार ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## मोबाइल मांगने पर दुकानदार ने दंपती को पीटा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में पत्नी को ससुराल से लेकर लौट रहे युवक ने गांव में रिपेयरिंग के लिए दिए। मोबाइल को दुकानदार से मांगा तो दुकानदार ने दंपती के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि मोबाइल दुकानदार ने अन्य साथियों के साथ महिला के हाथ का एक हथ फूल भी छीन लिया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी भीमसेन गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर अपनी ससुराल से पत्नी पूनम को लेकर अपने गांव जा रहा था। पीड़ित का कहना है कि एक वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर स्थित एक मोबाइल की दुकान पर अपना मोबाइल रिपेयरिंग के लिए दिया था। रविवार की सुबह जैसे ही वह मोबाइल दुकान पर पहुंचा तो उसने दुकानदार से अपना मोबाइल मांगा तो वह गाली गलौज करने लगा, पीड़ित ने गाली देने को मना किया तो दुकानदार ने अपने साथियों के साथ दंपती के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में पत्नी पूनम घायल हो गई। इस दौरान उसके एक हाथ का चांदी का हथ फूल भी आरोपियों ने छीन लिया, पीड़ित दंपति कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार द्वारा बताए गए कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस कप्तान ने साइकिल चलाकर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**बिजनौर, अमृत विचार :** पुलिस कप्तान अभिषेक झा ने महाशिवरात्रि पर रविवार की सुबह साइकिल से श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ सीओ नगर संग्राम सिंह ,थाना प्रभारी समेत तमाम पुलिस कर्मी मौजूद थे।

पुलिस कप्तान अभिषेक झा ने महाशिवरात्रि के दिन करीब 45 किलोमीटर दूर साइकिल चलाकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। मंदिरों के आप पास तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी चेक किया। पुलिस कप्तान ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जल प्रदूषण को लेकर भाकियू ने फूंका पुतला

संवाददाता, गजरौला



पुतला फूंकते किसान यूनियन के लोग। ● अमृत विचार

- प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं किसान

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में रविवार को भी जारी रहा। इस दौरान आक्रोशित किसानों ने जुबिलेंट इन्ग्रेविया फैक्ट्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में गजरौला क्षेत्र में जुबिलेंट इन्ग्रेविया सहित रासायनिक फैक्टियों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट और प्रदूषण ने स्थानीय किसानों व निवासियों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। नाईपुरा इलाके में भूजल का 90 प्रतिशत हिस्सा दूषित हो चुका है, जिससे पेयजल की गुणवत्ता तेजी से गिर रही है। बगद नदी, जो कभी कल-कल बहती थी, अब जहरीले नाले में बदल गई है। इससे कृषि, जैवविविधता और लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू समेत तमाम किसान फैक्टियों पर बिना उचित शोधन के अपशिष्ट नदी और जलस्रोतों में छोड़ने तथा पारंपरिक जलस्रोतों के अत्यधिक दोहन का आरोप लगा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने इसे सामूहिक आत्मघात करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदूषित जल से फसलें बर्बाद हो रही हैं, पशु प्रभावित हैं और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। फरवरी में ही असामान्य गर्मी और हीटवेव का खतरा बढ़ गया है, जो ष्हीट आइलैंड इफेक्टष् को और तेज कर रहा है। किसान नेता प्रशासन पर फैक्टियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। प्रशासन ने हाल में प्रदूषण पर कुछ कार्रवाई शुरू की है, लेकिन किसान लंबे समय तक सुरक्षा और समाधान की मांग पर अड़े हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान होमपाल सिंह, गंगाराम सिंह, होमपाल सैनी, हाजी नन्नु सैफी, रामप्रसाद सिंह, समरपाल सैनी, जाबिर अली, राजपाल सैनी, योगेश सैनी, भूखन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सतीराम सिंह, दिनेश सिंह, भूपसिंह सैनी, सुदेश सिंह, सोमपाल सिंह, अशोक कुमार समेत सैकड़ों किसानों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

अमृत विचार

मुरादाबाद, सोमवार,16 फरवरी 2026 संभल-चन्दौसी

न्यूज ब्रीफ

## दो घरों से देर रात 30 हजार कीमत के तीन बकरे चोरी

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी इमरान के घर रात करीब एक बजे चोर घुसे और 30 हजार रुपये से अधिक कीमत के दो बकरों को खोलकर ले गए। देर रात भैंस के रंभाने पर परिजनों की नींद खुली, तब चोरी का पता चला। चोरों ने पास ही रहने वाले किसान शौकीन के घर से एक बकरी चोरी कर ली। इसके बाद पड़ोसी किसान शराफत के घर बनी पशुशाला में नकब लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन जाग हो जाने पर चोर वहां से भी भाग निकले। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है।

## एक ही रात चार खेतों से ट्यूबवेल स्टार्टर खोल ले गए चोर

**संभल, अमृत विचार :** थाना नखासा क्षेत्र की हिसामपुर चौकी अंतर्गत गांव कसेरुआ में चोरों ने एक ही रात में चार किसानों के खेतों से ट्यूबवेल के स्टार्टर चोरी कर लिए। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के बावजूद पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। उनका कहना है कि चोरों के हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे हैं और उन्हें पुलिस का कोई खौफ नहीं है। किसानों ने शातिर चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ संभल, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## सुबह से ही जलाभिषेक के लिए शिवालयों में कतारों में लगे नजर आये श्रद्धालु, देर रात तक किया दर्शन-पूजन, पुलिस प्रशासन ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर कल्कि नगरी संभल सहित पूरे जनपद में भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भोर से ही बम-बम भोले और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण गूंजने लगा जिले के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

बहजोई के सादातबाड़ी और चंदौसी के बेरनी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। गोमुख, हरिद्वार और बृजघाट से कांवड़ जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया। संभल कोतवाली क्षेत्र स्थित श्रीकृष्णेश्वरनाथ महादेव सूर्यकुंड, हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन स्थित श्रीपातालेश्वर महादेव और चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, नखासा क्षेत्र के गांव फतेहपुर भाऊ स्थित श्रीप्रकटेश्वर महादेव मंदिर तथा असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी स्थित शिव मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर प्रांगण से लेकर सड़क तक पहुंच गईं। यहां महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग कतारें लगाई गई थीं।

चंदौसी तहसील के गांव बेरनी स्थित पांचवीं सदी के श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। वहीं बहजोई ब्लॉक के सादातबाड़ी स्थित श्रीपातालेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से दोपहर तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। भीड़ अधिक होने के कारण गर्भगृह में प्रवेश नियंत्रित किया गया। मान्यता है कि यहां चर्म रोग ठीक होते हैं और श्रद्धालु नारियल की झाड़ अर्पित करते हैं। मंदिर परिसर का निर्माण नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर किया गया है, जहां 551 शिवलिंग विराजमान हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों पर तेरस मेलों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएसी और आरआरएफ तैनात रही। सत्यव्रत पुलिस चौकी स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की गई।



सूर्यकुंड तीर्थ पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



पातालेश्वर महादेव मंदिर पक्का बाग पर कतार में लगे महिला व पुरुष श्रद्धालु।

● पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये

● दिन भर मंदिरों में श्रद्धालु करते रहे भजन-कीर्तन

### जलेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



जलेश्वर शिवालय पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**रजपुरा,अमृत विचार :** विकासखंड रजपुरा के गांव मकसूदनपुर जियानगला, पहलवाड़ा और पाठकपुर के समीप महावा नदी किनारे स्थित जलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों ने जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' के जयकारों से गुंजायमान रहा। करीब एक वर्ष पूर्व महावा नदी किनारे भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग प्रकट हुआ था। इसके बाद से यह स्थान क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र बन गया है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए कांवड़ियों ने भी जलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ के चलते भक्त कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, स्वच्छता और टेंट आदि की व्यवस्थाएं की गईं। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और पुलिस बल तैनात रहा। सुबह चार बजे से शुरू हुआ जलाभिषेक देर तक चलता रहा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

### बेरनी व झारखंड धाम शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर और छाबड़ा के झारखंड धाम शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई और पूर्वाह्न तक भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद, पुष्प, भांग, धतूरा, दूध और गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान 'बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से शिवालय गूंज उठे। थाना प्रभारी लोकेन्द्र कुमार त्यागी पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। सीतारोड स्थित प्रसिद्ध मूंछों वाले शिव मंदिर सहित नगर के अन्य शिवालयों में भी भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और बेर अर्पित कर पूजा की। कैथल क्षेत्र के जुड़वां कुआं स्थित शिव मंदिर में भी कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह और इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने पुलिस बल के साथ प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण किया।



भगवान शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# शिव के जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता,सौंधन

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हरिद्वार से पैदल कांवड़ लेकर लौटे शिवभक्तों ने रविवार तड़के करीब पांच बजे से ही मंदिरों में जलाभिषेक शुरू कर दिया। 'बम-बम भोले' और 'बोल बम' के जयघोषों से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, बेलपत्र, फूल, भांग और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। डीजे की धुन पर नाचते-गाते कांवड़िए मंदिरों तक पहुंचे और भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शिव स्तुति के भजनों से मंदिर परिसर देर तक गूंजता रहा।

सुबह से ही भमोरी पट्टी, सिहबली, नारंगपुर, सारंगपुर, अमवती, गौंहत, रानीवाला और शकरपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों से मंदिरों में पहुंचने लगे। क्षेत्र के गंगहेटा शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगीं, जबकि कोकापुर शिव मंदिर में भी भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिरों के आसपास लगे मेलों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने झूलों और चाट-पकौड़ी का आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन और घरेलू सामान की खरीदारी की। पूरे दिन क्षेत्र शिवमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया।



सौंधन के मंदिर में जलाभिषेक के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● 'बम-बम भोले' और 'बोल बम' के जयघोष दिन भर गूंजते रहे

# महाशिवरात्रि पर गुन्नौर में निकली शंकर जी की बरात

**बबराला, अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के अवसर पर गुन्नौर नगर में भगवान शिव की बरात धूमधाम से निकाली गई। रविवार देर शाम मोहल्ला सराय स्थित शिव मंदिर से बारात का शुभारंभ हुआ। बारात नगर के मुख्य बाजार से होते हुए डाकघर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई।

बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। पूरा नगर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा ।

# श्रद्धा व उत्साह से निकाली भोलेनाथ की पालकी

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर बहजोई में भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा भव्यता से निकाली गई। जिलाधिकारी ने यात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण विश्नोई ने सादातबाड़ी मंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर विधिवत जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर में आए लाखों श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया।

पूजा-अर्चना के उपरांत डीएम और एसपी कस्बा बहजोई पहुंचे, जहां महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा का शुभारंभ किया गया। डीएम ने आरती उतारकर और नारियल फोड़कर यात्रा का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने महाकाल बाबा की पालकी कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान डीएम स्वयं भी भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए और पालकी को कंधे पर उठाकर यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं ने भजनों पर नृत्य किया, जिससे पूरा नगर शिवभक्ति के रंग में रंग गया। महाकाल बाबा की पालकी यात्रा रघुनाथ मंदिर चौकीपार से शुरू होकर पुराना डाकखाना रोड, नया बाजार चौक, पुराना बाजार, आर्य समाज रोड, गोलागंज, ब्रह्म बाजार और इस्लामनगर चौराहे से होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर अनाज मंडी समिति पर संपन्न हुई।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि जनपद में 10 प्रमुख मंदिरों पर मेले का आयोजन किया गया है, जबकि 125 से अधिक छोटे मंदिरों सहित सभी शिवालयों में जलाभिषेक कराया गया। प्रमुख मंदिरों पर 27 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सादात बाड़ी स्थित श्रीपातालेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके और पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ अन्य अधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी और श्रद्धालुओं की भारी मौजूदगी से बहजोई क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया।



पालकी यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ का तिलक करते डीएम। ● अमृत विचार

● जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सादातबाड़ी मंदिर में किया जलाभिषेक

# भारत-अमेरिका समझौते का किया जाएगा विरोध

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** चंदौसी के ग्राम मौलागढ़ में भारतीय किसान यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष अंकित ठाकुर के कैंप कार्यालय पर हाल ही में भारतीय किसान यूनियन के नेता विजेंद्र सिंह यादव को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा। भारत-अमेरिका कृषि समझौते पर बोलते हुए उन्होंने इसे किसानों के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका सरकार अपने किसानों को भारी सब्सिडी देती है और वहां बड़े पैमाने पर खेती होती है, ऐसे में भारतीय किसान खुले बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भारत की वस्तुएं अमेरिका में शून्य टैरिफ पर जाती थीं, जबकि अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर 70 से 80 प्रतिशत तक टैक्स लिया जाता था। पिछले छह महीनों में 25 से 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए गए, जिन्हें घटाकर अब 18 प्रतिशत कर दिया गया है और सरकार इसे उपलब्धि बता रही है। यह समझौता किसानों की आजीविका पर प्रहार है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक यह समझौता रद्द नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। पहले चरण में 12 फरवरी को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जा चुका है। जरूरत पड़ी तो सड़क जाम, दिल्ली कूच और संसद घेराव जैसे कदम भी उठाए जाएंगे।

सभा को अंकित ठाकुर , निर्भय ठाकुर , उदयवीर सिंह यादव, जबर सिंह यादव, हाजी अजीम सैफी, राहत जहां , राजेश मौर्य, आजाद मलिक, नरेश राघव, संजीव शर्मा, पिंटू ठाकुर, प्रमोद सिंह, गोपाल सैनी, लालू ठाकुर और विपिन कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिल्लू ठाकुर ने की, जबकि संचालन अनिल कुमार राजपूत एडवोकेट ने किया।



विजेंद्र सिंह यादव का स्वागत करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● भाकियू पश्चिमी यूपी प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने किसानों के लिए घातक बताया

# बबराला में ई-सिम कन्वर्जन के नाम पर ठगी

**बबराला, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के यारा फर्टिलाइजर कॉलोनी निवासी प्रताप के साथ ई-सिम कन्वर्जन के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। 11 जनवरी को प्रताप के मोबाइल पर एक टेक्स्ट मैसेज आया, जिसमें उनकी सिम को ई-सिम में कन्वर्ट किए जाने की सूचना दी गई। मैसेज के कुछ ही देर बाद उनके बैंक खाते से कुल 28,350 रुपये कट गए।

साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई कर 16,900 रुपये की धनराशि 14 फरवरी को पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने आमजन से अपील की है कि ई-सिम, केवाईसी अपडेट या बैंक संबंधी किसी भी संदिग्ध मैसेज या कॉल पर अपनी गोपनीय जानकारी साझा न करें और ठगी की आशंका होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# जलभराव से परेशान व्यापारियों का धरना

● नाला निर्माण कार्य के कारण 15 दिनों से सड़क पर जलभराव

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला सीकरी गेट में नाला निर्माण कार्य के कारण पिछले करीब 15 दिनों से सड़क पर जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे व्यापारियों और आम लोगों प्रभावित हो रहे हैं। जलभराव के चलते लगभग 50 दुकानों पर ताले लगे हैं और व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

रविवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने सीकरी गेट पर धरना प्रदर्शन कर ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की। युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने बताया कि कई बार अधिशासी अधिकारी को मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर चार से पांच स्कूल हैं। जलभराव के कारण बच्चों का स्कूल जाना भी प्रभावित हो रहा है। घरों और दुकानों में भी पानी घुस रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने अधिशासी अधिकारी को मौके पर बुलाकर जलनिकासी की तत्काल व्यवस्था कराने के निर्देश दिए और ठेकेदार को 24 घंटे में समस्या समाधान का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि अन्यथा उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। धरने में कई व्यापारी और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



गंदे पानी में बैठकर धरना देते व्यापारी। ● अमृत विचार

# महाकाल की शाही पालकी निकाली

**चंदौसी,अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मिनी वृंदावन के नाम से प्रसिद्ध चन्दौसी नगरी में श्रीमहाकाल ग्रुप के तत्वावधान में भगवान महाकाल की भव्य शाही पालकी निकाली गई।

पालकी यात्रा का शुभारंभ सीतारोड स्थित प्रसिद्ध मूंछों वाले शंकर जी मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुआ। इसके बाद महाकाल की शाही पालकी भक्तिमय वातावरण में संगीत और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

यात्रा सीतारोड से प्रारंभ होकर गणेश मंदिर, मनिहार चौक, सुंदर मोहल्ला, बिसौली गेट, पुरानी पैंठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, नमक मंडी, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार और कैथल गेट होते हुए मेला ग्राउंड पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पालकी का स्वागत कर भगवान महाकाल के जयकारे लगाए। इस अवसर पर अनुज वार्ष्णेय अन्नू, कृष्णा वार्ष्णेय, शिवांशु गुप्ता, कुनाल वार्ष्णेय, आयुष वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, गर्वित वार्ष्णेय, अमन सक्सेना सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।



महाकाल शाही पालकी में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● ढोल-नगाड़ों की धुन पर शिवभक्ति में सराबोर हुआ नगर

# महाशिवरात्रि मेले में पार्किंग को लेकर विवाद, मारपीट

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** बहजोई निवासी कपिल ने बताया कि रविवार तड़के वह जलाभिषेक के लिए मंदिर गए थे। उन्होंने एक निजी स्कूल की पार्किंग में अपनी बाइक खड़ी की थी।

जलाभिषेक के बाद जब वह बाइक लेने पहुंचे तो पार्किंग ठेकेदार ने अधिक रुपये मांगे। उन्होंने रुपये दे दिए, लेकिन जब उन्होंने पार्किंग के बाहर शुल्क संबंधी कोई सूचना पट न लगे होने की बात कही तो ठेकेदार ने 5-7 साथियों के साथ गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। कपिल ने बताया कि घटना के बाद वह बहजोई थाने पहुंचे और तहरीर दी। आरोपियों में एक का नाम शोएब है। मेले में अन्य श्रद्धालुओं ने भी पार्किंग में अधिक वसूली और अभद्रता की शिकायत की। नरेश कुमार ने बताया कि पार्किंग कर्मी बाइक के लिए 30 रुपये मांग रहे थे। ग्राम प्रधान लखन यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा मेले के ठेके की नीलामी की गई थी, जिसमें वाहन पार्किंग के शुल्क तय हैं। साइकिल का 5 रुपये, बाइक का 10 रुपये और भारी वाहन का 200 रुपये शुल्क तय है।

● पीड़ित ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

# मेडिकल हिस्ट्री छुपा कराया पत्नी का बीमा, रिपोर्ट

**कैला देवी/संभल अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गौंहत निवासी ताराचंद पुत्र कर्ण सिंह ने अपनी पत्नी कुंता की मेडिकल हिस्ट्री को छुपाते हुए बीमा कराया और बाद में धोखाधड़ी के उद्देश्य से बीमा क्लेम के लिए आवेदन किया। जांच के दौरान मामला संदिग्ध पाए जाने पर शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई गई। कोटक लाइफ इंश्योरेंस बरेली में तैनात बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर दीपक कुमार ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कैलादेवी थाना पुलिस ने आरोपी ताराचंद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# शौचालय में गंदगी व पानी की कमी पर कांवड़ियों का हंगामा



असमोली के शकरपुर सोत गांव में हंगामा करते कांवड़िया। ● अमृत विचार

**असमोली ,अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के शकरपुर सोत गांव में मंदिर के पास बने सार्वजनिक शौचालय की बदहाल स्थिति को लेकर कांवड़ियों ने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। सार्वजनिक सुविधाओं का उपयोग करने के लिए जब श्रद्धालु शौचालय पहुंचे तो वहां अत्यधिक गंदगी पड़ी मिली और पानी का कोई इंतजाम नहीं था। इससे कांवड़ियों में रोष फैल गया और मौके पर कहासुनी की स्थिति बन गई। कांवड़ियों का आरोप है कि शिकायत करने पर ग्राम प्रधान ने कथित रूप से उन्हें डांटकर भगा दिया, जिससे वे और आक्रोशित हो गए। श्रद्धालुओं ने शौचालयों की सफाई कराई और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### मोहन भागवत कल से लखनऊ प्रवास पर



**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के प्रवास के क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 17 व 18 फरवरी को लखनऊ में रहेंगे। इस दौरान वे कुटुम्ब मिलन, सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के साथ संवाद और प्रमुख जन गोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

### एनएचएम को मिले 30 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुपूरक बजट में प्रावधानित 1672 करोड़ 69 लाख रुपये बजट में से मिले काईड एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर मेंटीनेंस के लिए 30 करोड़ 39 लाख 61 हजार रुपये जारी किए गए हैं। बजट से विभिन्न योजनाओं को लेकर अस्पतालों में निर्मित भवन एवं अन्य संसाधन एकत्र किए जाएंगे। इतना ही नहीं, कई योजनाओं में वेतन का इंतजार कर रहे संविदा कर्मियों को वेतन मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

### आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 प्रतिशत तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। फिरोजाबाद के सिरसागंज में 24 .45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह संग्रहालय इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आगंतुकों को इतिहास का जीवंत अनुभव कराएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह म्यूजियम ब्रज क्षेत्र को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संग्रहालय में आर्य समाज की स्थापना, संस्थापक व स्थानीय नेताओं का योगदान, स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका, सिद्धांत, विचारधारा, योग की प्रासंगिकता और वर्तमान समय में उसकी आवश्यकता जैसे विषयों पर अलग-अलग जोन विकसित किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि संग्रहालय "वेदों की ओर लौटो" के संदेश को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करेगा और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

### साथी पोर्टल के दूसरे चरण की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बीज व्यवसाय में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। द्वितीय चरण में 'साथी (सीड ऑथेंटिकेशन, ट्रेसेबिलिटी एंड होलिस्टिक इन्वेंटरी) पोर्टल' के क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 एवं 14 फरवरी को संपन्न हुआ है। कृषि निदेशालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार के तकनीकी विशेषज्ञों तथा एनआईसी के अधिकारियों ने पोर्टल की तकनीकी बारीकियों और संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीज उत्पादन से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग प्रणाली, ऑनलाइन पंजीकरण, स्टॉक प्रबंधन और सत्यापन प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महाराष्ट्र कृषि विभाग की उप कृषि निदेशक डॉ. प्रीति सवाईराम ने महाराष्ट्र में पोर्टल के सफल क्रियान्वयन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इससे बीज गुणवत्ता नियंत्रण और पारदर्शिता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# जनता दर्शन के बाद महादेव के दरबार में लगाई हाजिरी

## महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी मुख्यमंत्री योगी ने जारी रखा जनसेवा अनुष्ठान, सुनी लोगों की शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर


- चिंता मत करें, हर समस्या का होगा समाधान सबकी होगी भरपूर मदद : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी उन्होंने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि 'चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी।' मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। इस दौरान मंदिर परिसर में योगी ने बच्चों पर प्यार लुटाया, अन्नप्राशन भी कराया।

### प्रदेशवासियों के लिए मांगी सुख और समृद्धि

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखपुर स्थित मानसरोवर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर पहुंचे। यहां मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंचामृत स्नान कराया। इसके बाद विधिवत रुद्राभिषेक किया गया।



महाशिवरात्रि पर्व पर गोरखपुर स्थित मानसरोवर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### एमआर टीकाकरण अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के 45 जिलों में सोमवार 16 से 27 फरवरी तक विशेष खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 5 से 10 वर्ष तक के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त डोज दी जाएगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि अभियान के दौरान सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों को सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। एसीएस अमित कुमार घोष ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने बच्चों को विद्यालय में उपस्थित कराकर एमआर वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि खसरा एवं रूबेला जैसे संक्रामक रोगों से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. एच.डी.अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत लगभग 97 लाख बच्चों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# अमित यादव की गिरफ्तारी से गरमाएगा बजट सत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा को मिला लगातार हमलावर सपा नेताओं पर पलटवार का मौका
- नशीले कफ सिरप फेंसेडिल के अवैध व्यापार और तस्करी में शामिल है पूर्व सपा नेता

**अमृत विचार:** करोड़ों रुपये के नशीले कफ सिरप फेंसेडिल के अवैध व्यापार और तस्करी के मुख्य आरोपियों में शामिल पूर्व सपा नेता अमित यादव की गिरफ्तारी से सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा को पलटवार करने का मौका मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले शीतकालीन सत्र में हंगामा कर रहे सपा विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा था कि इस रैकेट में जब सपा के लोग पकड़े जाएंगे और बुल्डोजर चलेगा तो हायतौबा मत करना।

कोडीन कफ सिरप में वाराणसी एसडीएफ ने शनिवार को जिसकी गिरफ्तारी की है, वह अमित कुमार यादव समाजवादी पार्टी युवजन सभा का पूर्व प्रदेश सचिव और हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है। वाराणसी निवासी अमित की गिरफ्तारी वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ रिंग रोड काशीधाम के पास से हुई है। एसटीएफ के अनुसार, मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल का करीबी रहा है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने करोड़ों रुपये की लगभग एक लाख बोतल फेन्सेडिल कफ सिरप को फर्जी कागजातों के जरिए नशा करने वालों और तस्करों को ऊंचे दामों पर बेचा था। नशीली दवाओं को उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक तस्करी करने वाले गिरोह का बड़ा आरोपी अमित यादव के पास से 1 आईफोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड और नगदी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही वाराणसी और लखनऊ में हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड आलोक सिंह (आलोक सिपाही) बताया जा रहा है, जिसे बर्खास्त किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि शुभम जायसवाल, अमित यादव और मिलिंद यादव व्यापारिक साझेदार हैं और फर्जी फर्मों के जरिए नशे का कारोबार करते थे। दिलचस्प यह है कि बजट सत्र के पहले दिन ही सपा विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के भीतर और बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए इसी रैकेट को लेकर आरोप लगाए थे। वे मास्टरमाइंड आलोक सिंह और उसे संरक्षण देने वालों को बचाने का आरोप लगाते रहे। अब अमित यादव की गिरफ्तारी के बाद भाजपा और सहयोगी दलों के मंत्री-विधायक पलटवार करने से पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऐसे में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रुख क्या रहता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# सपा से विधायक बनने की तैयारी में था अमित

## फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी गिरोह का एक और सदस्य वाराणसी में दबोचा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव बनकर गनर के साथ घूमता था सपा सरकार में

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में शनिवार को वाराणसी में बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को सपा नेता व कैंट विधानसभा की तैयारी कर रहे अमित यादव को गिरफ्तार कर लिया। अमित समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव था। वह सपा सरकार में सरकारी गनर लेकर घूमता था। वर्तमान में वह कैंट विधानसभा से सपा के टिकट का प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है। एसटीएफ के अनुसार अमित यादव और कफ सिरप तस्करी गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल का करीब डेढ़ दशक पुराना रिश्ता है। दोनों ही हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के छात्रनेता रहे।

एसटीएफ ने वाराणसी के मैदागिन बड़ा गणेश के नवापुरा निवासी अमित यादव की कुंडली खंगाली। तो सामने आया कि अमित यादव 2012 में हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज का छात्रसंघ अध्यक्ष चुना गया था। समाजवादी युवजन सभा में प्रदेश सचिव बनाया गया था। इस दौरान 2016 में समाजवादी पार्टी ने अमित यादव को सपा सरकार ने उसे गनर भी मुहैया कराया था। वह सपा के टिकट पर 2027 में कैंट से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा है। एसटीएफ के अनुसार अमित यादव को कफ सिरप तस्करी गिरोह से शुभम जायसवाल ने जोड़ा था।

### सीएम ने लिया था सदन में अमित का नाम

कोडीन युक्त कफ सिरप के खुलासे के दौरान विपक्ष द्वारा घेरे जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दिसंबर में सपा नेता अमित यादव का सदन में नाम लिया था। अखिलेश यादव के साथ उसकी फोटो भी साझा की थी। इसके बाद से ही अमित की गिरफ्तारी तय मानी जा रही थी। दो माह से एसटीएफ लखनऊ इकाई की टीम अमित यादव के करीबियों को रडार पर ली थी। अमित सिंह टाटा और आलोक सिंह एसटीएफ, विभोर राणा, विशाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद से ही अमित यादव का नाम आया था। वाराणसी में अमित यादव अधिवक्ता भी है।

### तीन वर्ष में बना करोड़ों का मालिक



आरोपी अमित यादव

एसटीएफ की जांच में सामने आया कि पिछले तीन वर्ष में अमित यादव की आर्थिक स्थिति में काफी तेजी से उछाल आया। घर के पास ही हरिश्चंद्र प्राथमिक विद्यालय के पीछे बहुमंजिला होटल का निर्माण कराया। तीन लग्जरी गाड़ियों के काफिले से चलने लगा। पिछले तीन वर्ष की ट्रैवेल हिस्ट्री निकाली गई तो सामने आया कि वह अक्सर सोनभद्र और झारखंड में रहा है। सप्तसागर दवा मंडी के कुछ युवा दवा कारोबारियों के संपर्क में रहने वाले अमित यादव ने शहर के अंदर दो से तीन कीमती प्रॉपर्टी भी बनाई है। एसटीएफ के अलावा ईडी भी अमित यादव और उसके रिश्तेदारों, करीबियों के बैंक विवरण और संपत्तियों की जांच कर रही है। इसके अलावा अमित यादव ने हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के पास भी एक होटल साझेदारी में तय कर रखी है। जमीन और होटल व्यवसाय में अमित यादव ने अच्छा निवेश किया है।

### तस्करों को ऊंचे दामों पर बेच रहे थे सिरप

आरोपी अमित ने शुभम जायसवाल के कहने पर अपनी फर्म 'जीएल सर्जिकल' (सप्तसागर दवा मंडी, वाराणसी) के नाम पर लगभग एक लाख बोतल कफ सिरप खरीदी। इन बोतलों को कागजों पर अन्य फर्मों को फर्जी बिक्री दिखाया गया, जबकि असल में इन्हें तस्करों को ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध रूप से करोड़ों रुपये का लाभ कमाया गया। शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद की 'शैली ट्रेडर्स' नामक फर्म के जरिए अमित यादव रांची और वाराणसी में एबॉट कंपनी के कफ सिरप का बड़ा कारोबार संचालित करता था।

# नसीमुद्दीन के आने से पीडीए मजबूत : अखिलेश

## मिशन-27 की तैयारी में जुटी सपा की मुस्लिम चेहरे की तलाश हुई पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत कई मुस्लिम नेता सपा में शामिल

**अमृत विचार :** बसपा सरकार में मंत्री रहे कद्दावर नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य दलों के कई नेताओं ने रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। बसपा से जुड़े रहे अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू, डॉ. दानिश खान, पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की। इन नेताओं के आने से सपा ने मिशन-27 के तहत बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है।

पार्टी मुख्यालय में रविवार को सदस्यता कार्यक्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि ये सभी ज्वाइनिंग पीडीए को और सशक्त बनाएंगी। होली मिलन से पहले पीडीए का विशेष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सपा प्रमुख ने कहा कि जो भी पीड़ित और दुखी है, पीडीए उसके साथ खड़ा है।

**शामिल होने वाले नेता :** शामिल होने वाले अन्य नेताओं में दीना नाथ कुशवाहा पूर्व विधायक देवरिया, राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रतापगढ़ सदर, डॉ. दानिश खान एआईएमआईएम कन्नौज पूर्व प्रत्याशी, पूर्व सदस्य विधान परिषद हुस्ना सिद्दीकी, पूनम पाल एवं पहली ड्रोन पायलट इटावा की रंजना पाल प्रमुख रहीं। साथ ही नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ शिव शंकर भुर्जी, शंभू प्रजापति, मो. अयाज आब्दी, चमन लाल पूर्व वामसेफ प्रभारी, राधेलाल रावत, राम जियावन, मौलाना जमीर कासमी, अफजल सिद्दीकी, शाहिद शेख, महोबा के भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य आनंद द्विवेदी, तौकीर आदि तमाम नेता भी सपा में शामिल हो गए।

**2027 पर फोकस :** सपा की इस रणनीतिक ज्वाइनिंग को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सपा सामाजिक समीकरण साधने और संगठनात्मक मजबूती के जरिए भाजपा को कड़ी टक्कर देने की रणनीति पर काम कर रही है।

### पार्टी मजबूत तो हम सब मजबूत : नसीमुद्दीन

सपा में शामिल होने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सपा सरकार में पहली बार दिए गए बेरोजगारी भत्ता, छात्र-छात्राओं को लैपटॉप समेत कई कार्यों की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विजन की खासी सराहना की। उन्होंने कहा कि आज 15 हजार 7 सौ 18 लोग विभिन्न दलों को छोड़कर सपा में शामिल हुए हैं। उनका उद्देश्य समाज को मजबूत करना, कानून-व्यवस्था सुधारना और प्रदेश का विकास करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, किसानों, युवाओं और छात्रों को उनका अधिकार मिलना चाहिए। कहा कि पहले पार्टी का अनुशासन, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश और उसके बाद विचारधारा, इसी क्रम में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य 2027 में सपा सरकार बनाना है और राष्ट्रीय अध्यक्ष को मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाना है।

# आर्थिक रूप से सशक्त पत्नी भी भरण-पोषण की हकदार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने पति का दावा अस्वीकार किया

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण पोषण से संबंधित दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि धारा 125 का उद्देश्य केवल दरिद्रता दूर करना नहीं, बल्कि पत्नी को पति की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के अनुरूप गरिमापूर्ण जीवन मुहैया कराना है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकलपीठ ने पुनरीक्षणकर्ता पति रविंदर सिंह बिष्ट की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने रेखांकित किया कि पत्नी का केवल शिक्षित या कार्यरत होना भरण-पोषण से इनकार का आधार नहीं बन सकता, विशेषकर तब जब दोनों पक्षों की आय क्षमता और वित्तीय स्थिति में स्पष्ट असमानता हो।

मौजूदा याचिका परिवार न्यायालय, गाजियाबाद के अपर प्रधान न्यायाधीश के उस आदेश के खिलाफ दाखिल की गई थी, जिसमें पति को याचिका की तिथि से पत्नी को 15,000 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट में पति ने तर्क दिया कि पत्नी आर्थिक रूप से स्वतंत्र है और उसके आयकर रिटर्न (मई 2018) के अनुसार उसका वार्षिक वेतन 11,28,780 रुपये था, साथ ही यह भी कहा गया कि वह बीमार माता-पिता की देखभाल के कारण नौकरी छोड़ने को विवश हुआ और वित्तीय दायित्वों से बोझिल है।

इसके विपरीत पत्नी की ओर से कहा गया कि पति ने अपनी वास्तविक आय छिपाई है। ट्रायल कोर्ट में दिए बयान के अनुसार वह अप्रैल 2018 से अप्रैल 2020 तक जेपी मॉर्गन में कार्यरत था और लगभग 40 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्राप्त कर रहा था। इस पर कोर्ट ने यह भी नोट किया कि पति अपनी आय में कथित कमी या आर्थिक असमर्थता के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। पति की वित्तीय कठिनाइयों का दावा भी न्यायालय ने निरर्थक बताते हुए अस्वीकार कर दिया।

# ऊर्जा क्षेत्र के अधिकारियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 से 13 मार्च तक मसूरी में होगा पांच दिवसीय कार्यक्रम

**अमृत विचार :** ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से बदलती तकनीक और बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का शासनादेश जारी किया है। यह पांच दिवसीय इन-सर्विस प्रशिक्षण 9 से 13 मार्च 2026 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 'ऊर्जा क्षेत्र: चुनौतियां और उनका समाधान' विषय पर आयोजित होगा।

शासनादेश के अनुसार अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों के साथ केंद्रीय सचिवालय सेवा, केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा और संगठित ग्रुप-ए केंद्रीय सिविल सेवाओं के अधिकारी इसमें भाग लेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार के ऊर्जा, विद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा शहरी विकास विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी नामित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में बिजली उत्पादन, पारेषण व वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण, नियामकीय सुधार, वित्तपोषण, परियोजना प्रबंधन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

### आईएएस का अनिवार्य मिड करियर प्रशिक्षण

आईएएस अधिकारियों के मिड करियर प्रशिक्षण (फेज-5) का 17वां चरण 6 से 24 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगा। इसमें उत्तर प्रदेश कैडर के पात्र अधिकारियों की भागीदारी अनिवार्य रहेगी। इसका उद्देश्य नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना है।

कला-संस्कृति | अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीपोत्सव से रूस के कलाकारों को मिली प्रेरणा

# एवगेनी बनेंगे राम, दारिया निभाएंगी सीता का किरदार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत-रूस संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत, मॉस्को में 20 फरवरी को होगी भव्य रामलीला

**अमृत विचार:** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीपोत्सव से रूस के कलाकारों को मिली प्रेरणा का सांस्कृतिक प्रभाव रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला के रूप में दिखेगा। यह भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत करेगा। एवगेनी-राम, दारिया-सीता, मुरात-लक्ष्मण और दिमित्री-हनुमान का किरदार निभाएंगे।

रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से होने वाली इस रामलीला में रूसी कलाकार भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में अयोध्या का दीपोत्सव वैश्विक पहचान बन चुका है। लाखों दीपों से जगमगाती अयोध्या की छवियों ने दुनिया भर के कलाकारों और सांस्कृतिक संगठनों को आकर्षित किया। योगी सरकार पहले ही रूसी कलाकारों को अयोध्या दीपोत्सव में मंच उपलब्ध



करा चुकी है, जहां उनकी प्रस्तुति ने खास सराहना पाई। उसी अनुभव से प्रेरित होकर मॉस्को में रामलीला का निर्णय लिया गया।

आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम के लिए भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत की विशेष तैयारियां की जा रही हैं। 20 फरवरी को जब मंच पर श्रीराम की लीला सजीव होगी, तो मॉस्को और आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शक भारतीय संस्कृति की भक्ति, मर्यादा और आदर्शों से सराबोर नजर आएंगे। यह रामलीला न केवल नाट्य प्रस्तुति होगी, बल्कि भारत-रूस की सांस्कृतिक एकता और मित्रता की सशक्त मिसाल भी बनेगी।

### भारत-रूस के बीच भावनात्मक सेतु

भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों में रामलीला की परंपरा नई नहीं है। 1960 के दशक में सोवियत अभिनेता पद्मश्री गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव द्वारा मॉस्को में रामलीला मंचन ने दोनों देशों के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ा था। अब यह नया आयोजन उसी परंपरा को आधुनिक संदर्भ में आगे बढ़ा रहा है।

### रूसी दर्शकों में खास उत्सुकता : डॉ. रामेश्वर

रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम केवल धार्मिक मंचन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन के सार्वभौमिक संदेश का उत्सव है। संस्था के प्रमुख डॉ. रामेश्वर सिंह के अनुसार, रामलीला की कथा रूसी दर्शकों के बीच भी गहरी जिज्ञासा और भावनात्मक जुड़ाव पैदा कर रही है।

# अमृत विचार

सोमवार, 16 फरवरी 2026






प्रेम बंधनों में नहीं आता। यह पंखों के साथ आता है।
–सत्यजीत रे, फिल्मकार

## दूरदर्शी परियोजनाएं

साउथ ब्लॉक में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक में जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, वे बुनियादी ढांचे पर केंद्रित दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति का संकेत हैं। रेल, पुल, शहरी परिवहन, पूर्वोत्तर और औद्योगिक निवेश से जुड़े प्रस्तावों का सम्मिलित आकार, जो लगभग चार लाख करोड़ रुपये का है, यदि इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू किया गया, तो इसका असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों पर विशेष रूप से दिखाई देगा। सबसे प्रमुख निर्णयों में रेल और सेतु परियोजनाओं के लिए लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है। पिछले एक दशक में रेलवे का पूंजीगत व्यय कई गुना बढ़ा है। 2013-14 में जहां यह लगभग 63 हजार करोड़ रुपये था, वहीं हाल के वर्षों में यह तीन लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुका है।

यह बताता है कि सरकार लॉजिस्टिक्स लागत घटाने और माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने को प्राथमिकता दे रही है। उत्तर प्रदेश, जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर का केंद्र है और जहां डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के महत्वपूर्ण खंड गुजरते हैं, इन परियोजनाओं से औद्योगिक निवेश और निर्यात क्षमता में बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकता है। 2254 करोड़ रुपये की लागत से नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार ग्रेटर नोएडा और आईटी-औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देगा। इससे रियल एस्टेट, स्टार्टअप इकोसिस्टम और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश पहले ही एक्सप्रेसवे और मेट्रो नेटवर्क विस्तार के माध्यम से बुनियादी ढांचे में निवेश का मॉडल प्रस्तुत कर चुका है; यह कदम उस श्रृंखला को आगे बढ़ाएगा। उत्तराखंड के संदर्भ में, रेल और पुल परियोजनाएं सामरिक तथा पर्यटन दोनों दृष्टियों से अहम हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और रेल संपर्क लंबे समय से विकास की कुंजी माने जाते रहे हैं। चारधाम परियोजना और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन जैसी पहलों के साथ यदि नई स्वीकृतियां जुड़ती हैं, तो राज्य की अर्थव्यवस्था, जो पर्यटन और रक्षा प्रतिष्ठानों पर निर्भर है, उसे स्थायित्व मिलेगा। उत्तर प्रदेश को औद्योगिक केंद्र और उत्तराखंड को सामरिक-पर्यटन हब बनाने की दिशा में यह कदम उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक और आरबीआई के आकलन के अनुसार बुनियादी ढांचा निवेश का गुणक प्रभाव 2 से 2.5 तक हो सकता है, अर्थात एक रुपये के निवेश से दो रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधि उत्पन्न होती है।

ये निर्णय केवल राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे आधारित विकास मॉडल की पुनर्पुष्टि हैं। बशर्ते घोषणाएं धरातल पर उतरें। बेशक, व्यावहारिकता का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। पिछली कैबिनेट बैठकों में घोषित कई परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी और वित्तीय पुनर्संतुलन के कारण विलंबित हुई हैं। यदि परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं, तो वे अगले दशक की आर्थिक संरचना को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं; अन्यथा वे भी कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाने का जोखिम उठाएंगी, इसलिए साफ है कि इन ऐतिहासिक घोषणाओं की सफलता, इन्हें लागू कराने वाली एजेंसियों की समय सीमा प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की सुदृढ़ता ही तय करेगी।

### प्रसंगवश

## बिखरते परिवारों को संजोने की जरूरत

परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है और परिवार नागरिकता की प्रथम पाठशाला भी है। एक बच्चा जब पैदा होता है, तब वह मां की ही गोद में अपनी आंखें खोलता है और मां ही उसकी प्रथम शिक्षिका होती है। मां उसे जो-जो शिक्षा देती जाती है, बच्चा उसी शिक्षा को आत्मसात करता जाता है, इसीलिए ईएम व्हाइट ने कहा, 'परिवार के गुण नागरिकता के गुणो में वैसे ही बदल जाते हैं, जैसे कली खिलकर फूल बन जाती है।' इसी बात को एक विद्वान ने कहा कि बच्चा परिवार का दर्पण होता है, जिसमें उस परिवार के सभी गुण परिलक्षित होते हैं।

उपर्युक्त से प्रतीत होता है कि परिवार हमारे सबके जीवन में कितना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कहते हैं कि परिवार से ही समाज बनता है और समाज से देश। यानी जब हम समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार की परवरिश अच्छे ढंग से करेंगे, तो निश्चित रूप से हम एक सुशिक्षित एवं संस्कारी समाज की ओर अग्रसारित होकर एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं।



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

एक बच्चा पहले परिवार से सीखता है, फिर समाज से सीखता है और फिर वह देश का नागरिक बन जाता है। बहुत पहले हमारे समाज में संयुक्त परिवार का प्रचलन था, लेकिन आधुनिक अबो-हवा एवं बढ़ते हुए पश्चात संस्कृति ने हमारे संयुक्त परिवारों का बंटाधार कर दिया है। संयुक्त परिवार धीरे-धीरे टूट कर एकल परिवारों में परिवर्तित हो रहे हैं, जिससे मानव समाज का जीवन दुष्कर एवं नारकीय होता जा रहा है। हर व्यक्ति के जीवन में सूनापन एवं एकाकीपन है। जीवन के रास्ते पर चलते हुए, यदि उसके जीवन में धक्का लग जाए, तो उसे उठाना तो दूर उसे कोई सांत्वना देने वाला नहीं मिलेगा। आखिरकार हम पढ़-लिखकर सभ्य एवं सुशिक्षित होकर किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं, यह एक विचारणीय यक्ष प्रश्न है, जिस पर आजकल के परिवार एवं समाज को सोचना चाहिए। बदलते आधुनिक परिवेश में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास दिन प्रतिदिन होता जा रहा है, जिससे पारिवारिक विघटन तेजी से हो रहा है।

वैसे तो पारिवारिक विघटन के अनेकानेक कारण हैं, लेकिन कुछेक कारणों का विश्लेषण यहां पर किया जा सकता है। इसमें सबसे प्रमुख एवं महत्वपूर्ण कारण है, आर्थिक कारण। पिछले जमाने में हमारा समाज मूल्यों पर चलता था। समाज में नैतिक मूल्यों का बोलबाला रहता था। अर्थ गौण था, लेकिन आधुनिक समाज ने अब यह काम ठीक इसके उलट कर दिया है, जो आर्थिक रूप से मजबूत नहीं है। उसका समाज में कोई वजूद नहीं है। अर्थ के कारण ही आज आदमी घर-परिवार एवं समाज को छोड़कर दूरस्थ स्थानों पर नौकरी करने के लिए चला जाता है।

रोजगार के अभाव में आजकल लड़के और लड़कियों की शादी समय पर नहीं हो पा रही है। शादी महंगी होती जा रही है। एक शादी करने में लोगों की कमर टूट जा रही है और बढ़ती महंगाई उसमें आग में घी का काम कर रही है, इसीलिए आर्थिक मूल्य के आगे नैतिक मूल्यों को कमतर आंका जा रहा है। दूसरा प्रमुख कारण है, संस्कार। आजकल मां-बाप दोनों कामकाजी हैं और दोनों के कामकाजी होने के कारण बच्चों की परवरिश अच्छे ढंग से नहीं हो पा रही है। नौकरीशुदा बहुओं ने तो परिवार का आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया है। अब यह नई बहुएं परिवार में समायोजन के स्थान पर अपनी नई सरकार चलाती हैं। पति के सब कुछ जानते हुए, मौन के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता नहीं होता है, इसीलिए पारिवारिक मूल्यों को पहचानें एवं उन्हें पुनर्स्थापित करें, तभी पुराना गौरव लौट पाएगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## बांग्लादेश में नया दौर: हिंदुओं के लिए उम्मीद या खतरा?





विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

बांग्लादेश में हाल ही में हुए आम चुनावों ने सबको चौंका दिया है। 12 फरवरी 2026 को हुए इन चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी बहुमत हासिल कर लिया। तारिक रहमान अब नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और उनकी पार्टी ने 209 से ज्यादा सीटें जीतीं हैं, जो दो-तिहाई बहुमत है। जमायते-ए- इस्लामी जैसी पार्टी दूसरे नंबर पर आई है, लेकिन बीएनपी की जीत से लगता है कि लोग बदलाव चाहते हैं।

2024 के छात्र विद्रोह के बाद शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया गया था और ये पहला चुनाव था, जहां लोग आजादी से वोट डाल सके, लेकिन अब सवाल ये है कि क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी? ये सिर्फ एक देश की नहीं, बल्कि इंसानियत की बात है।

सबसे पहले तो बांग्लादेश के इतिहास को समझना जरूरी है। 1971 में जब बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ, तो वो धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में बना था, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती गई। उस समय हिंदू आबादी 30 फीसद के करीब थी, लेकिन अब घटकर 8-9 फीसद रह गई है। क्यों? क्योंकि बार-बार हमले, लूटपाट, बलात्कार और जमीन हड़पने की घटनाएं हुईं। पाकिस्तान के समय में तो हिंदुओं को दुश्मन संपत्ति एक्ट के तहत उनकी जमीनें छीन ली गईं, और ये सिलसिला आज तक चल रहा है। अवामी लीग के समय में भी हमले होते थे, लेकिन बीएनपी और जमात के साथ मिलकर सरकार बनने पर ये और बढ़ जाते थे।

याद कीजिए 2001 का चुनाव। बीएनपी ने जीत हासिल की थी और उसके बाद पूरे देश में हिंदुओं पर संगठित हमले हुए। हजारों घर जलाए गए, महिलाओं के साथ जुल्म हुए और कई लोग मारे गए। मानवाधिकार संगठनों ने रिपोर्ट की कि ये हमले बीएनपी के समर्थकों और जमायते-ए-इस्तामी के लोगों ने किए थे, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता था। पुलिस ने कुछ नहीं किया और सरकार ने इनकार कर दिया। इसी तरह 1990 और 1992 में भी हिंदू मंदिरों पर हमले हुए थे।

बीएनपी की सरकार (2001-2006) में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का कोई सिस्टम नहीं था। जमात जैसी पार्टियां, जो इस्लामी कट्टरपंथ को बढ़ावा देती हैं, उनके साथ गठबंधन से हालात और बिगड़े। 1971 की मुक्ति संग्राम में जमात ने पाकिस्तान का साथ दिया था और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार किए थे। तो बीएनपी की जीत से पुरानी यादें ताजा हो रही हैं।

अब बात करें हाल की। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार आई, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों पर हमलों की बाढ़ आ गई। भारत सरकार के मुताबिक, 2900 से ज्यादा घटनाएं हुईं, जिसमें हिंदू घरों को जलाया गया, मंदिर तोड़े गए और लोग मारे गए। कई हिंदू भारत भाग आए। चुनाव से पहले ये हमले और बढ़ गए। राजशाही में एक हिंदू टीचर कहते हैं कि वो राजनीति पर भरोसा करने के आखिरी कगार पर हैं। ह्यूमन राइट्स सपोर्ट सोसायटी की रिपोर्ट कहती है कि 17 महीनों में 56 हमले हुए, जिसमें एक मौत और 27 घायल। ये हमले सिर्फ हिंदुओं पर नहीं, बल्कि बौद्ध, ईसाई और आदिवासी समुदायों पर भी हुए।

कई लोग कहते हैं कि ये हमले धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक हैं, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता है, तो बदला लिया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार कहती है कि ज्यादातर घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि साधारण अपराध हैं, लेकिन मानवाधिकार संगठन और हिंदू नेता कहते हैं कि ये सिस्टेमेटिक है और चुनाव के समय में बढ़ रहा है। बीएनपी ने चुनाव में हिंदू उम्मीदवार दिए हैं और जमात ने भी एक हिंदू को टिकट दिया। तारिक रहमान ने कहा है कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा देगी, लेकिन इतिहास देखकर डर लगता है।

अगर जमात के साथ गठबंधन हुआ, तो इस्लामी कानूनों की मांग बढ़ सकती है, जो अल्पसंख्यकों के लिए मुश्किल होगी। अब सवाल ये है कि क्या हालत सुधरेगी? बीएनपी की जीत से कुछ लोग उम्मीद कर रहे हैं। चुनाव में वोटर टर्नआउट 59 फीसद था और लोग लोकतंत्र चाहते हैं। बीएनपी ने अर्थव्यवस्था सुधारने और लोकतंत्र बहाल करने का वादा किया है, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए ये टेस्ट होगा। अगर सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो हमले जारी रहेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर भारत को दबाव बनाना चाहिए। भारत ने पहले ही कहा है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जरूरी है। एक्स पर भी लोग बात कर रहे हैं, जैसे एक यूजर ने कहा है कि बीएनपी की जीत से हिंदुओं की सुरक्षा मजबूत होनी चाहिए, लेकिन निगरानी जरूरी है। ये कोई राजनीतिक खेल नहीं है। ये लाखों लोगों की जिंदगी का सवाल है। बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई सबको बराबर हक मिलना चाहिए।

अगर बीएनपी सरकार ने पुरानी गलतियां नहीं दोहराईं और जमात जैसे कट्टरपंथियों को काबू में रखा, तो शायद हालत सुधरे, लेकिन अगर नहीं, तो स्थिति और खराब हो सकती है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि नई सरकार सबको साथ लेकर चले, क्योंकि एक देश तभी तरक्की करता है जब सब सुरक्षित महसूस करें। भारत जैसे पड़ोसी देशों को मदद करनी चाहिए, लेकिन बिना दखल दिए। आखिर में, इंसानियत से ऊपर कुछ नहीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

बांग्लादेश में बीएनपी की जीत बताती है कि लोग बदलाव चाहते हैं। क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी?

### आमने सामने



यह तुलना निंदनीय है और कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। सपकाल को छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।
–देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

भाजपा पहले टीपू सुल्तान का सम्मान करती थी, लेकिन अब ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए उनके खिलाफ माहौल बना रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा स्वयं टीपू सुल्तान की कब्र पर गए थे और आगंतुक पुस्तिका में प्रशंसा लिखकर गए थे।
–सचिन सावंत
कांग्रेस नेता, महाराष्ट्र



## आईटी शेयरों में गिरावट व निवेशकों पर प्रभाव



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पिछले कुछ महीनों में भारतीय शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) सेक्टर में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। एक समय बाजार का नेतृत्व करने वाला यह सेक्टर अब दबाव में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2026 की शुरुआत से कई प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि आईटी इंडेक्स भी अपने पिछले उच्च स्तर से काफी नीचे आ चुका है। यह स्थिति निवेशकों के लिए चिंता का विषय है और यह समझना आवश्यक हो गया है कि आखिर आईटी शेयरों में गिरावट क्यों आ रही है और आगे निवेश की रणनीति क्या होनी चाहिए।

सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। भारतीय आईटी कंपनियों की आय का लगभग 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका और यूरोप से आता है। इन देशों में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है। जब विदेशी कंपनियां लागत कम करने लगती हैं, तो सबसे पहले आईटी सेवाओं के नए अनुबंध प्रभावित होते हैं, जिसका सीधा असर भारतीय कंपनियों की आय पर पड़ता है। दूसरा बड़ा कारण ब्याज दरों का प्रभाव है। पिछले दो वर्षों में अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। इससे कंपनियों की पूंजी लागत बढ़ी और तकनीकी निवेश धीमा पड़ा, हालांकि कुछ केंद्रीय बैंकों ने दरों में नरमी के संकेत दिए हैं, लेकिन अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है, जिससे आईटी सेक्टर पर दबाव जारी है।

तीसरा कारण तकनीकी बदलाव है, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का तेजी से विस्तार। एआई ने आईटी उद्योग के पारंपरिक मॉडल को चुनौती दी है। कई कंपनियां अब कम मानव संसाधन में अधिक कार्य कर पा रही हैं, जिससे पारंपरिक आउटसोर्सिंग सेवाओं की मांग पर असर पड़ने की आशंका बढ़ी है। इससे निवेशकों में यह धारणा बनी है कि भविष्य में आईटी कंपनियों की वृद्धि दर पहले जैसी तेज नहीं रह सकती।

चौथा कारण वैल्यूएशन का संतुलन है। पिछले एक दशक में आईटी कंपनियों को स्थिर आय, उच्च मार्जिन और मजबूत नकदी प्रवाह के कारण प्रीमियम वैल्यूएशन मिलता रहा, लेकिन अब निवेशक उच्च वैल्यूएशन को लेकर सतर्क हो गए हैं और मुनाफावसूली बढ़ी है, जिससे शेयरों में गिरावट आई है।

यदि वैश्विक प्रदर्शन की बात करें तो केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में आईटी और टेक्नोलॉजी शेयरों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। अमेरिका के प्रमुख टेक इंडेक्स में भी पिछले महीनों में अस्थिरता रही है, हालांकि सेमीकंडक्टर और क्लाउड आधारित कंपनियां अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन आईटी सेवाओं और सॉफ्टवेयर आउटसोर्सिंग क्षेत्र में वृद्धि दर धीमी हुई है। यूरोप और एशिया के कई टेक शेयर भी दबाव में रहे हैं। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है, क्योंकि विदेशी निवेशकों की भागीदारी भारतीय आईटी शेयरों में काफी अधिक है।

भारतीय निवेशकों पर इसका प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई देता है। सबसे पहले, जिन निवेशकों के पोर्टफोलियो में आईटी सेक्टर का अधिक वजन है, उनके कुल निवेश मूल्य में गिरावट आई है। दूसरा, कई इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में आईटी कंपनियों की हिस्सेदारी अधिक होने के कारण उनके रिटर्न पर भी असर पड़ा है। तीसरा, बाजार में अस्थिरता बढ़ने से नए निवेशकों का भरोसा अस्थायी रूप से कमजोर हुआ है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या यह आईटी शेयरों में निवेश का सही समय है? इसका उत्तर सीधा नहीं है। अल्पकालिक निवेशकों के लिए आईटी सेक्टर अभी भी जोखिमपूर्ण रह सकता है, क्योंकि वैश्विक मांग में सुधार के संकेत स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह चरण अवसर भी बन सकता है, क्योंकि भारत की आईटी कंपनियां अभी भी मजबूत बैलेंस शीट, उच्च नकदी भंडार और वैश्विक उपस्थिति रखती हैं। चरणबद्ध निवेश और लंबी अवधि का दृष्टिकोण यहां अधिक सुरक्षित माना जा सकता है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति 'शॉक-प्रूफ पोर्टफोलियो' बनाना है। इसका अर्थ है ऐसा पोर्टफोलियो, जिसमें किसी एक सेक्टर की गिरावट पूरे निवेश को प्रभावित न कर सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो में लगभग 30 से 35 प्रतिशत निवेश बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में रखा जा सकता है, क्योंकि यह सेक्टर घरेलू अर्थव्यवस्था की वृद्धि से लाभान्वित होता है। 15 से 20 प्रतिशत निवेश आईटी और डिजिटल कंपनियों में रखा जा सकता है, ताकि भविष्य की तकनीकी वृद्धि का लाभ भी मिलता रहे। इसके अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत निवेश सोना, चांदी या अन्य कमोडिटी में रखना उपयोगी हो सकता है, क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता के समय ये परिसंपत्तियां सुरक्षा प्रदान करती हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

अमेरिका और यूरोप में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है।

### सोशल फोरम

## आयरलैंड की बहादुर प्रेमिका



1972 में आयरलैंड-ब्रिटिश युद्ध के दौरान ली गई यह तस्वीर एक आयरिश लड़की की है। वह अपने मंगेतर की बंदूक से गोली चला रही है, जो ब्रिटिश आर्मी से युद्ध के दौरान घायल हो गया था। उसका घायल मंगेतर एक कार द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिए जाने के कारण बच गया, जबकि प्रेमिका ब्रिटिश सैनिकों से मुठभेड़ के दौरान मारी गई।



अनुपम गुप्ता
ब्लॉगर

जब इंग्लिश सेना के बटालियन कमांडर को यह पता लगा कि वे एक महिला से लड़ रहे थे, तब उन्होंने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे महिला के शव को हांथ न लगाएं और आयरिश लोगों को उसका शव दफ़नाने की अनुमति दे दी। तब उन लोगों ने कमांडर को यह कहते भी सुना कि-

'We defend a queen who doesn't care about us. And this woman cares about her lover and her land.'

'हम एक रानी की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं, जिसे हमारी परवाह नहीं और यह महिला अपने प्रेमी और मातृभूमि की परवाह करती है।'

यह तस्वीर आयरलैंड में महिला दिवस पर सर्वश्रेष्ठ चुनी गई और लिखा गया-

'Don't be afraid to be associated with a strong woman the day may come and she'll be your only army.'

'एक मजबूत महिला को अपनाने से मत डरिए, जब वक़्त आएगा वह तुम्हारा इकलौता हथियार होगी।' –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## बड़े खतरे का संकेत हैं अरावली की दरारें

अरावली पहाड़ियों में उत्खनन से बढ़ रहे खतरे का संकेत पर्यावरण के संरक्षक यूं ही नहीं दे रहे थे! अब इन अनुमानों का सत्य इस पर्वतमाला में पड़ी 12 दरारों से सामने आ गया है। इस कारण अरावली पर्वत श्रृंखलाएं न केवल लगातार कमजोर हुई हैं, बल्कि ये थार रेगिस्तान से पूर्व की ओर खिसकना भी शुरू हो गई हैं। इसके चलते राजस्थान के जयपुर सहित पूर्वी हिस्सों हरियाणा, दिल्ली-राजधानी क्षेत्र और गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों के मरुस्थलीकरण में बदलने का खतरा बढ़ गया है। यह जानकारी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में 1972-75, 1982-84, 1994-96 और विषेश रूप से 2005-2007 के कालखंड में किए गए क्रमिक उपग्रह आधारित अध्ययनों में यह चिंताजनक खुलासा किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार अरावली पर्वतमाला पर बनी 12 बड़ी दरारों के माध्यम से रेगिस्तानी रेत पूर्व की ओर बढ़ रही है। वर्ष 2005-07 के बाद अरावली की रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकने वाली क्षमता में तीव्रता से गिरावट दर्ज की गई है, क्योंकि इसी दौर में गुड़गांव समेत दिल्ली राजधानी क्षेत्र में शहरीकरण के साथ औद्योगिक-प्रौद्योगिक विस्तार के लिए वनों की कटाई के साथ पत्थर उत्खनन में आई तेजी चरम पर पहुंच गई। नतीजतन पर्वतमाला की 12 प्रमुख दरारें अजमेर की मगरा पहाड़ियों से निकलकर झुंझूनूं के खेतड़ी और माधोगढ़ होते हुए हरियाणा के महेंद्रगढ़ तक फैली हुई है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इन्हीं कमजोर हिस्सों से लेकर थार रेगिस्तान की रेत पूर्व की ओर फैल रही है। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भी अपने अध्ययन में चेताया था कि आने वाले वर्षों में रेगिस्तान से उठने वाले रेत के तूफान दिल्ली और एनसीआर तक पहुंचकर इनके पर्यावरण को बड़ी मात्रा में बिगाड़ने का काम कर सकते हैं, लेकिन इन सर्वेक्षणों और अध्ययनों को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की राज्य सरकारों समेत केंद्र सरकार भी अनदेखा करते हुए कथित विकास के विनाशकारी उपायों को बढ़ावा देती रहीं।

अरावली पहाड़ियां दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाएं हैं। लगभग 692 किलोमीटर के दायरे में फैली ये पहाड़ियां गुजरात से शुरू होकर राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली तक पसरी हैं। इन पहाड़ियों का मानव समुदाय के लिए प्राकृतिक महत्व है। इस क्षेत्र में रहने वाले जीव-जगत की सांसें इन पर्वतमालाओं से गुजरने वाली शुद्ध हवा पर निर्भर हैं। इन्हीं पहाड़ियों की ओट पश्चिमी रेगिस्तान को फैलने से रोके हुए है, अन्यथा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की जो उपजाऊ भूमि है, उसे रेगिस्तान में तब्दील होने में समय नहीं लगेगा।

पहाड़ियों की हरियाली नष्ट होने से इस क्षेत्र में शुष्कता का विस्तार हो रहा है और गर्मी बढ़ रही है। नतीजतन जल स्तर आशंका से कहीं ज्यादा नीचे जा रहा है। लोगों में सांस और दमा की बीमारियां बढ़ रही हैं। ये परिणाम नेता, अधिकारी और ठेकेदारों के अकूत लालच की देन हैं। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ये पर्वत श्रृंखलाएं समान परिस्थितियों में तापमान को डेढ़ से ढाई डिग्री तक नियंत्रित रखने और भू-जल के पुनर्भरण में अहम् भूमिका निभाती है। इनमें प्रति हेक्टेयर 20 लाख लीटर भू-जल पुनर्भरण की अद्वितीय क्षमता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि हरियाणा की 8.2 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण के दायरे में है, क्योंकि 2019 तक ही अरावली का लगभग 5.77 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र उत्खनन से तबाह हो चुका था। साफ है, जानकारी होने के बावजूद अरावली संकट को कथित विकास के लिए नजरअंदाज किया गया।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार 2026 की शुरुआत के साथ ही नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। ग्राहकों की रुचि अब पारंपरिक ईंधन से हटकर इलेक्ट्रिक विकल्पों की ओर बढ़ रही है। पहले जहां इस क्षेत्र में कुछ ही कंपनियों का दबदबा था, वहीं अब कई नए ब्रांड और मॉडल बाजार में प्रवेश कर चुके हैं। इससे प्रतिस्पर्धा तेज हुई है और ग्राहकों को ज्यादा विकल्प मिल रहे हैं। बढ़ती जागरुकता, ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच इस बदलाव को गति दे रही है। कुल मिलाकर EV बाजार अब शुरुआती चरण से निकलकर स्थिर विकास की ओर बढ़ता दिख रहा है।

### बिक्री के आंकड़े और बाजार का विस्तार

हाल के महीनों में इलेक्ट्रिक कारों की मांग में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो यह संकेत देती है कि उपभोक्ता अब नई तकनीक को अपनाने के लिए तैयार हैं। रजिस्ट्रेशन और डिलीवरी के आंकड़े बताते हैं कि शहरों के साथ-साथ छोटे नगरों में भी EV की स्वीकार्यता बढ़ रही है। चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार और नई स्कीमों ने ग्राहकों का भरोसा मजबूत किया है। कीमतों में धीरे-धीरे संतुलन आने से भी मध्यम वर्ग के खरीदार इस सेगमेंट की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह रुझान केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि ऑटो इंडस्ट्री के भविष्य की दिशा का संकेत माना जा रहा है, जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी धीरे-धीरे मुख्यधारा का हिस्सा बन रही है।



# भारत का EV बाजार बिक्री में उछाल

### तकनीक, चार्जिंग और उपयोगिता

EV बाजार की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे तकनीकी सुधार एक बड़ा कारण है। बैटरी रेंज में वृद्धि, तेज चार्जिंग विकल्प और स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स ने इलेक्ट्रिक कारों को अधिक व्यावहारिक बना दिया है। शहरों में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ने से लंबी दूरी की यात्रा को लेकर ग्राहकों की चिंता कम हुई है। इसके अलावा, मेंटेनेंस लागत अपेक्षाकृत कम होने के कारण भी लोग EV को दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखने लगे हैं। डिजिटल डिस्प्ले, मोबाइल ऐप इंटीग्रेशन और एडवांस सेफ्टी फीचर्स इस सेगमेंट को आधुनिक और उपयोगी बनाते हैं।

### नए ब्रांड और प्रतिस्पर्धा का असर

बाजार में नए खिलाड़ियों की एंट्री ने प्रतिस्पर्धा को और दिलचस्प बना दिया है। पहले सीमित विकल्प होने के कारण ग्राहक कुछ चुनिंदा मॉडलों तक ही सीमित रहते थे, लेकिन अब डिजाइन, रेंज और फीचर्स के आधार पर कई विकल्प उपलब्ध हैं। इससे कंपनियों को अपनी तकनीक, बैटरी क्षमता और कीमतों पर ज्यादा ध्यान देना पड़ रहा है। नई कंपनियों के आने से पुरानी कंपनियों को भी अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करना पड़ रहा है, जिससे कुल मिलाकर ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं मिल रही हैं। यह प्रतिस्पर्धा बाजार को संतुलित और गतिशील बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।





### भविष्य की संभावनाएं और उपभोक्ता रुझान

आने वाले समय में EV बाजार के और मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है। जैसे-जैसे नई मॉडल लाइन-अप बाजार में आएगी, ग्राहकों की पसंद और भी विविध होगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कुल ऑटो बिक्री में उल्लेखनीय स्तर तक पहुंच सकती है। सरकार की नीतियां, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और तकनीकी विकास इस बदलाव को स्थायी रूप दे सकते हैं। विश्व इलेक्ट्रिक कार बाजार की बात करें तो चीन में पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी की गिरावट आई है। उत्तरी अमेरिका में 33 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। अलबत्ता यूरोप में वृद्धि हुई है।

**मॉय फर्स्ट राइड**

## स्टेयरिंग के पीछे मेरा आत्मविश्वास



जब मैंने पहली बार कार की चाबी हाथ में ली, तो वह सिर्फ एक वाहन की चाबी नहीं थी, बल्कि जिम्मेदारियों का पूरा गुच्छा था। मैं एकल परिवार में रहती हूं और मेरे पति का काम ऐसा है कि उन्हें ज्यादातर समय शहर से बाहर रहना पड़ता है। ऐसे में घर, बच्चे, स्कूल, बाजार और जिंदगी की छोटी-बड़ी जरूरतें- सब कुछ मेरे कंधों पर आ जाता है। पहले यह सब ऑटो, टैक्सी या पड़ोसियों की मदद से चलता था, लेकिन हर बार किसी पर निर्भर रहना मन को कचोटता था।

एक दिन स्कूल से फोन आया- बच्चे की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उस दिन मुझे सबसे ज्यादा अपनी असहायता का एहसास हुआ। उसी शाम मैंने तय कर लिया कि अब कार चलाना सीखना कोई शौक नहीं, जरूरत है। अगले ही हफ्ते ड्राइविंग स्कूल जॉइन किया। पहले दिन स्टेयरिंग पकड़ते हुए हाथ कांप रहे थे। एक्सेलेरेटर और ब्रेक के बीच का संतुलन जैसे जीवन के संतुलन की परीक्षा ले रहा था। इंस्ट्रक्टर की आवाज, पीछे से आते हॉर्न और मन के भीतर का डर सब मिलकर मुझे कई बार रुकने को मजबूर करते रहे, पर हर रुकावट के बाद एक नई हिम्मत भी पैदा होती थी। बच्चों की स्कूल बस पकड़वाने की जल्दी, सब्जी मंडी के भारी थैले और देर रात तक जागते हुए पति की आवाज फोन पर ये सब मुझे आगे बढ़ाते रहे। कुछ दिनों बाद डर धीरे-धीरे आत्मविश्वास में बदलने लगा। पहली बार जब मैं अकेले बच्चों को स्कूल छोड़कर लौटी, तो लगा जैसे मैंने कोई बड़ी जीत हासिल कर ली हो। धीरे-धीरे सड़कें मुझे डराने के बजाय परिचित लगने लगीं। ट्रैफिक सिग्नल, यू-टर्न और तंग गलियां अब चुनौती नहीं रहीं। बच्चों की आंखों में भी गर्व झलकने लगा- "मम्मी अब खुद गाड़ी चलाती हैं।" यह एक छोटा सा वाक्य मेरे लिए बड़ी उपलब्धि बन गया। कार चलाना मेरे लिए सिर्फ एक कौशल नहीं रहा, यह मेरी आजादी का प्रतीक बन गया। अब जरूरत पड़ने पर किसी को फोन नहीं करना पड़ता, किसी एहसान का बोझ नहीं रहता।

बारिश हो या धूप, समय पर अस्पताल पहुंचना हो या अचानक कोई जरूरी काम-स्टेयरिंग के पीछे बैठते ही मुझे अपने फैसलों पर भरोसा होने लगा। आज जब मैं सड़क पर कार चलाती हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने सिर्फ गाड़ी नहीं सीखी, मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा है। यह अनुभव मुझे हर दिन याद दिलाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, अगर हौसला हो तो रास्ते खुद बन जाते हैं।

*-नीलम, कानपुर*

## क्यों एडवेंचर बाइक होती है परफेक्ट टूरिंग मशीन!

लंबी दूरी की बाइक यात्राएं सिर्फ मंजिल तक पहुंचना नहीं, बल्कि हर मोड़, हर रास्ते और हर चुनौती को महसूस करने का नाम है। ऐसे सफर में बाइक सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आपका सबसे भरोसेमंद साथी बन जाती है। यही वजह है कि एडवेंचर बाइकों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। ये बाइक उन राइडर्स के लिए बनाई जाती है, जो हाईवे की रफ्तार, खराब सड़कों की चुनौती और ऑफ-रोड रोमांच तीनों को एक साथ जीना चाहते हैं। एडवेंचर बाइक का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है इसकी ऑल-राउंडर नेचर। मजबूत बॉडी, संतुलित चेसिस और एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ ये बाइक लंबी दूरी की राइडिंग के लिए पूरी तरह तैयार रहती है। चाहे कई सौ किलोमीटर का हाईवे रन हो या अचानक आया खराब रास्ता-एडवेंचर बाइक हर स्थिति में भरोसा देती है।

### रिलैक्स राइडिंग पोजिशन

सीधी और रिलैक्स बैठने की पोजिशन एडवेंचर बाइक को टूरिंग के लिए आदर्श बनाती है। चौड़े हैंडलबार, कंफर्टेबल सीट और सही जगह लगे फुट पेग्स शरीर के वजन को संतुलित रखते हैं। इससे कमर, घुटनों और कंधों पर दबाव कम पड़ता है और लंबी राइड्स आसान हो जाती हैं।

### स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स

आधुनिक एडवेंचर बाइकों में ट्रैक्शन कंट्रोल, राइड मोड्स, क्रूज कंट्रोल और नेविगेशन जैसी सुविधाएं आम हो चुकी हैं। ये फीचर्स न सिर्फ राइड को सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि थकान भी कम करते हैं। खासकर लंबी यात्राओं में।

### एडवांस सस्पेंशन

लंबी यात्राओं में सड़क की हालत सबसे बड़ा रोल निभाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एडवेंचर बाइकों में लंबा ट्रैवल सस्पेंशन दिया जाता है, जो गड्ढों, उबड़-खाबड़ रास्तों और ऑफ-रोड सतह को आसानी से संभाल लेता है। कई बाइकों में इलेक्ट्रॉनिकली एडजस्ट होने वाला सस्पेंशन भी मिलता है, जो लोड और राइडिंग कंडीशन के अनुसार खुद को ढाल लेता है। नतीजा बेहतर स्टेबिलिटी, कम थकान और ज्यादा आत्मविश्वास।

### एयरोडायनामिक डिजाइन

लंबी हाईवे राइड्स में हवा की मार राइडर को जल्दी थका देती है। एडवेंचर बाइकों में दिए गए बड़े फेयरिंग और ऊंची विंडशील्ड हवा को राइडर से दूर मोड़ देते हैं। इससे न सिर्फ शरीर पर दबाव कम पड़ता है, बल्कि लंबी दूरी तय करने के बाद भी राइडर तरोताजा महसूस करता है।

### बड़ा फ्यूल टैंक

एडवेंचर बाइक की पहचान उसका बड़ा फ्यूल टैंक भी है। लंबी दूरी की राइडिंग में बार-बार पेट्रोल पंप ढूंढना परेशानी बन सकता है। ज्यादा फ्यूल कैपेसिटी और बेहतर माइलेज के चलते ये बाइक दूरदराज इलाकों में भी निश्चिंत होकर चलाने का भरोसा देती हैं।




## विदेश में ड्राइव प्लानः IDP को न करें नजरअंदाज

**काम की बात**

इंटरनेशनल ट्रिप की तैयारी करते वक्त हमारी प्राथमिकता अक्सर फ्लाइट टिकट, होटल बुकिंग और वीजा पर ही टिकी रहती है। घूमने की जगहों की लिस्ट बन जाती है, जरूरी गाइडलाइंस भी देख ली जाती हैं, लेकिन अगर योजना विदेशी धरती पर खुद स्टेयरिंग संभालने की हो, तो एक बेहद अहम दस्तावेज अक्सर हमारी ट्रैवल चेकलिस्ट से छूट जाता है। यही दस्तावेज है इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट (IDP)। यह सिर्फ एक औपचारिक कागज नहीं, बल्कि आपकी ड्राइविंग पहचान का अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण है, जो यह साबित करता है कि आप भारत में अधिकृत चालक हैं और दुनिया के कई देशों में कानूनी रूप से वाहन चला सकते हैं। आज के समय में इंटरनेशनल सेल्फ-ड्राइव ट्रैवल का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में IDP आपकी यात्रा को न केवल आसान बनाता है, बल्कि किसी भी कानूनी परेशानी से भी बचाता है। *-फीचर डेस्क*

### IDP क्या और क्यों है जरूरी?

इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट आमतौर पर जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। विदेश में ड्राइव करते समय इसे अपने भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट के साथ रखना अनिवार्य होता है। कई देशों में बिना IDP के न तो कार किराए पर मिलती है और न ही इलीगल तरीके से ड्राइव करने की अनुमति। कुछ जगहों पर भारी जुर्माना या ड्राइविंग पर पूरी तरह प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

अच्छी बात यह है कि अब IDP के लिए आवेदन प्रक्रिया काफी आसान हो गई है। Ministry of Road Transport and Highways के परिवहन (Parivahan) पोर्टल के जरिए आप घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।






### कौन कर सकता है आवेदन?

भारत में IDP के लिए आवेदन करने के लिए कुछ बुनियादी शर्तें पूरी करनी होती हैं। आवेदक का भारतीय नागरिक होना जरूरी है और उसके पास वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस आवेदन की तारीख से कम से कम छह महीने तक वैध होना चाहिए। साथ ही, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी अनिवार्य है।

### IDP के लिए जरूरी दस्तावेज

आवेदन प्रक्रिया के दौरान कुछ अहम दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। इनमें भरा हुआ IDP एप्लीकेशन फॉर्म (Form 4A), वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी, पासपोर्ट की कॉपी (पर्सनल डिटेल और वीज़ा पेज), हाल की पासपोर्ट साइज फोटो, वीजा की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी और एड्रेस प्रूफ शामिल हैं। सभी डॉक्यूमेंट्स सही और स्पष्ट होने चाहिए, ताकि आवेदन में कोई देरी न हो।

### फीस और वैधता

IDP बनवाने के लिए 1,000 रुपये की फीस देनी होती है। यह परमिट जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। यदि भविष्य में दोबारा इसकी जरूरत पड़े, तो नई आवेदन प्रक्रिया के जरिए इसे फिर से बनवाना होता है। भुगतान आप UPI, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग से कर सकते हैं। कुछ मामलों में आधार वेरिफिकेशन या स्थानीय RTO में फिजिकल वेरिफिकेशन की जरूरत भी पड़ सकती है।

### आसान प्रक्रिया है आवेदन की

परिवहन सारथी पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करें, जहां से आपका ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुआ है। ड्राइविंग लाइसेंस सेक्शन में जाकर इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ड्राइविंग लाइसेंस नंबर और जन्मतिथि दर्ज करें, जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और फीस का भुगतान कर दें।

### विदेश में IDP इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें

विदेश में ड्राइव करते समय हमेशा अपना भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और IDP साथ रखें। जिस देश में जा रहे हैं, वहां के ट्रैफिक नियमों और रोड साइन की जानकारी पहले से ले लें। अगर कार किराए पर ले रहे हैं, तो रेंटल कंपनी को IDP के बारे में जरूर बताएं। कुछ देशों में विदेशी ड्राइवरों के लिए अलग उम्र सीमा या नियम हो सकते हैं।

## एफपीआई का फरवरी में 29,714 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में अब तक भारतीय बाजार में 29,714 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में इक्विटी में 19,675 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने 1,078 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है।

# एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां

## इक्रियर की रिपोर्ट : 63% कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और डेटा कौशल की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) की स्वीकार्यता बढ़ने से विशेष रूप से प्रवेश स्तर की भर्तियां प्रभावित हुई हैं। ओपनआई के समर्थन से इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनमिक रिलेशंस (इक्रियर) के एक अध्ययन के मुताबिक एआई को अपनाने से पूरे क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर प्राथमिकताएं बदल रही हैं। करीब 63 प्रतिशत कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और एआई या डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी है, क्योंकि एआई उनके मुख्य कामकाज के साथ एकीकृत हो गया है।

'एआई एंड जॉब्सः दिस टाइम इज नो डिफरेंट' शीर्षक वाली रिपोर्ट भारत में अब तक के जेन एआई स्वीकार्यता के कंपनी स्तर का आकलन है। यह अध्ययन नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच किया गया। इसमें भारत के 10 शहरों की 650 सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की प्रतिक्रिया शामिल है। इसमें बताया गया है कि कंपनियों ने कहा है कि एआई की वजह से नियुक्तियों में मामूली कमी आई है। मुख्य रूप से प्रवेश स्तर पर ऐसा देखने को मिल रहा है। साथ ही मध्यम और शीर्ष स्तर पर भर्तियों में स्थिरता भी है। रिपोर्ट कहती है कि सॉफ्टवेयर डेवलपर और डेटाबेस प्रशासक जैसे एआई की जरूरत वाले क्षेत्रों में मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई से सबसे ज़्यादा प्रभावित 1,900 से ज्यादा कारोबारी खंडों में उत्पादकता में बढ़ोतरी, गिरावट से काफी ज्यादा है। सर्वे में शामिल आधी से ज्यादा कंपनियों ने कहा कि वे पहले से ही जागरूकता या प्रशिक्षण के जरिए एआई को अपनाने में मदद कर रही हैं। वहीं 38 प्रतिशत अन्य ने कहा कि वे ऐसा करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण का दायरा अभी सीमित है और सिर्फ कुछ ही कंपनियों का कहना था कि पिछले साल उनके आधे से ज़्यादा श्रमबल ने एआई से जुड़ा प्रशिक्षण हासिल किया है।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में तैयारी पूरी हो गई हैं।

### एआई की मांग से लेनोवो इंडिया का राजस्व 7% बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लेनोवो इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में अपने राजस्व में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो बढ़कर 8,145 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी के अनुसार, भारत में डिजिटलीकरण की गति, एआई को तेजी से अपनाए जाने और मोबाइल, कंप्यूटर/लैपटॉप व अवसंरचना खंडों के मजबूत प्रदर्शन से इस विकास को बल मिला है। लेनोवो इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कट्याल ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी एक बार के उछाल के बजाय निरंतर बनी रहने वाली मांग को दर्शाता है। हम भारत में डिजिटलीकरण की व्यापक गति से बेहद उत्साहित हैं। लेनोवो को फोन, कंप्यूटर/लैपटॉप, टैबलेट और अवसंरचना समाधानों के विस्तृत पोर्टफोलियो का लाभ मिल रहा है।

### एआई का जनकेंद्रित, होना जरूरी : आईटी सचिव

नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट से पहले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने कहा है कि भारत दुनिया को जो खास संदेश देना चाहता है, वह यह है कि एआई को जनकेंद्रित और समावेशी रहना चाहिए और इसमें एआई संसाधनों तक लोकतांत्रिक तरीके से पहुंच हो। कृष्णन ने कहा, एआई को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक ताकत होना चाहिए, जिसमें भारत और वैश्विक दक्षिण सहित दुनिया के सभी हिस्सों में वृद्धि को बढ़ावा देने की क्षमता हो। एआई संसाधन तक लोकतांत्रिक पहुंच होनी चाहिए और इसे इस तरह से किया जाना चाहिए कि लोग और इंसान इस प्रक्रिया के केंद्र में हों। जैसे-जैसे देश अलग-अलग क्षेत्र में एआई को अपनाने की तैयारी कर रहे हैं, भारत उभरती प्रौद्योगिकी की दुनिया में बराबर वृद्धि के लिए खुद को एक आवाज के तौर पर पेश कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत-ब्रिटेन सीईटीए के अप्रैल में लागू होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई 2025 में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के अप्रैल 2026 में लागू होने की संभावना है। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत उत्पाद ब्रिटेन में बिना किसी शुल्क के भेजे जा सकेंगे जबकि भारत में ब्रिटेन से आने वाली कारों और व्हिस्की पर कम शुल्क लगेगा। एक अधिकारी ने बताया, हमें इस समझौते के अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है। दोनों देशों ने दोहरा अंशदान संधि पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

### मोरक्को को इस साल भारत से 80,000 पर्यटक आने की उम्मीद

**मुंबई।** मोरक्को को इस साल पिछले साल की वृद्धि गति के अनुरूप भारत से लगभग 80,000 पर्यटकों के आगमन की उम्मीद है। मोरक्को के राष्ट्रीय पर्यटन कार्यालय (एमएनटीओ) के भारत कंट्री जनरल मैनेजर जमाल यूनिस किलिटो ने बताया, हमारे यहां 2025 में कुल दो करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए, जिनमें से 54,000 पर्यटक भारत से थे। यह 2024 की तुलना में भारत से आने वाले पर्यटकों में 31 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। 2024 में भारत से 41,000 पर्यटक आए थे।

### रूसी प्रतिनिधिमंडल का पुतिन के शीर्ष सहयोगी करेंगे नेतृत्व

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वरिष्ठ सहयोगी मैक्सिम ओरेश्किन सोमवार से नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'एआई इम्पैक्ट समिट' में एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। ओरेश्किन जो क्रेमलिन स्टाफ के उप प्रमुख और राष्ट्रपति पुतिन के आर्थिक सहयोगी हैं, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में रूसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। क्रेमलिन के एक सूत्र ने बताया कि ओरेश्किन का चयन दोनों देशों के बीच एआई सहयोग के रणनीतिक प्रयास को रेखांकित करता है।

## सोने-चांदी की कीमतों में जारी रहेगी गिरावट

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि, सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है।

विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर खास नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यापारी संभावित ब्याज दरों में कटौती का समय और गति समझने के लिए अमेरिका के श्रम संबंधी आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण और फेड के अधिकारियों के बयानों पर नजर रखेंगे।



**विश्लेषकों की राय**

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि जीडीपी पर आने वाले अमेरिकी आंकड़े और व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति संख्या और फेडरल रिजर्व के अधिकारी की टिप्पणी पर ध्यान केंद्रित होने से अस्थिरता बनी रहेगी।

## कीमतों में उतार-चढ़ाव के बाद भी जारी रहेगी सोने की खरीदारी

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अजय चावला ने कहा है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारतीय खरीदारों को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्राहक अब कीमतों में गिरावट को अवसर मानकर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, बिलकुल शेयर निवेशकों की तरह। चावला ने कहा कि पहले कई ग्राहक महंगी कीमतों के कारण सोना खरीदने में देरी करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी रणनीति बदल ली है और कीमत गिरने पर सोना खरीदना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि अनिश्चित समय तक इंतजार करें।

## रेलिगेयर बीमा कारोबार और वित्तीय सेवा को अलग करेगी

**नई दिल्ली।** बर्मन परिवार समर्थित रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने अपने वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को दो अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने यह कदम शेयरधारकों के लिए परिसंपत्तियों का मूल्य बढ़ाने और अपनी भावी व्यावसायिक कार्ययोजना को और अधिक स्पष्ट एवं केंद्रित करने के उद्देश्य से उठाया है।

वित्तीय सेवा कंपनी ने कहा कि फरवरी, 2025 में बर्मन परिवार द्वारा रेलिगेयर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद से यह कंपनी की ओर से पहला बड़ा पुनर्गठन है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पास 'केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड' में अपनी हिस्सेदारी बनी रहेगी, जो मुख्य रूप से बीमा क्षेत्र पर केंद्रित इकाई के रूप में काम करेगी। वहीं, कर्ज देने, ब्रोकिंग, निवेश गतिविधियों और संबंधित सेवाओं से जुड़े वित्तीय सेवा कारोबार को 'रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड' (आरएफएल) को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

## शीर्ष 10 में छह कंपनियों का 3,00,706 करोड़ रुपये घटा बाजार पूंजीकरण

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के कारण बीएसई की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,00,706 करोड़ रुपये घट गया, जबकि चार अन्य कंपनियों के एमकैप में 1,68,819 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव के बीच टीसीएस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 90,199 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 70,780 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक में 54,628 करोड़ रुपये की गिरावट रही। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को एमकैप में 41,883 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को 23,972 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,245 करोड़ रुपये कम हुआ। सबसे बड़े सार्वजनिक ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में 12 प्रतिशत से अधिक की साप्ताहिक तेजी के कारण उसका एमकैप 1,22,213 करोड़ रुपये बढ़ा।



- घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट का असर

बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,414 करोड़ रुपये और निर्माण कंपनी एलएंडटी का 14,471 करोड़ रुपये बढ़ गया। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 5,720 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,21,476 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 13,93,622 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और भारती एयरटेल 11,43,044 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## प्रतिबंधों के कारण वेदांता ने नायरा को घरेलू कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रूस की रोसनेफ्ट समर्थित रिफाइनरी कंपनी की निर्यात आमदनी पर भी पड़ा असर

रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। इससे उसकी निर्यात आमदनी पर असर पड़ा है।

नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच से 10 प्रतिशत था। इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी।

सूत्रों ने बताया कि अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है। केयर्न के एक प्रवक्ता ने कहा, हम विशेष ग्राहक अनुबंध या वाणिज्यिक व्यवस्था पर टिप्पणी नहीं करते हैं।



# अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह

## गृहमंत्री ने कहा- भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्ष के आरोप हास्यास्पद

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौतों को लेकर किसानों को गुमराह करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार ने देश के कृषि और दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों की पूरी तरह से सुरक्षा की है।

शाह ने व्यापार समझौतों से भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्षी दल के आरोपों को हास्यास्पद बताया। शाह ने कहा, जब कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में खड़े होकर किसानों की सुरक्षा की बात करते हैं तो मुझे हंसी आती है। कांग्रेस का देश को गुमराह करने का एक लंबा इतिहास रहा है और अब वे व्यापार समझौतों को लेकर झूठ फैला रहे हैं। शाह भारत की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की शुरुआत करने के बाद गांधीनगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने हर समझौते में किसानों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, मैं इस देश के किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका के साथ हुए हर व्यापार समझौते में मोदी ने आपके हितों की पूरी तरह सुरक्षा की है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस की इस आलोचना का उल्लेख करते हुए कि ये समझौते भारत के डेयरी क्षेत्र को नष्ट कर देंगे, शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैला रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन समझौतों पर हस्ताक्षर करके भारत के डेयरी क्षेत्र को खत्म कर दिया है। शाह ने कहा, हमने डेयरी क्षेत्र का विस्तार किया है, इसे कमजोर नहीं किया। सभी समझौतों में डेयरी (क्षेत्र) को पूर्ण संरक्षण दिया गया है।


गांधीनगर में शाह ने सीबीडीसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शुरुआत की।

### बहस करने के लिए कोई भी मंच चुन लें राहुल

अमित शाह ने गांधी को इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बहस करने की चुनौती दी। शाह ने कहा, राहुल गांधी जी, कोई भी मंच चुन लीजिए। यहां तक कि भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनके कल्याण के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने हाल ही में भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिए जाने की घोषणा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पहले कहा था कि पिछले महीने भारत और ईयू ने प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत पूरी की, जिससे दोनों पक्षों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।

## अमेरिका से समझौता भारतीय किसानों से विश्वासघात: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर हमला तेज करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई सवाल किए और किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। राहुल ने सरकार पर इस समझौते के जरिए आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह मुद्दा देश के भविष्य से जुड़ा है।



- कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से किए कई सवाल, अमेरिका के आगे आत्मसमर्पण का आरोप लगाया

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या भारत किसी दूसरे देश को अपने कृषि क्षेत्र पर दीर्घकालिक नियंत्रण हासिल करने की अनुमति दे रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा, अमेरिका से व्यापार समझौते के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि ड्राइड डिस्टिल्ड ग्रेन (डीडीजी) के आयात का क्या मतलब है। राहुल ने कहा, क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम (आनुवांशिक रूप से परिवर्तित) अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिल्ड ग्रेन खिलाए जाएंगे। क्या इससे हमारे दुग्ध उत्पाद अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे।

उन्होंने सवाल किया अगर भारत जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देता है, तो मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा। उन्होंने पूछा, वे कीमतों में गिरावट का एक और झटका कैसे झेल पाएंगे। राहुल ने कहा, जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं तो उसमें क्या-क्या शामिल है। क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोले जाने के दबाव का संकेत है। गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है। क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपना रुख ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा। राहुल ने कहा कि एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खोले जाने से कैसे रोका जाएगा। क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा।

## केरल में पुरस्कार विजेता किसान ने कर्ज के बोझ के कारण की आत्महत्या

**कन्नूर।** कन्नूर जिले के चेरुपुझा में 62 वर्षीय पुरस्कार विजेता किसान ने बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान चेरुपुझा के इदावरम निवासी अंबट्टू इलियास के रूप में हुई है।

परिवारिक सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कीटनाशक का सेवन किया था और तीन दिन पहले अपने खेत में गंभीर हालत में पाए गए थे। जिले के एक निजी अस्पताल में इलियास का इलाज हो रहा था, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि लाखों रुपये का कर्ज होने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इलियास लगभग चार दशकों से कन्नूर और पड़ोसी जिले कासरगोड के पहाड़ी क्षेत्रों में पट्टे पर ली गई जमीन पर सब्जियां उगा रहे थे। उन्होंने इस मौसम में भी लगभग 2,500 केले के पौधे लगाए थे, लेकिन उनकी आय उपज के अनुरूप नहीं थी, जिससे वह परेशान थे।

## बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा व मतदान नौ मार्च को: रीजीजू

तवांग, एजेंसी

- कहा- विपक्ष ने हंगामा किया तो बिना चर्चा के पारित कराएंगे अहम विधेयक


केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और उसके बाद मतदान नौ मार्च को होगा। रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक निर्धारित है। उन्होंने कहा सत्र दिलचस्प होगा क्योंकि कई अहम विधेयक को संसद में चर्चा और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा।

रीजीजू ने चेतावनी दी कि अगर विपक्षी दल सत्र के पहले चरण की तरह विरोध को जारी रखते हैं तो अंततः यह उनके लिए ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा, नौ मार्च को लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। नियम के अनुसार इस पर पहले दिन ही चर्चा होती है। चर्चा के बाद मतदान होगा। रीजीजू ने बताया कि सत्र के दूसरे चरण के दौरान सरकार चर्चा के लिए विशिष्ट मंत्रालयों की पहचान करने की योजना बना रही है।

उन्होंने कहा, लोकसभा में हम पांच मंत्रालयों में अनुदान मांगों पर चर्चा करेंगे और राज्यसभा में हम पांच अन्य मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में अनुदान की मांगों पर नहीं बल्कि मंत्रालयों पर चर्चा होगी। रिजीजू ने बताया कि सरकार राज्यसभा में चर्चा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी और फिर लोकसभा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण रोचक होगा और कहा, यदि विपक्ष सदन की कार्यवाही में खलल डालता है तो हम बिना किसी चर्चा के उसे पारित करा देंगे। यह उनके लिए करारा झटका होगा।

## महाशिवरात्रि का सार... ईश्वर में विश्वास और स्वयं में विश्राम : श्रीश्री रविशंकर

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मानवता को शांति और संतुलन का संदेश दिया। बेंगलुरु स्थित आश्रम में आयोजित विशेष सत्संग के दौरान उन्होंने जीवन को आनंदमय बनाने के लिए दो मूलभूत सत्यों को अपनाने पर जोर दिया।



- महाशिवरात्रि पर मानवता को दिया शांति-संतुलन का संदेश

**परमात्मा पर अटूट भरोसा :** गुरुदेव ने कहा कि जीवन की आपाधापी के बीच यह विश्वास रखना अनिवार्य है कि ईश्वर हर क्षण हमारे साथ हैं। जब साधक को यह बोध हो जाता है कि उसकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति ईश्वर द्वारा ही की जाएगी, तब मन के भीतर का संघर्ष और इच्छाओं की दौड़ समाप्त हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईश्वर मेरे अपने हैं, यह दृढ़ श्रद्धा ही मन को सहज शांति प्रदान करती है।

**गहन विश्राम ही शिवरात्रि है :** महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री श्री ने कहा कि इस पर्व का वास्तविक अर्थ मन और आत्मा को 'गहन विश्रांति' (Deep Rest) की अवस्था में ले जाना है। जब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप में ठहर जाता है, तभी उसे असीम शांति का अनुभव होता है।

**भक्ति और एकत्व का मार्ग :** उन्होंने बताया कि केवल औपचारिक रूप से भजन गाना पर्याप्त नहीं है। जब कीर्तन और सत्संग पूरे हृदय, प्रेम और पूर्ण समर्पण के साथ किए जाते हैं, तब साधक और ईश्वर के बीच की दूरी मिट जाती है। चेतना के इस विलय से ही एकत्व का अनुभव होता है, जो आध्यात्मिक यात्रा का शिखर है।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने ध्यान और भजनों के माध्यम से भक्ति के इस सागर में डुबकी लगाई।

## बिहार : नीट छात्रा की मौत की जांच के लिए पैतृक गांव पहुंची सीबीआई, परिजनों से की पूछताछ

**जहानाबाद।** सीबीआई की एक टीम ने रविवार को बिहार के जहानाबाद में उस नीट अभ्यर्थी के पैतृक गांव का दौरा किया, जिसकी पिछले महीने पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर राज्य में सियासी तूफान खड़ा हो गया है।

सीबीआई के 31 जनवरी को मामले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने और प्राथमिकी दर्ज करने के कुछ दिनों बाद उसके अधिकारियों की एक टीम जहानाबाद में छात्रा के गांव पहुंची। नीट छात्रा छह जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित एक निजी छात्रावास में बेहोश अवस्था में मिली थी। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन कोमा में रहने के बाद उसकी मौत हो गई थी। छात्रा के परिवार ने उसके यौन उत्पीड़न का दावा करते हुए राज्य के अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में छात्रावास के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

- मकान की ली तलाशी, छात्रा का कुछ सामान भी कब्जे में लिया

## महाशिवरात्रि पर पहली किन्नर शंकराचार्य बनीं हिमांगी सखी, भोपाल में किया गया पट्टाभिषेक

**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किन्नर धर्म सम्मेलन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पट्टाभिषेक किया गया।

पुष्कर स्थित पुष्कर पीठ को देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में घोषित किया गया है। कार्यक्रम में किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास की उपस्थिति में यह घोषणा की गई। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और अनुयायी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान मुस्लिम धर्म अपना चुके 60 धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी कराए जाने का दावा भी किया गया। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। परंपरा के अंतर्गत चार जगद्गुरु और पांच महामंडलेश्वरों की भी घोषणा की गई। घोषित जगद्गुरुओं में काजल ठाकुर (भोपाल), तनीषा (राजस्थान), संजना सखी (भोपाल) और संचिता (महाराष्ट्र) शामिल हैं। वहीं महामंडलेश्वरों के रूप में सरिता भार्गव, मंजू, पलपल, रानी ठाकुर और सागर के नाम घोषित किए गए।

- पुष्कर पीठ को घोषित किया गया देश की पहली शंकराचार्य पीठ


# भारत बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था एआई शिखर समिट को उपयुक्त स्थान

● संरा प्रमुख बोले-कृत्रिम मेधा का पूरी दुनिया को मिले लाभ

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है।

इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से पूरी दुनिया को लाभ होना चाहिए, न कि यह केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार हो।



उन्होंने कहा कि मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और ग्लोबल साउथ के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें।

ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम 16 से 20 फरवरी तक है जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह लोग, धरती और प्रगति के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुतारेस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि एआई केवल सर्वाधिक विकसित देशों का विशेषाधिकार हो।

## पूर्वोत्तर की नई जीवन रेखा

# ट्विन ट्यूब टनल

भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली अंडरवाटर ट्विन-ट्यूब रेल-रोड टनल के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल असम बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। 18,662 करोड़ की लागत वाली यह सुरंग सामरिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। यह टनल केवल इंजीनियरिंग की उपलब्धि नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है। आने वाले समय में देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी टनल की सुविधा मिल सकती हैं जो अपनी भौगोलिक बनावट के कारण कनेक्टिविटी की चुनौतियों से जूझ रहे हैं।



### इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना

● मल्टी-मोडल एकीकरण : यह एक साथ सड़क और रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली भारत की पहली अंडरवाटर सुरंग होगी।

● हाई-स्पीड कनेक्टिविटी : यह असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की दूरी को वर्तमान 240 किमी से घटाकर मात्र 34 किमी कर देगी।

● समय की बचत : वर्तमान में गुवाहाटी से नुमालीगढ़ जाने में लगने वाला 6 घंटे का समय घटकर मात्र 20-30 मिनट रह जाएगा।

● सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्था : सुरंग में हर 500 मीटर पर क्रॉस-पैसेज बनाए जाएंगे ताकि आपात स्थिति में यात्रियों को निकाला जा सके।

### टनल की रूपरेखा

● कनेक्टिविटी : यह प्रस्तावित ट्विन ट्यूब टनल असम के गोपुर (एनएच-15) और नुमालीगढ़ (एनएच-715) इलाके को जोड़ेगी।

● लंबाई और विस्तार : परियोजना की कुल लंबाई लगभग 33 .7 किलोमीटर है। इसमें से मुख्य अंडरवाटर सुरंग की लंबाई 15 .79 किलोमीटर होगी।

● तकनीकी मॉडल : टनल का विकास ट्विन-ट्यूब टीबीएम मॉडल पर आधारित होगा। इसमें दो समानांतर सुरंगें होंगी, एक में 4-लेन की सड़क और दूसरी में रेलवे ट्रैक का प्रावधान होगा।

● विकास मॉडल : इसे ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा, जिसका अर्थ है कि डिज़ाइन और निर्माण की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

● दुनिया में दूसरी : यह दुनिया की दूसरी सुरंग होगी जिसमें सड़क व रेल दोनों होंगे। वर्तमान में ऐसी सुरंग तुर्की में यूराशिया टनल और मारमारे के रूप में संचालित है।

### सामरिक-आर्थिक महत्व

● सामरिक मजबूती : चीन के साथ लगती संवेदनशील सीमा के करीब होने के कारण, यह भारतीय सेना के लिए अहम होगी।

● रोजगार सृजन : सरकार के अनुसार, इस परियोजना से लगभग 80 लाख व्यक्ति-दिवस का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा।

● आर्थिक विकास : यह क्षेत्र के 11 आर्थिक केंद्रों, 8 लॉजिस्टिक हब और 2 हवाई अड्डों को जोड़ेगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

● एक्ट ईस्ट पॉलिसी : यह एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को मजबूती प्रदान करते हुए दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को गति देगी।

वर्तमान रूट की दूरी 240 किमी है, जिसे तय करने में 6 घंटे लगते हैं। नई टनल बनने के बाद यह दूरी सिमट कर 34 किमी और समय मात्र 20 मिनट रह जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### शांति संबंधी समझौते के लिए यूक्रेन तैयार

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो वास्तविक रूप से शांति लाएगा। यूक्रिनफॉर्म न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, ज़ेलेंस्की ने जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में एक भाषण के दौरान कहा, यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लिए, यूक्रेन के लिए, यूरोप के लिए असली शांति लाएगा। ज़ेलेंस्की ने कहा, इस संकट को सबसे पहले अस्मिता के साथ खत्म किया जा सकता है। कहा कि यूरोप असल में बातचीत के लिए मौजूद नहीं है।

### हिंद महासागर में यूएस ने जहाज को रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सशस्त्र बलों ने रातोंरात हिंद महासागर में राइट-ऑफ-विजिट अभियान के तहत एक पोत को रोककर उसकी तलाशी ली और उस पर सवार हो गए। अमेरिका के युद्ध विभाग ने रविवार को एक्स पर बताया कि एक्विला-2 राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कैरेबियाई क्षेत्र में प्रतिबंधित जहाजों के खिलाफ घोषित क्वारंटीन का उल्लंघन करते हुए परिचालन कर रहा था। विभाग ने बताया कि वे अग्रिम मोर्चे पर मातृभूमि की रक्षा करते हैं। अमेरिकी बलों ने हिन्द-प्रशांत कमान क्षेत्र में वेरोनिका-3 पोत रोका और उसकी तलाशी ली थी।

### पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

**काठमांडू।** नेपाल में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के सभी चारों कपाटों को रात दो बजे से खोल दिया गया। इस वर्ष मंदिर में लगभग आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है जिनमें से 30 प्रतिशत भारतीय हैं।

### नेपाल में चुनाव : 63 सूत्रीय आचार संहिता

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने पांच मार्च को होने वाले चुनावों से पहले 63 सूत्रीय आचार संहिता जारी करते हुए रविवार को राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से कहा कि वे 25,000 नेपाली रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन से ही लें। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार केवल दो मार्च तक ही प्रचार कर सकते हैं। आचार संहिता संबंधी आयोग के नोटिस में उल्लेखित 60 से अधिक बिंदुओं में से प्रमुख बिंदु यह है कि राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार 25,000 रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन के माध्यम से ही स्वीकार कर सकते हैं।

# भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर

## तारिक रहमान के सलाहकार बोले-पारस्परिक लाभ को मिलकर करें काम

● बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग के सत्ता से हटने के बाद भारत के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करने की इच्छा जताई है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों को पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए, जिसमें रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ शानदार जीत दर्ज की। कबीर ने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश में बीएनपी को मिले प्रचंड जनादेश के बाद बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना अब भारत की जिम्मेदारी है। कबीर ने कहा कि बदलाव भारत की सोच में आना चाहिए। शेख हसीना और अवामी लीग आज के बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं। जनता ने स्पष्ट रूप से बीएनपी के पक्ष में फैसला दिया है। कबीर ने अगस्त 2024 के जनविद्रोह के बाद भारत जा चुकीं हसीना को आतंकवादी करार देते हुए उन पर 1,500 से अधिक लोगों की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश की स्थिरता को प्रभावित करने के लिए हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं को अपनी जमीन इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में सहभागी में न दिखे।



### जमात ने लगाया मतगणना में गड़बड़ी का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11-दलीय गठबंधन के नेताओं ने आम चुनाव की मतगणना प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 32 निर्वाचन क्षेत्रों में फिर से मतगणना की मांग की है। गठबंधन का कहना है कि मतदान प्रक्रिया भले ही अधिकांशत : शांतिपूर्ण रही, लेकिन मतगणना के दौरान गंभीर खामियां सामने आईं। जमात-ए-इस्लामी के सहायक महासचिव हमीदुर रहमान आज़ाद ने गुरुवार को ढाका के आगारगांव स्थित निर्वाचन आयोग मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, शुरुआत अच्छी थी, लेकिन अंत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया, फर्जी वोट डाले गए, काले धन का प्रवाह हुआ और कई स्थानों पर डराने-धमकाने तथा झड़पों की घटनाएं हुईं। इन सबने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आज़ाद ने कहा कि कई स्थानों पर निष्पक्ष मतगणना के लिए आवश्यक माहौल मौजूद नहीं था।

### सभी देशों से चाहते हैं संतुलित संबंध

हुमायूं कबीर ने कहा कि हम संतुलित संबंध चाहते हैं। हम किसी एक देश के साथ विशेष संबंध नहीं रखेंगे और किसी भी समझौते का अनावश्यक खुलासा नहीं करेंगे। अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के साथ सांप्रदायिक हिंसा संबंधी चिंताओं को कबीर ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अगस्त विद्रोह के बाद पांच दिन तक बिना सरकार की अभूतपूर्व स्थिति के दौरान भी किसी ने अल्पसंख्यकों पर हमला नहीं किया। यह यहां की सांप्रदायिक सद्भावना को दर्शाता है। समस्या वैसी नहीं है, जैसी कभी-कभी प्रस्तुत की जाती है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। दिसंबर में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद समुदाय पर कई हमले हुए।

## रुबियो बोले अब रूस से तेल नहीं क्रय करेगा भारत

**म्यूनिख।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बार फिर दोहराया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदने से इनकार किया है। रुबियो ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शनिवार को कहा कि भारत ने स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा, जो कि वैश्विक बाजारों में रूस से ऊर्जा खरीदने पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और कूटनीतिक दबावों के बीच एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की वैश्विक भागीदारी की गहराई और संयुक्त लोकतांत्रिक राष्ट्रों के साथ सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों के बीच बड़े उपभोक्ता देशों द्वारा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और बाजारों की खोज तेज हुई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि भारत रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने पर सहमत हो गया है। तब से अमेरिका ने कई बार दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा।

# ईरान-अमेरिका में होगी अब दूसरे दौर की वार्ता

● परमाणु मद्दे को लेकर अब जिनेवा में बैठेंगे दोनों देश

तेहरान, एजेंसी

ईरान और अमेरिका मंगलवार को जिनेवा में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के दूसरे दौर में प्रवेश करेंगे। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त रवांची ने तेहरान में बीबीसी को दिए साक्षात्कार में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि किसी समझौते तक पहुंचने के लिए अमेरिका को अपनी गंभीरता साबित करनी होगी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका ईमानदारी दिखाता है, तो दोनों पक्षों के बीच पुनः शुरू हुई अप्रत्यक्ष वार्ताएं किसी समझौते तक पहुंच सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच वार्ता का पहला दौर छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। रवांची ने कहा कि ईरान की ओर से 60 प्रतिशत तक समृद्ध यूरेनियम को काफी हद तक निष्क्रिय करने की पेशकश इस बात का प्रमाण है कि देश समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा, यदि वे प्रतिबंधों पर बात करने को तैयार हैं, तो हम इस मुद्दे और अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान का मिसाइल कार्यक्रम गैर-परक्राम्य है और देश अपनी रक्षात्मक क्षमताओं से समझौता स्वीकार नहीं करेगा। रवांची ने ईरान की धरती पर यूरेनियम संवर्धन शून्य करने के सवाल पर कहा कि ईरान के लिए यह विषय अब एजेंडे में नहीं है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में अमेरिका के सैन्य जमावड़े की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि एक और युद्ध सभी के लिए त्रासदीपूर्ण होगा और आक्रमण शुरू करने वालों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### म्यूनिख में ईरान के खिलाफ प्रदर्शन

**म्यूनिख।** जर्मनी में वैश्विक नेताओं की एक बैठक के बीच शनिवार को यहां लगभग 2,50,000 लोगों ने ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ, जब निर्वासन में रह रहे ईरान के युवराज रेजा पहलवी ने तेहरान पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव का आह्वान किया है। ढोल बजाते और सत्ता परिवर्तन के नारे लगाते हुए म्यूनिख में विशाल रैली पहलवी द्वारा वर्णित ग्लोबल डे ऑफ एक्शन का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ईरानियों का समर्थन करना है। पहलवी ने लॉस एंजिलिस और टोरंटो में भी प्रदर्शनों का आह्वान किया।

## जम्मू-कश्मीर में म्यूल खाता नेटवर्क का किया भंडाफोड़

● आठ हजार से अधिक खातों से लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में म्यूल खातों के लगातार बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों को आशंका है कि इन खातों के माध्यम से भेजे गए धन का उपयोग अलगाववादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि तीन वर्षों की अवधि में इस क्षेत्र में संचालित 8,000 से अधिक म्यूल खातों की पहचान की गई है और इनसे लेन-देन रोक दिया गया है, जिससे धन शोधन के एक जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

उन्होंने इन खातों को साइबर अपराध श्रृंखला में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया, क्योंकि इन खातों के बिना हेरफेर किए गए पैसे का क्रिप्टोकरेंसी में बदलना और इसका पता लगाना असंभव होगा। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य कानून लागू करने वाली एजेंसियों को बैंकों के साथ परामर्श करने के लिए कहा है, ताकि म्यूल खातों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जा सके और ऐसी वित्तीय ठगी के बिचौलियों की पहचान की जा सके।

## आईएसएस पहुंचे 4 नए अंतरिक्ष यात्री

**केप कैनावेरल।** स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण समय से पहले धरती पर वापस लाए गए साथियों की जगह लेने के लिए चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए हैं। स्पेसएक्स ने शनिवार को अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के दल को केप कैनावेरल से रवाना किया और एक दिन बाद ये अंतरिक्ष यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचे। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से नासा ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वहां से निकासी कराई थी जो 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान के इतिहास में पहला मामला था। पिछले साल गर्मियों में स्पेसएक्स ने चार अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया था जिनमें से एक को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हुई और उन्हें शीघ्र लौटना पड़ा।

## अनियंत्रित हवाई क्षेत्रों का अध्ययन कर रही सरकार

● महाराष्ट्र विमान हादसे ने आकृष्ट कराया ध्यान

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार गैर-निर्धारित ऑपरेटर और अनियंत्रित हवाई पट्टियों द्वारा किए जा रहे उड़ान संचालन का गहन अध्ययन कर रही है, ताकि यह देखा जा सके कि किन क्षेत्रों में कदम उठाने की आवश्यकता है। गत 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले लियरजेट 45 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गैर-निर्धारित परिचालकों के उड़ान संचालन नियामक जांच के घेरे में आ गए हैं।

इस दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस महीने की शुरुआत में ही एनएसओपी का एक विशेष सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है। नायडू ने बताया कि नागर विमानन मंत्रालय एनएसओपी के साथ-साथ अनियंत्रित हवाई पट्टियों का भी गहन अध्ययन कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसओपी और अनियंत्रित हवाई पट्टियों के संबंध में जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, उन पहलुओं की जांच की जाएगी।

# महाराष्ट्र में एटीएस ने की 21 ठिकानों पर छापेमारी

● आतंकी संबंधों को लेकर एजेंसी ने की कई जिलों में कार्रवाई

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार रात से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 21 स्थानों पर छापेमारी की है। उन्हें खुफिया विभाग से सूचना मिली थी कि कुछ युवक आतंकवादी संगठनों के संपर्क में हैं। यह सूचना मिलने के बाद कि युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के प्रयास किए जा रहे हैं, यवतमाल जिले के पुसाद और उमरखेड़ में 14 स्थानों और अहिल्यानगर में सात स्थानों पर छापेमारी की गई।

सूत्रों के अनुसार, एटीएस सुबह से ही तलाशी अभियान चला रही है और पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया है। एटीएस ने अहिल्यानगर के मुकुंदनगर इलाके में आधी रात को छापेमारी की। जांच के अंतर्गत निवासियों से गुप्त रूप से पूछताछ की गई। मुकुंदनगर मुस्लिम बहुल इलाका है। पिछले दो-तीन वर्षों में, अहिल्यानगर कथित रूप से औरंगजेब का महिमामंडन करने और पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने जैसी घटनाओं के कारण चर्चा में रहा है। इससे पहले की रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के प्रयासों का संकेत मिला था। यवतमाल जिले में एटीएस की 20 टीमें तैनात की गई हैं। उमरखेड़ और पुसाद में संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है।

## लापता भारतीय छात्र मृत मिला

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक सप्ताह से भी कम समय पहले लापता हुआ 22 वर्षीय भारतीय स्नातकोत्तर छात्र मृत पाया गया है। भारतीय दूतावास ने यहां यह जानकारी दी। कर्नाटक निवासी और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पढ़ने वाले छात्र साकेत श्रीनिवासैया सोमवार से लापता थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने स्थानीय समयानुसार शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में छात्र के शव की बरामदगी की पुष्टि की। श्रीनिवासैया के प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वाणिज्य दूतावास ने कहा कि दूतावास परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है जिसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत ले जाने की व्यवस्था करना शामिल है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 17 .34 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- श्रवण 20 .47 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें। परिवार में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है। फालतू बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

**वृष** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है। धन के मामले में अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। परिजनों की सेहत की चिंता हो सकती है।

**मिथुन** – आज विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। रूढ़िवादी विचारों से बचें। तकनीक के प्रति आप थोड़े शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की थकावटी यात्रा हो सकती है।

**कर्क** – आज परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं।

**सिंह** – आज बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। व्यवसाय में प्रलोभनों से बचें। अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। भूतकाल की बातों को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे।

**कन्या** – आज कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिंतित रहेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर अत्यंत भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है, लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा। विदेश में रहने वाले परिजनों की चिंता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी।

**धनु** – आज मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न रहेगा। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी।

**मकर** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय से आपको लाभ होगा।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। नए रोजगार की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंसे रहेंगे।

## सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |



दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप में अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलने के काफी करीब पहुंच गई है। बल्लेबाज पूरी क्षमता से खेलने की कोशिश कर रहे है। गेंदबाज चतुराई से परिस्थितियों को समझने और आत्मविश्वास के साथ अपनी गेंदबाजी में विविधता ला रहे हैं।
–एडेन मार्करम


# स्टेडियम

मुरादाबाद, सोमवार, 16 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| यूएई–अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| इंग्लैंड–इटली | दोपहर 3 बजे |
| ऑस्ट्रेलिया–श्रीलंका | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

## यूएई के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगा अफगानिस्तान

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में सुपर ओवर की हार से आहत अफगानिस्तान सोमवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेगा। दोनों टीम अपने पिछले मुकाबलों में विपरीत परिणामों के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं। यूएई ने कनाडा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि अफगानिस्तान को अपने पिछले मैच में दो सुपर ओवर तक खींचे जाने के बावजूद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। इसे टी20 के सबसे शानदार मैचों में से एक बताया जा रहा है। दूसरी ओर अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद करीबी हार के बाद अपना खाता खोलने के लिए बेताब होगा।

## सुपर आठ में जगह पक्की करने उतरेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** दो बार का चैंपियन इंग्लैंड सोमवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप सी मैच में टी20 विश्व कप में पहली बार खेल रहे फुटबॉल के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इटली को हराकर सुपर आठ में जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगा। इंग्लैंड और इटली के बीच फुटबॉल पिच पर जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता है और दोनों टीमों के बीच कई यादगार मुकाबले खेले गए हैं। इसमें वेम्बले में यूरो 2020 फाइनल में इटली की पेनल्टी शूटआउट में जीत भी शामिल है। हालांकि सोमवार को यह प्रतिद्वंद्विता पहली बार फुटबॉल की जगह क्रिकेट में नजर आएगी और ईडन गार्डन्स इसका गवाह बनेगा। शनिवार को यहां इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच हुए मुकाबले के लिए 35 हजार से अधिक दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड की टीम धीरे-धीरे लय हासिल कर रही है। टीम हालांकि स्कॉटलैंड पर दबाव वाली जीत के बाद इस मैच में उतरेगी।

## स्मिथ को शामिल कर सकता है ऑस्ट्रेलिया

**पल्लीकल (श्रीलंका)।** चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मुकाबले में बिना किसी अगर मगर के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीद जीवित रखने के लिए अनुभवी स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल करने पर विचार कर सकती है। पिछले मैच में जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अब उन्हें सुपर आठ में पहुंचने के लिए ओमान और श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप तालिका में दो मैचों में दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में खेल रही 2021 की चैंपियन टीम जिम्बाब्वे से हार गई है।

# अपने ही जाल में फंसा पाकिस्तान स्पिनरों से 18 ओवर कराए

## टी-20 विश्व कप : लक्ष्य का पीछा करने में भी भारतीय गेंदबाजों का नहीं कर पाए सामना

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तान अपने ही जाल में फंस गया। रणनीति के तहत टॉस जीतने के बावजूद गेंदबजी का फैसला किया। 18 ओवर स्पिनरों कराए जिसमें सईम अयूब 25 रन पर तीन विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन लुटाए और उन्हें एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में 13 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। पंड्या ने पारी का पहला ओवर मेडन फेंका और साहिबजादा फरहान (00) को मिड ऑन पर रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। बुमराह की पहली गेंद पर सईम (06) ने छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गए। इसी ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान सलमान अली आगा (04) भी मिड ऑन पर पंड्या को बेहद आसान कैच दे बैठे। उस्मान ने पंड्या पर छक्के के साथ शुरुआत की और फिर अक्षर पर लगातार दो चौके मारे। अक्षर ने हालांकि इसी ओवर में बाबर आजम (05) को बोल्ड किया। उस्मान ने अक्षर के अगले ओवर में भी दो चौके मारे। पाकिस्तान के रनों का अर्धशतक आठवें ओवर में पूरा हुआ।

उस्मान 31 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर की गेंद पर तिलक वर्मा ने उनका कैच टपका दिया। उन्होंने इस ओवर में भी लगातार दो चौके मारे। अक्षर ने हालांकि उस्मान को जीवनदान का फायदा नहीं उठाने दिया और अगले ओवर में उन्हें इशान किशन के हाथों स्टंप करा दिया। उस्मान ने 34 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा। मोहम्मद नवाज (04) ने इसके बाद कुलदीप यादव की फुलटॉस पर दुबे को कैच थमाया। शादाब भी तिलक की पहली ही गेंद को लॉन्ग ऑफ पर दुबे के हाथों में खेल गए।



जीत का जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

पाकिस्तान को अंतिम पांच ओवर में 82 रन की दकरार थी और चक्रवर्ती ने लगातार गेंदों पर फहीम (10) और अबरार अहमद (00) को आउट किया जबकि पंड्या ने उस्मान तारिक (00) को बोल्ड करके भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा (10 रन पर एक विकेट) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पहले ओवर की अंतिम गेंद पर अभिषेक शर्मा (00) शाहीन शाह अफरीदी के हाथों कैच करा दिया। अभिषेक अब तक दोनों मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे हैं। इशान के अलावा भारत के अन्य बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन इस सलामी बल्लेबाज ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने शाहीन की शुरुआती दो गेंद पर छक्का और चौका मारा और फिर सलमान की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए।

तिलक ने भी शाहीन पर चौका जड़ने के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद का स्वागत छक्के के साथ किया। तिलक और इशान ने सईम पर चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 52 रन तक पहुंचाया। इशान ने अबरार पर लगातार तीन चौकों के साथ 27 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबलों का सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने अगले ओवर में लेग स्पिनर शादाब खान की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से 17 रन बटोरे।



कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा- यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाज़ी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाज़ी की। 155 का स्कोर मुक़ाबले को क़रीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

**77** रन **10** चौके
**40** गेंद **03** छक्के

**ईशान किशन, प्लेयर ऑफ़ द मैच** – विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं सिर्फ़ गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर काफ़ी काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुक़ाबला हमेशा ख़ास होता है।

### भारत

**175/7** (20 ओवर)

| बल्लेबाज | रन |
|---|---|
| इशान किशन बो सईम | 77 |
| अभिषेक का शाहीन बो सलमान | 00 |
| तिलक वर्मा पगबाधा बो सईम | 25 |
| सूर्यकुमार का सईम बो तारिक | 32 |
| हार्दिक पंड्या का बाबर बो सईम | 00 |
| शिवम दुबे रन आउट | 27 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 |
| अक्षर पटेल का सईम बो शाहीन | 00 |

**गेंदबाजी :** सलमान 2-0-10-1, शाहीन 2-0-31-1, सईम 4-0-25-3, अबरार 3-0-38-0, शादाब 1-0-17-0, नवाज 4-0-28-0, तारिक 4-0-24-1

### पाकिस्तान

**114/10** (18 ओवर)

- साहिबजादा का रिंकू बो पंड्या 00
- सईम अयूब पगबाधा बो बुमराह 06
- सलमान आगा का पंड्या बो बुमराह 04
- बाबर आजम बो अक्षर 05
- उस्मान खान स्टं इशान बो अक्षर 44
- शादाब खान का दुबे बो तिलक 14
- मो नवाज का दुबे बो कुलदीप 04
- फहीम का रिंकू बो चक्रवर्ती 10
- शाहीन शाह अफरीदी नाबाद 23
- अबरार अहमद पगबाधा बो चक्रवर्ती 00
- उस्मान तारिक बो पंड्या 00

**गेंदबाजी :** पंड्या 3-1-16-2, बुमराह 2-0-17-2, अक्षर 4-0-29-2, चक्रवर्ती 3-0-17-2, कुलदीप 3-0-14-1, तिलक 2-0-11-1, रिंकू 1-0-9-0

# नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर आठ में पहुंचा वेस्टइंडीज

**मुंबई, एजेंसी**

अनुभवी ऑलराउंडर जैसन होल्डर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उत्कृष्ट खेल के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में नेपाल को 28 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन की शानदार पारी खेली जिससे उनकी टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 133 रन बनाने में सफल रही। ऐरी ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। उनके अलावा सोमपाल कामी ने 15 गेंद पर चार चौकों की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में 15.2 ओवर में एक विकेट पर 134 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 44 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर ने चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की अटूट साझेदारी की।



नेपाल के आसिफ शेख का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते विंडीज के जेसन होल्डर (बाएं)।

- **नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन बनाए**

वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने छह अंक के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वह सुपर आठ में पहुंचने वाली पहली टीम है। इंग्लैंड चार अंक के साथ इस ग्रुप में दूसरे स्थान पर है।

## अमेरिका ने किया नामीबिया को परास्त

**चेन्नई।** संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 68) और कप्तान मोनांक पटेल (52) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां नामीबिया को 31 रन से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखा है।

लगातार दो जीत के साथ अमेरिका ने ग्रुप चरण को चार अंकों के साथ समाप्त किया और भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत और पाकिस्तान में से किसी के उलटफेर का शिकार होने पर वह सुपर आठ में पहुंच सकता है। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 199 रन बनाये जो टी20 विश्व कप में उसका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप की 39 गेंद में 58 रन की पारी के बावजूद नामीबिया की टीम छह विकेट पर 168 रन ही बना सकी। अमेरिका शानदार लय में चल रही है।

# केएल राहुल व पडिक्कल के शतकों से कर्नाटक मजबूत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ विशाल स्कोर की ओर बढ़ता दिख रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक ने दो विकेट के नुकसान पर 355 रन बना लिए।

टॉस जीतकर उत्तराखंड के कप्तान कुनाल चंदेला ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शुरुआती झटका कर्नाटक को 18 रन के स्कोर पर लगा, जब मयंक अग्रवाल पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरे क्रम पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने अनुभवी केएल राहुल के साथ मिलकर पारी को संभाला। राहुल और पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 394 गेंदों पर रिकॉर्ड 278 रन की साझेदारी कर मैच को अपनी ओर किया।

### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते लोकेश राहुल। अमृत विचार

दोनों बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए और उत्तराखंड के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसना पड़ा। केएल राहुल ने 153 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वह 141 रन बनाकर आदित्य रावत की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड आउट हुए। दूसरी ओर पडिक्कल 16 चौके और दो छक्कों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद लौटे। करुण नायर 37 रन बनाकर नाबाद रहे। उत्तराखंड की ओर से आदित्य रावत को दो विकेट मिले।

- **पहले दिन के खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने दो विकेट पर 355 रन बना लिए**

### बंगाल ने पांच विकेट पर बनाए 249 रन

**कल्याणी।** दिन के दूसरे सेमीफाइनल में सुदीप कुमार घरामी (नाबाद 136) रनों की शतकीय, कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (49) और शाहबाज अहमद (42) जुझारू पारियों की बदौलत बंगाल ने आज जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय पांच विकेट पर 249 रन बना लिए है।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

### महिला टी-20 मुकाबला

**सिडनी, एजेंसी**

तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया। अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई।

भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद में नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती अरुंधति रेड्डी। एजेंसी

भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2.2 ओवर में 22 रन बनाकर तेज शुरुआती की लेकिन बेथ मूनी (05) ने रेणुका की गेंद को हवा में लहराकर कवर्स में स्मृति मंधाना को कैच थमा दिया। दूसरी सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (10 गेंद में 18 रन) भी इसके बाद क्रांति गौड़ (39 रन पर एक विकेट) की बाहर की ओर जाती गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैठीं। एलिस पैरी (11 गेंद में 20 रन) और फोएबे लिचफील्ड (19 गेंद में 26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन की तेज साझेदारी करके पारी को संभाला।

## लोकेश ने इनडोर लॉन्ग जंप का रिकॉर्ड बनाया

**फेएटविले (अमेरिका)।** भारत के लोकेश सत्यनाथन शनिवार को अर्कांसस में टायसन इनविटेशनल 2026 में 8.01मी की ऐतिहासिक छलांग लगाकर इनडोर लॉन्ग जंप में आठ मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए।

ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में टैरलटन स्टेट के लिए मुकाबला करते हुए, 26 साल के लोकेश 16 एथलीटों के बीच आठवें स्थान पर रहे और एक नया भारतीय इनडोर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जिससे 2023 से जेसविन एल्ड्रिन के 7.97मी के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ। यह रिकॉर्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी पर निर्भर है। यह इवेंट अमेरिकी हर्डलर कॉर्डेल टिंच ने 8.29मी की छलांग के साथ जीता। जमैका के वर्ल्ड चैंपियन ताजय गेल 8.13मी के साथ चौथे स्थान पर रहे।

### मंथन

**कप्तान ने कहा-उनकी टीम को शीर्ष टीमों से और अधिक मैच खेलने की जरूरत**

# अफगानिस्तान के प्रदर्शन से राशिद निराश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

छोटे देशों को बड़ी टीमों के खिलाफ नियमित रूप से खेलने का मौका देने की वकालत करते हुए अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने रविवार को यहां कहा कि उनकी टीम को किस्मत का साथ नहीं मिला जिससे वे टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने की कगार पर है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में पांच विकेट से हार झेलने के बाद अफगानिस्तान को पिछले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो सुपर ओवर के बाद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था। इस नतीजे के बाद टीम ग्रुप डी में चौथे स्थान पर है और बाहर होने के करीब पहुंच गई है। राशिद ने सोमवार को यहां यूएई के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले कहा, मुझे नहीं लगता कि बहुत कुछ गलत हुआ। हमने अच्छा क्रिकेट खेला और थोड़े बदकिस्मत रहे। आपने पिछला मैच देखा, हम बहुत करीब थे, दूसरे सुपर ओवर तक पहुंचे। इससे पता चलता है कि हमने पूरी मेहनत की। उन्होंने कहा आपने कई मैच एकतरफा देखे होंगे। अगर एक टीम को बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता, तो ऐसा ही होता है। अगर हम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ ज्यादा टी20 खेलते तो हमें बेहतर अंदाजा होता कि वे हमें कहां मात दे सकते हैं और हम कहां सुधार कर सकते हैं। अगर आप साल में सिर्फ एक बार, वह भी विश्व कप में उनसे खेलते हैं तो गलती की कोई गुंजाइश नहीं रहती।" राशिद ने कहा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ नियमित द्विपक्षीय श्रृंखला न खेलने से विश्व कप मुकाबले अफगानिस्तान जैसी टीमों के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव वाले हो जाते हैं।



उन्होंने कहा अगर आप चार दिन में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच खेलते हैं तो आपका विश्व कप चार दिन में खत्म हो सकता है, जैसा हमारे साथ हुआ। हमने चार दिन में दो मैच गंवाए और लगभग बाहर हो गए। यह अलग तरह का दबाव है। मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। छोटी सी गलती और आप प्रतियोगिता से बाहर।

### टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा

अफगानिस्तान का सामना अब सोमवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) से होगा। राशिद ने कहा कि टीम को प्रतियोगिता में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, "विश्व कप मैच में आप हमेशा पूरी ताकत झोंकते हैं, क्योंकि विश्व कप जीतना बड़ी बात है। राशिद ने कहा हमने यूएई के खिलाफ काफी खेला है, वहां द्विपक्षीय श्रृंखला भी खेली है। हमारे खिलाड़ी आईएलटी 20 में भी खेले हैं। हम हालांकि यह नहीं सोच सकते कि हम आसानी से जीत जाएंगे क्योंकि हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सुपर ओवर खेले। टी20 में अगर दो बल्लेबाज या दो गेंदबाज अच्छा स्पेल डाल दें, तो मैच हाथ से निकल जाता है। वापसी का ज्यादा समय नहीं मिलता।